अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के आयुक्त की

वार्षिक रिपोर्ट 1956–57

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के आयुक्त की

वार्षिक रिपोर्ट

१९५६-५७

(छटी रिपोर्ट)

दूसरा भाग

परिशिष्ट

ल० सं० श्रीकान्त

परिशिष्टों की सूची

परिशिष्ट १

तालिका नं० १

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के कमिश्नर के कार्यालय की व्यवस्था को प्रदर्शित करने वाली तालिका

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के कमिश्नर

- निजी सैक्शन
  (निजी मंत्री १, निजी सहायक १
  टाइपिस्ट-क्लर्क १, जमादार १
  चपरासी १)

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के सहायक कमिश्नर
(प्रधान कार्यालय)

- ...ा सैक्शन
  ...न
  ...ारी १
  ... ४
  ...डिवीजन
  ... १
  ...डिवीजन
  ... ३
  ... १
  ...सी १
  ...कार
  ...र: १
  ... १
  ... १)

- सामान्य सैक्शन
  (सैक्शन
  अधिकारी १
  सहायक २
  अपर डिवीजन
  क्लर्क १
  लोअर डिवीजन
  क्लर्क ४
  दफ्तरी १
  चपरासी १)

- विकास सैक्शन I
  (सैक्शन
  अधिकारी १
  सहायक २
  अन्वेक्षक २
  अपर डिवीजन
  क्लर्क १
  लोअर डिवीजन
  क्लर्क ४
  दफ्तरी १
  चपरासी १)

- विकास सैक्शन II
  (सैक्शन
  अधिकारी १
  सहायक २
  अपर डिवीजन
  क्लर्क १
  लोअर डिवीजन
  क्लर्क ३
  दफ्तरी १
  चपरासी १)

- शोध सैक्शन I
  (शोध अधिकारी १
  सहायक १
  अन्वेक्षक २
  ग्राफिस्ट १
  लोअर डिवीजन
  क्लर्क ३
  दफ्तरी १
  चपरासी १)

- शोध सैक्शन II
  (शोध अधिकारी १
  अन्वेक्षक २
  लोअर डिवीजन
  क्लर्क ३
  दफ्तरी १
  चपरासी १)

प्रादेशिक कार्यालय

- ...और राज- ... के लिए ...चित जातियों ... अनुसूचित ...जातियों के ...क सहायक ...र, बड़ौदा
- उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश के लिए अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम-जातियों के प्रादेशिक सहायक कमिश्नर, दिल्ली
- मध्यप्रदेश के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों के प्रादेशिक सहायक कमिश्नर, नागपुर
- केरल, मद्रास और मैसूर के लिए अनुसूचित जातियों के प्रादेशिक सहायक कमिश्नर, मद्रास
- बिहार और पश्चिमी बंगाल के लिए अनुसूचित जातियों व अनुसूचित आदिमजातियों के प्रादेशिक सहायक कमिश्नर, राँची
- आसाम, मणिपुर और त्रिपुरा के लिए अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम-जातियों के प्रादेशिक सहायक कमिश्नर, शिलांग
- आन्ध्रप्रदेश और उड़ीसा के लिए अनुसूचित आदिम-जातियों के प्रादेशिक सहायक कमिश्नर, विशाखापटनम्

नोट :—(१) प्रत्येक प्रादेशिक कार्यालय में स्टाफ इस प्रकार है :—
सुपरिटेंडेंट १, अपर डिवीजन क्लर्क २, शीघ्रलिपि-लेखक १, लोअर डिवीजन क्लर्क २, चपरासी ३, चौकीदार-सफैया १

(२) शिलाँग स्थित अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के प्रादेशिक सहायक कमिश्नर को स्टाफ कार के लिए एक ड्राइवर भी दिया गया है।

परिशिष्ट

तालिक

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के हितों क

आंध्र

समाज कल्याण

(व्यवस्थ

सचिव, समाज कल्य

१. आदिवासी कल्याण का संचालक

निजी सहायक

आदिवासी कल्याण (मुख्यालय) का उपसंचालक जो तेलंगाना क्षेत्र का प्रवास अधिकारी भी है

सहायक संचालक

हिसाब अधिक

२. आदिवासी कल्याण के लिए प्रादेशिक अधिकारी

१. आंध्र प्रदेश

आदिवासी कल्याण का उपसंचालक, विशाखापटनम् (डिप्टी कलेक्टर के पद का) श्रीकाकुलम और विशाखापटनम् एजेन्सियों का अधिकारी

आदिवासी कल्याण के उपसंचालक भद्राचलम (डिप्टी कलेक्टर के पद का) पूर्वी गोदावरी तथा पश्चिमी गोदावरी एजेन्सियों का अधिकारी

२. तेलंगाना प्रदेश

७ विशेष समाज सेवा अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर के पद के), योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए क्षेत्रीय स्टाफ

७ समाज सेवा अधि (तहसीलदार के पद

एजेन्सी विकास कार्य को उत्तेजन देने की दृष्टि राज्य में फरवरी, १९५६ में आदिवासी कल्याण का पृथक डायरेक्टरेट स्थापित किया गया, जिसका संचा विभाग का प्रधान है, जो जिले के कलेक्टर के पद का है संचालक की सहायता के लिए एक उप-संचालक (मुख्य लय) है, जो प्रवास अधिकारी भी है और तेलंगाना प्रदे का अधिकारी है। आदिवासी कल्याण के जो अन्य उ संचालक (प्रादेशिक अधिकारी भी हैं, जो डिप्टी कले ग्रेड के हैं और उनमें से एक श्रीकाकुलम् तथा विशा पटनम् एजेन्सी तथा दूसरा पूर्वी गोदावरी और पश्चि गोदावरी एजेन्सी का अधिकारी हैं) आदिवासी कल्य के संचालक की सहायता के लिए मुख्यालय में एक नि सहायक (डिप्टी कलेक्टर के ग्रेड का) एक उप-संचाल तथा एक हिसाब अधिकारी हैं। तेलंगाना प्रदेश (मुख्य

१

नं० २

देख-भाल करने के लिए राज्यों में वैधानिक व्यवस्था को प्रदर्शित करने वाली तालिका

प्रदेश

तथा श्रम विभाग

का व्यौरा)

तथा श्रम विभाग

१. सामाजिक कल्याण का संचालक तथा अनुसूचित जातियां छात्रवृत्ति बोर्ड का मंत्री

निजी सहायक (डिप्टी कलेक्टर के पद का)

सहायक सचिव, अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति बोर्ड

हिसाब अधिकारी

शिशु संरक्षण अधिकारी (पुरुष)

शिशु संरक्षण अधिकारी (स्त्रियां)

२. सहायक कल्याण के लिए प्रादेशिक अधिकारी

लय) के उप-संचालक की सहायता के लिए ७ विशेष सामाजिक सेवा अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर के ग्रेड के तथा ७ समाज-सेवा अधिकारी तहसीलदार के ग्रेड के हैं।

समाज कल्याण का एक पृथक डायरेक्टरेट है, जिसका संचालक विभाग का प्रधान है। इसकी सहायता के लिए एक निजी सहायक, डिप्टी कलेक्टर के ग्रेड का, एक सहायक मंत्री, अनुसूचित जातियाँ छात्रवृत्ति बोर्ड, शिशु संरक्षण अधिकारी (पुरुष) शिशु संरक्षण अधिकारी (स्त्रियां) और एक हिसाब अधिकारी हैं। पुराने आन्ध्र प्रदेश में एक अतिरिक्त जिला कल्याण अधिकारी (गजेटेड) और ११ जिला कल्याण अधिकारी (नान-गजेटेड पद के) हैं। तेलंगाना प्रदेश में ६ विशेष समाज-सेवा अधिकारी (गजेटेड) और ५ समाज सेवा अधिकारी (नान-गजेटेड पद के) हैं।

आसाम

आदिवासी क्षेत्र विभाग

(व्यवस्था का व्यौरा)

सचिव, आदिवासी क्षेत्र विभाग
|
अवर सचिव
|
२ विशेष अधिकारी

यह विभाग एक सचिव की देख-रेख में चलता है
इसका कार्य राज्य के आदिवासी क्षेत्रों (स्वशासित जि
की सामान्य व्यवस्था करना है, जिसमें जिला परिषदों
प्रादेशिक परिषदों की समस्याएं, केन्द्रीय अनुदान से सं
लित विकास योजनाएं और राज्य के गैर-स्वशा
जिलों के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजाति
तथा अन्य पिछड़े वर्गों का सामान्य कल्याण सम्मिलित
इस विभाग को राज्य के "सामाजिक कल्याण" का व
भी सपुर्द कर दिया गया है, जो पहले योजना तथा वि
विभाग द्वारा चलाया जाता था ।

बिहार

कल्याण विभाग

(व्यवस्था का व्यौरा)

सचिव
|
(१) उप सचिव व समाज कल्याण निदेशक

अवर सचिव | अतिरिक्त अवर सचिव | ४ गजेटेड पद के डिविजनल कल्याण पदाधिकारी (डिविजनल कमिश्नरों के नियन्त्रण और अधीक्षण में) | पंजीयक

(डिविजनल कल्याण पदाधिकारी के अधीन:)

१८ जिला हरिजन कल्याण पदाधिकारी (अपने-अपने जिला पदाधिकारियों के नियन्त्रण में)
|
१०७ खण्ड सेवक

५ जिला आदिवासी कल्याण पदाधिकारी (गजेटेड) डिप्टी कमिश्नरों के नियन्त्रण में
|
सहायक जिला आदिवासी कल्याण पदाधिकारी
|
३९४ थाना कल्याण पदाधिकारी

यह विभाग एक सचिव के अधीन काम करता
जिसकी सहायता प्रधान कार्यालय में एक उप-सचिव
समाज कल्याण निदेशक, एक अवर सचिव और एक पंजी
यक करते हैं । राज्य के प्रत्येक डिविजन में एक-ए
के हिसाब से डिविजन की अनुसूचित जातियों के कल्या
की देख-भाल करने के लिए डिविजनल कमिश्नरों
नियन्त्रण और अधीक्षण में गजेटेड पद के ४ डिविज
कल्याण पदाधिकारी हैं और अपने-अपने जिला प
धिकारियों के नियन्त्रण में जिला सारन, चम्पा
मुजफ्फरपुर, पटना, शाहाबाद, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णि
संथाल परगना, सहरसा, रांची पालामऊ, धनबाद औ
सिंहभूम जिले में एक-एक और दरभंगा तथा गया जि
में से प्रत्येक में दो-दो के हिसाब से कुल १८ जिल
कल्याण पदाधिकारी हैं । हजारीबाग में हरिजनों
कल्याण कार्यक्रम को क्रियान्वित करने में डिविजन
कल्याण पदाधिकारियों की सहायता के लिए अंचल अधि
कारी योजना लागू करने से जिला हरिजन कल्याण पद
धिकारी की सेवाओं की आवश्यकता नहीं रही है । कि
जिला हरिजन कल्याण पदाधिकारी अपने काम के अति
रिक्त आदिवासी कल्याण कार्य के भी प्रभारी हैं । जिस
संथाल परगना और छोटा नागपुर डिविजन को छोड़क

(२) पिछड़े वर्ग कल्याण पदाधिकारी

- (पिछड़ी हुई मुस्लिम जातियों के कल्याण की देख-भाल करने के लिए सुपरिन्टेंडेंट का एक गजेटेड पद और ४ सुपरवाइजर के नान-गजेटेड पद पुनः जारी किये गये हैं)
- थारू और धांगरों के कल्याण की देख-भाल करने के लिए विशेष पदाधिकारी

(३) पहाडिया कल्याण पदाधिकारी

- १. खडिया कल्याण पदाधिकारी
  २. ३ कल्याण पदाधिकारी
  ३. सुपरवाइजर, खडिया सहकारी समिति
- ताना भगतों के लिए कल्याण पदाधिकारी

शेष सारे राज्य में हरिजनों के कल्याण सम्बन्धी कार्यक्रम को क्रियान्वित करने में जिला हरिजन कल्याण पदाधिकारियों की सहायता करने के लिए १०७ खण्ड सेवक हैं। कुछ क्षेत्रों में खण्ड सेवक अपने काम के अतिरिक्त अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण कार्य की भी देख-भाल करते हैं। अपने-अपने डिप्टी कमिश्नरों के नियन्त्रण में छोटा नागपुर डिविजन और संथाल परगने के जिलों में से प्रत्येक में हजारीबाग को छोड़कर, जहां कि अंचल अधिकारी योजना लागू हो जाने से जिला आदिवासी कल्याण पदाधिकारी का पद हटा दिया गया है, एक-एक के हिसाब से जिला आदिवासी कल्याण पदाधिकारियों के ५ गजेटेड पद हैं। उनमें से कुछ अनुसूचित जातियों के कल्याण की भी देख-भाल करते हैं। जिला संथाल परगना में नान-गजेटेड पद का एक सहायक जिला आदिवासी कल्याण पदाधिकारी भी है। जिला आदिवासी हरिजन कल्याण पदाधिकारियों की सहायता करने के लिए ३९४ थाना कल्याण पदाधिकारी, जिनमें से प्रत्येक इन प्रदेशों में स्थित एक या दो अनाज के गोलों का प्रभारी है। वे अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के अन्य कल्याण सम्बन्धी उपायों की ओर भी ध्यान देते हैं। संथाल परगने के डिप्टी कमिश्नर के अधीन पहाडिया कल्याण के लिए गजेटेड पद का एक विशेष पदाधिकारी भी नियुक्त किया गया है। सिंहभूम जिले में खड़ियों के पुनर्वास की योजना का अधीक्षण करने के लिए एक खडिया कल्याण पदाधिकारी और रांची, सिंहभूम और संथाल परगना जिलों में पुनर्वास की योजनाओं का अधीक्षण करने के लिए एक-एक कल्याण पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने ताना भगतों के जिन्होंने भारत के गत स्वतन्त्रता आन्दोलन में महत्वपूर्ण बलिदान दिये थे, कल्याण के लिए भी एक विशेष पदाधिकारी नियुक्त किया है। चम्पारण जिले में राज्य के सब से अधिक पिछड़े हुए वर्गों थारू और धांगरों के कल्याण की देख-भाल के लिए पिछड़े वर्गों के लिए एक विशेष पदाधिकारी है। यह पदाधिकारी चम्पारण के जिला पदाधिकारी के अधीन है। राज्य सरकार ने पिछड़ी मुस्लिम जातियों के कल्याण की देख-भाल के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ एक सुपरिन्टेंडेंट और ४ नान-गजेटेड सुपरवाइजर नियुक्त किये हैं। सिंहभूम जिले में सरकारी खर्च पर बनाई गई खडिया बस्तियों में सहकारी समितियों के संगठन के लिए एक सुपरवाइजर है।

बम्बई

पिछड़े वर्ग विभाग
(व्यवस्था का ब्यौरा)

पिछड़े वर्ग विभाग, सचिवालय के श्रम तथा समाज कल्याण विभाग के प्रशासनात्मक नियन्त्रण में हैं। प्रधान कार्यालय में छड़े वर्ग कल्याण निदेशक की सहायता पिछड़े वर्ग कल्याण के सहायक निदेशक की श्रेणी में एक निजी सहायक द्वारा की जाती । इसके अतिरिक्त पिछड़े वर्ग कल्याण के ३ सहायक निदेशक हैं। यह पद शिक्षा, सहकारिता तथा राजस्व विभागों के श्रेणी १ था २ के उपयुक्त पदाधिकारियों का स्थानान्तरण करके भरे जाते हैं। पुराने बम्बई राज्य के क्षेत्रो में द्वितीय श्रेणी के मामलतदारों पद के २३ पिछड़े वर्ग कल्याण पदाधिकारी हैं जिनमें से प्रत्येक एक जिले का प्रभारी होता है (नासिक तथा डांग जिलों छोड़कर जो कि एक पिछड़े वर्ग कल्याण पदाधिकारी के अधीन है)। महाराष्ट्र और गुजरात के लिए दो प्रादेशिक खानाबदोश ादिमजाति कल्याण पदाधिकारी भी हैं, जोकि विशेषरूप से खानाबदोश आदिमजातियों के कल्याण के लिए नियुक्त किये गये हैं। राने बम्बई राज्य के क्षेत्र में पिछड़े बर्ग विभाग को सामान्यतया कार्य-पालिका का काम नहीं सौपा जाता और इनका काम मुख्यतया म्बद्ध विभागों के काम का पिछड़े वर्गों के कल्याण सम्बन्धी कार्यों के साथ समन्वय स्थापित करना है। किसी क्षेत्र विशेष में किसी ार्यक्रम को क्रियान्वित करना उस विभाग का उत्तरदायित्व है।

विदर्भ प्रदेश में अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण सम्बन्धी कार्य की देख-भाल आदिमजाति कल्याण के प्रभारी ादेशिक पदाधिकारी द्वारा की जाती है, जिसकी सहायता ३ क्षेत्र संगठनकर्त्ता (आदिमजातियों के लिए) एक सुपरवाइजर कुटीर उद्योग लिए और १४ सर्किल संगठनकर्त्ता करते हैं। पिछड़े वर्गों के कल्याण सम्बन्धी कार्य का अधीक्षण एक क्षेत्र संगठनकर्त्ता द्वारा किया ाता है, जिसकी सहायता एक सर्किल संगठनकर्त्ता करता है। अस्पृश्यता-निवारण सम्बन्धी योजनाओं का कार्य विदर्भ प्रदेश के समाज ल्याण के प्रभारी प्रादेशिक पदाधिकारी द्वारा देखा जाता है, जो कि श्रम तथा समाज कल्याण विभाग के ही प्रशासनात्मक नियन्त्रण में । इस काम की देखभाल समाज कल्याण की विभिन्न योजनाओं के निष्पादन के लिये नियुक्त लिये गय समाज कल्याण कर्मचारियों ारा की जाती है।

पुराने सौराष्ट्र राज्य में, अनुसूचित आदिमजातियों तथा अनुसूचित जातियों के कल्याण सम्बन्धी कार्य की देख-भाल राष्ट्र पिछड़े वर्ग बोर्ड द्वारा की जाती है, जोकि एक स्वायत्तशासी संविहित बोर्ड है। बोर्ड स्वयं तथा लोगों के सहयोग से ऐसे कार्य रता है, जिससे पिछड़े वर्गों की सामाजिक, शिक्षा सम्बन्धी तथा आर्थिक उन्नति हो। सौराष्ट्र पिछड़े वर्ग बोर्ड ने दिसम्बर १९५३ से र्य करना आरम्भ किया और कल्याण सम्बन्धी सारी योजनाएँ बोर्ड के द्वारा क्रियान्वित की जा रही हैं। विभाग का प्रभारी मंत्री बोर्ड प्रधान है। उप-प्रधान गैर-सरकारी सदस्यों में से चुना जाता है। बोर्ड में कुल १५ सदस्य हैं, जिनमें से ११ गैरसरकारी हैं, जो ाने प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्त्ता हैं। बोर्ड की बैठक प्रति तीन मास में भविष्य की योजनाओं पर विचार करने के लिए होती है। शिष्ठ कल्याण सम्बन्धी योजनाओं को क्रियान्वित करने की देखभाल के लिए नियुक्त की गई उप-समितियों की बैठकें भी समय-मय पर होती हैं और इस प्रकार गैर-सककारी सदस्य कल्याण सम्बन्धी कार्यों को क्रियान्वित करने के बारे में निकट सम्पर्क में रहते । पिछड़े वर्ग पदाधिकारी इस बोर्ड का सचिव है। वह कार्यालय के प्रशासन तथा विभिन्न कल्याण सम्बन्धी योजनाओं को क्रिया-वित करने की देख-भाल करता है। पिछड़े वर्ग पदाधिकारी की सहायता दो सहायक पिछड़े वर्ग पदाधिकारी, एक योजना अधिकारी, प्रचार पदाधिकारी, और एक गवेषणा पदाधिकारी करते हैं, जो कि सब के सब केन्द्रीय कार्यालय में मामलतदार की श्रेणी के होते हैं ला पदाधिकारियों (पाँच) का अधीक्षण जिला पिछड़े वर्ग पदाधिकारी (पांच) अवैतनिक रूप से करते हैं, क्योंकि वे जिला पंचायत ाधिकारी भी हैं। उनकी सहायता महालकारियों की श्रेणी के सहायक जिला पिछड़े वर्ग पदाधिकारी करते हैं। संचालक कई शिक्षा बन्धी तथा सांस्कृतिक केन्द्र चलाते हैं और इसके अतिरिक्त बोर्ड के ग्राम सम्बन्धी कार्यों की देख-भाल करने के लिए २६ क्षेत्र कार्यकर्त्ता युक्त हैं।

मराठवाड़ा प्रदेश में अनुसूचित आदिमजातियों तथा अनुसूचित जातियों के कल्याण सम्बन्धी कार्य की देखभाल एक विशेष ाज सेवा पदाधिकारी और ४ समाज सेवा पदाधिकारी करते हैं, जिनमें से प्रत्येक एक जिले का प्रभारी है। ये पदाधिकारी अपने र्मचारियों के साथ जिनमें क्षेत्र कार्यकर्त्ता जैसे समाज सेवा निरीक्षक, समाज सेवा संगठक, सहकारिता निरीक्षक, समाज-सवक आदि म्मलित हैं, अपने-अपने क्षेत्रों में कल्याण सम्बन्धी-योजनाओं की देख-भाल करते हैं।

पिछड़े वर्ग पदाधिकारी, कच्छ पिछड़े वर्ग कल्याण निदेशक के सीधे नियन्त्रण में काम करता है और अनुसूचित आदिम-तियों तथा अनुसूचित जातियों के लिए विभिन्न कल्याण सम्बन्धी योजनाओं के क्रियान्वित करने की देख-भाल करता है।

मध्य प्रदेश

आदिमजाति कल्याण विभाग

※(व्यवस्था का व्यौरा)

(१)

सचिव, आदिमजाति कल्याण
योजना तथा विकास विभाग
और विकास कमिश्नर
|
निदेशक आदिम जाति कल्याण
|
अवैतनिक राज्य संगठनकर्ता
|
दो सहायक निदेशक

२ डिवीजनल संगठनकर्ता — २ संगठनकर्ता प्रकाशन तथा प्रचार के लिए — सुपरवाइजर कुटीरोद्योग

४ क्षेत्र संगठनकर्ता (पिछड़े वर्गों के लिए)
|
४ सर्किल संगठनकर्ता

११ क्षेत्र संगठनकर्ता (आदिमजातियों के लिए)
|
६१ सर्किल संगठनकर्ता

(२)

सचिव, समाज कल्याण, खाद्य,
सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा श्रम
|
समाज कल्याण निदेशक
(अस्पृश्यता निवारण के लिए)

आदिमजाति कल्याण विभाग अनुसूचि
जातियों और पिछड़े वर्गों के कल्याण सम्बन्धी
है और सरकार के एक अवर सचिव के अधीन
सहायता एक निदेशक करता है। श्री पी० जी
अवैतनिक राज्य संगठनकर्त्ता, आदिमजाति कल्य
नाओं को क्रियान्वित करने का प्रभारी है। दो
निदेशक तथा दो डिविजनल संगठनकर्त्ता, निदेशक
यता करते हैं। आदिमजातियों के कल्याण सम्ब
११ क्षेत्र संगठनकर्त्ताओं को सौंपे हुए हैं, जिनकी
६१ सर्किल संगठनकर्त्ता करते हैं। प्रकाशन औ
के लिए भी २ संगठनकर्त्ता हैं, कुटीरोद्योग के
सुपरवाइजर है। पिछड़े वर्गों की कल्याण
नाओं को कार्यान्वित करने के अधीक्षण
संगठनकर्त्ताओं को सौंपा हुआ है, जि
सर्किल संगठनकर्त्ता करते हैं।

अस्पृश्यता-निवारण सम्बन्धी यो
समाज कल्याण निदेशक, मध्य प्रदेश, नागपु
रहा है, जो कि सरकार की समाज-कल्य
जनिक स्वास्थ्य और श्रम विभागों के स

※३१ नवम्बर १९५६ से पहले की। आदिमजाति कल्याण विभाग की बाद की व्यवस्था का व्यौरा नहीं दिया

मद्रास

हरिजन कल्याण विभाग

(व्यवस्था का व्यौरा)

सचिव, उद्योग, श्रम
तथा सहकारिता
|
निदेशक, हरिजन कल्याण
|
निजी सहायक
(डिप्टी कलेक्टर के वेतन क्रम में)

७ जिला कल्याण पदाधिकारी (डिप्टी कलेक्टर की श्रेणी से लिए गए, अपने-अपने कलेक्टरों के अधीन काम करते हैं) — विशेष डिप्टी कलेक्टर कल्लरों के सुधार की देख-भाल करने के लिए) — ५ जिला कल्याण पदाधिकारी (वरिष्ठ तहसीलदारों की श्रेणी से लिए गए, अपने-अपने कलेक्टरों के अधीन काम करते हैं)

यह विभाग एक निदेशक के अधीन है
यता डिप्टी कलेक्टर की श्रेणी का एक
करता है। हरिजन कल्याण निदेशक कले
जो मद्रास नगर को छोड़ कर, जहाँ प
काम का प्रभारी है, जिलों में सीधे काम
समन्वय स्थापित करता है। कलेक्टरों के
कल्याण पदाधिकारी करते हैं, जोकि ७
में डिप्टी कलेक्टरों की श्रेणी से लिए जाते
पाँच जिलों में वरिष्ठ तहसीलदारों की श्र
जिले में तहसीलदार की श्रेणी के जिल
धिकारी के अतिरिक्त एक विमुक्त आदि
के सुधार की देख-भाल करने के लिए एक
कलेक्टर हैं। दक्षिण अर्काट जिले के
विमुक्त जातियों की बस्ती का प्रशासन भी
निदेशक ने पुलिस विभाग से अपने हाथ में

९

मैसूर

समाज कल्याण विभाग

(व्यवस्था का व्यौरा)

समाज कल्याण निदेशक अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण सम्बन्धी कार्यों को संगठित करने के लिए उत्तरदायी विभाग का अध्यक्ष है और प्रधान कार्यालय में एक सहायक निदेशक उसकी सहायता करता है। इसके अतिरिक्त मैसूर में (मैसूर खण्ड के लिए) और धारवाड में (धारवाड खण्ड के लिए) क्रमशः दो सहायक निदेशक नियुक्त हैं। जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी हैं, जिनकी सहायता उनके कार्यवाहक कर्मचारी करते हैं।

हैदराबाद क्षेत्र (गुलबर्गा, रायचूर और बीदर)

प्रत्येक जिले के लिए एक जिला पदाधिकारी है, जिसे विशेष समाज सेवा पदाधिकारी (केवल गुलबर्गा में) अथवा समाज सेवा पदाधिकारी कहते हैं। उनकी सहायता निरीक्षक अथवा संगठनकर्त्ता करते हैं। इसके आगे प्रत्येक दो तालुकों के लिए एक-एक समाज-सेवक अथवा ग्राम-स्तर कार्यकर्त्ता है।

बम्बई क्षेत्र (धारवाड़, बेलगाँम, बीजापुर और उत्तर कनारा)

यहाँ एक जिला पदाधिकारी है, जिसे पिछड़े वर्ग कल्याण पदाधिकारी कहते हैं, जिसकी सहायता सचिवालय के कर्मचारी करते हैं।

दक्षिण कनारा

यहाँ सहायता सम्बन्धी कार्य की देख-भाल कलेक्टर करता है। वह समाज कल्याण निदेशक के लिए उत्तरदायी होता है। एक जिला पदाधिकारी है, जो नान-गजेटेड पद का है और जिसे जिला हरिजन कल्याण पदाधिकारी कहते हैं, जिसके अधीन विशेष राजस्व निरीक्षक है। सहायक महिला कल्याण पदाधिकारी जिसकी सहायता महिला संगठन कर्त्रियाँ करती हैं, सभी जातियों की महिलाओं तथा बच्चों की दशा सुधारने के लिए उत्तरदायी है। यह विशेष बात केवल दक्षिण कनारा में है और यह कार्य राज्य पुनर्गठन के पश्चात् समाज कल्याण निदेशक के नियंत्रण में लाया गया था।

कुर्ग

सहायक विकास कमिश्नर कल्याण सम्बन्धी कार्यों का अधीक्षण करता है और समाज कल्याण निदेशक के प्रति

उत्तरदायी है । एक जिला पदाधिकारी हैं, जिसे पिछड़े वर्गों का कल्याण पदाधिकारी कहते हैं । यह गजेटेड श्रेणी का है और विभिन्न तालुकों में कल्याण सहायक इसकी सहायता करते हैं ।

पुराना मैसूर (बंगलौर, मैसूर, टुमकूर, कोलार, हासन शिमोगा, चित्तलदुर्ग, चिकमगलूर, मंडया और बेल्लारी)

डिप्टी कमिश्नर कल्याण सम्बन्धी कार्यों के प्रभारी हैं और समाज कल्याण निदेशक के प्रति उत्तरदायी हैं । प्रत्येक जिले के लिए जिला पदाधिकारी भी हैं, जिसे दलित वर्गों के लिए विशेष पदाधिकारी भी कहते हैं, जो डिप्टी कमिश्नर की सहायता करता है । तालुकों में अमलदार हैं, जो कल्याण सम्बन्धी कार्यों के प्रभारी हैं और प्रत्येक तालुके में एक-एक विशेष राजस्व निरीक्षक उनकी सहायता करते हैं ।

उड़ीसा

आदिमजाति तथा ग्रामीण कल्याण विभाग

(व्यवस्था का ब्यौरा)

सचिव, आदिमजाति तथा ग्रामीण कल्याण
(इसका पद निदेशक भी है)
|
उप-सचिव, आदिमजाति तथा ग्रामीण कल्याण
(इसका पद उप-निदेशक भी है)
|
अवर सचिव, आदिमजाति तथा ग्रामीण कल्याण
|

अवैतनिक ग्रामीण कल्याण पदाधिकारी (प्रधान कार्यालय में)	सहायक निदेशक, आदिमजाति तथा ग्रामीण कल्याण (प्रधान कार्यालय कोरापुट में)	सहायक निदेशक, आदिमजाति गवेषणा विभाग (प्रधान कार्यालय भुवनेश्वर में)	ग्रामीण कल्याण पदाधिकारी (प्रधान कार्यालय सम्बलपुर में)
जिला कल्याण पदाधिकारी, कटक, पुरी, बालासोर, मयूरभंज	जिला कल्याण पदाधिकारी, फूलबनी, गंजाम, कालाहांडी, कोरापुट	२ गवेषणा पदाधिकारी, १ प्रयोगशाला सहायक, १ फोटोग्राफर	जिला कल्याण पदादिकारी, सम्बलपुर, सुन्दरगढ़, बलांगिर ढेनकनाल, क्योंझर
३ सहायक जिला कल्याण पदाधिकारी	७ सहायक जिला कल्याण पदाधिकारी		५ सहायक कल्याण जिला पदाधिकारी

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों, विमुक्तसु जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के हितों की देख-भाल करने वाला विभाग एक सचिव के नियन्त्रण में है, जो इस विभाग का कार्यपालक अध्यक्ष भी है और इसका पद आदिमजाति तथा ग्रामीण कल्याण निदेशक है । सचिवालय तथा निदेशालय को मिलाने की वर्तमान व्यवस्था बहुत सन्तोषजनकरूप से कार्य कर रही है । सचिव की सहायता के लिए १९५४ में उप-निदेशक व उप-सचिव का एक पद बनाया गया था । आदिमजाति तथा ग्रामीण कल्याण विभाग के अवर सचिव को जन-सम्पर्क विभाग के अवर सचिव के कार्य भार से मुक्त कर दिया गया है । ग्रामीण कल्याण पदाधिकारी, जो पहले प्रधान कार्यालय में रहता था, सम्बलपुर में नियुक्त कर दिया गया है ताकि अधिक अच्छा अधीक्षण हो सके । अवैतनिक ग्रामीण कल्याण पदाधिकारी पहले के समान प्रधान कार्यालय में कार्य करता रहा । सहायक निदेशक, आदिमजाति तथा ग्रामीण कल्याण, जो हाल ही में नियुक्त किया गया है, कोरापुट में रहता है । काम अधिक हो जाने के कारण कालाहाँडी, ढेनकनाल, क्योंझर, कोरापुट, सम्बलपुर और कटक के जिलों के लिए सहायक जिला कल्याण पदाधिकारियों के ६ नये पद मंजूर किये गये थे । ग्रामीण कल्याण निरीक्षकों की संख्या पहले उतनी ही रही । कथित वर्ष में सामाजिक कार्यकर्त्ताओं की सामान्य संख्या

५ ग्रामीण कल्याण निरीक्षक	४ ग्रामीण कल्याण निरीक्षक	५ ग्रामीण कल्याण निरीक्षक
२४ सामाजिक कार्यकर्ता,	४६ सामाजिक कार्यकर्त्ता	३७ सामाजिक कार्यकर्त्ता,
३६ ग्राम कल्याण गाइड	१९ ग्रामीण कल्याण गाइड	२३ ग्राम कल्याण गाइड

काफी बढ़ गई। शिक्षा बिभाग से लेकर सेवाश्रमों में परिवर्तित ३३१ प्राथमिक पाठशालाओं की देख-भाल करने के लिए १७ सामाजिक कार्यकर्त्ता नियुक्त किये गये थे।

पंजाब

कल्याण विभाग

(व्यवस्था का व्यौरा)

पंजाब सरकार का गृह सचिव

कल्याण पदाधिकारी

उप-कल्याण पदाधिकारी	सुपरिन्टेंडेंट,
११ जिला कल्याण पदाधिकारी	कृषि बस्ती,
२४ कल्याण क्षेत्र पदाधिकारी	बीड़ ठेहबारी,
२० सहायक कल्याण पदाधिकारी	जिला करनाल

कल्याण विभाग पंजाब का अध्यक्ष प्रान्तीय असैनिक सेवा के पद का एक गजेटेड पदाधिकारी है, जिसे कल्याण पदाधिकारी, पंजाब कहते हैं। एक उप-कल्याण पदाधिकारी, पंजाब, जो एक गजेटेड पदाधिकारी होता है, उसकी सहायता करता है। कल्याण विभाग का प्रशासन भार पंजाब सरकार के चण्डीगढ़ स्थित गृह-सचिव पर है। ११ जिला कल्याण पदाधिकारी, २४ कल्याण क्षेत्र पदाधिकारी, २० सहायक कल्याण पदाधिकारी और एक सुपरिन्टेंडेंट, कृषि बस्ती, बीड़ ठेहबारी, अनुसूचित जातियों, विमुक्त जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। ये कर्मचारी इन लोगों की दशा का सर्वेक्षण करते हैं, इनकी कठिनाइयों को दूर करने में इनकी सहायता करते हैं और सरकार द्वारा इनकी उन्नति के लिए मंजूर की गई विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित भी करते हैं।

राजस्थान
समाज कल्याण विभाग
(व्यवस्था का ब्यौरा)

अतिरिक्त मुख्य सचिव
|
समाज कल्याण निदेशक
|

लेखा पदाधिकारी	समाज कल्याण पदाधिकारी	प्रचार पदाधिकारी	समाज शिक्षा पदाधिकारी	गवेषणा पदाधिकारी	सहायक गवेषणा पदाधिकारी	सहायक सांख्यकीय पदाधिकारी	प्रचार सहायक	कल्याण निरीक्षक
(१)	(१)	(१)	(१)	(१)	(२)	(१)	(१)	(२)

डिवीजन जिला स्तर

सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग, राजजस्थान, जयपुर

पद	संख्या
समाज कल्याण पदाधिकारी	(१)
सहायक महिला कल्याण पदाधिकारी	(१)
सुपरवाइजर	(१)
गृह निरीक्षक	(१)
कल्याण निरीक्षक	(१०)
कल्याण कार्यकर्त्ता	(६)
महिला कल्याण कार्यकर्त्रियां	(३)
प्रचारक	(१)
सहायक प्रचारक	(१)

सहायक निदेशक, समाज कल्याण विभाग, जोधपुर

पद	संख्या
सहायक महिला कल्याण पदाधिकारी	(१)
प्रचार सहायक	(१)
कल्याण निरीक्षक	(३)
कूप निरीक्षक	(१)
कल्याण कार्यकर्त्ता	(८)
महिला कल्याण कार्यकर्त्रियां	(२)
लेखा निरीक्षक	(१)
प्रचारक	(१)
सहायक प्रचारक	

सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग, भरतपुर

पद	संख्या
सहायक महिला पदाधिकारी	(१)
कल्याण निरीक्षक	(३)
गृह निरीक्षक	(१)
कूप निरीक्षक	(१)
कल्याण कार्यकर्त्ता	(६)
महिला कल्याण कार्यकर्त्री	(१)
प्रचारक	(१)
सहायक प्रचारक	(१)
	(१)

समाज कल्याण विभाग का अध्यक्ष समाज कल्याण का मुख्य सचिव के अधीन है। प्रधान कार्यालय में लेखा धिकारी, महिला कल्याण पदाधिकारी, प्रचार पदाधिकारी सांख्यकीय पदाधिकारी, कल्याण निरीक्षक, लेखा निरीक्षक डिविजनल तथा जिला स्तर पर काम का नियन्त्र[illegible] सहा- बीकानेर और भरतपुर में नियुक्त हैं। सहायक [illegible] निदेशकों पदाधिकारी, प्रचार सहायक, कल्याण निरीक्षक, गृह

लेखा निरीक्षक	फोटोग्राफर तथा कलाकार	उद्योग निरीक्षक	महिला कल्लाण कार्य कर्त्रियां	ओवरसीयर तथा ड्राफ्ट्समैन	चालक
(१)	(१)	(१)	(२)	(१)	(१)

सहायक निदेशक, समाज कल्याण विभाग बीकानेर

पद	संख्या
सहायक महिला कल्याण पदाधिकारी	(१)
कल्याण निरीक्षक	(२)
गृह निरीक्षक	(१)
कल्याण कार्यकर्त्ता	(४)
महिला कल्याण कार्यकर्त्रियां	(२)
प्रचारक	(१)
सहायक प्रचारक	(१)

सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग, उदयपुर

पद	संख्या
समाज कल्याण पदाधिकारी	(३)
सहायक प्रचार पदाधिकारी	(१)
सहायक महिला कल्याण पदाधिकारी	(१)
स्कूलों के सुपरवाइजर	(४)
प्रचा८ सहायक	(१)
कल्याण निरीक्षक	(१०)
पुनर्वास निरीक्षक	(२)
कूप निरीक्षक	(८)
कल्याण कार्यकर्त्ता	(६)
महिला कल्याण कार्यकर्त्रियाँ	(२)
सहायक प्रचारक	(१)
ओवरसीयर का डाफ्ट्समैन	(१)
चालक	(१)

निरीक्षक कल्याण निदेशक है। सचिवालय स्तर पर यह विभाग अतिरिक्त पदाधिकारी, गवेषणा पदाधिकारी, समाज कल्य.ण पदासमाज शिक्षा पदाधिकारी, उद्योग निरीक्षक, सहायक और कल्याण कार्यकर्त्ता निदेशक की सहायता करते हैं। यक निदेशक करते हैं, जो जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, की सहायता क्षेत्र कर्मचारी, जैसे सहायक महिला कल्याण कार्यकर्त्ता आदि करते हैं।

उत्तर प्रदेश
हरिजन सहायक विभाग
(व्यवस्था का ब्यौरा)

अनुसूचित जातियों, विमुक्त जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण सम्बन्धी कार्य हरिजन सहायक विभाग द्वारा किया जाता है, जो जातियों के कल्याण की योजनाओं में समन्वय स्थापित करता है और उन्हें क्रियान्वित करता है। इस विभाग का अध्यक्ष, सचिव है। हरिजन कल्याण के निदेशक को हरिजन सहायक विभाग का अतिरिक्त सचिव भी कहते हैं। प्रधान कार्यालय में दो उप-निदेशक, तीन सहायक निदेशक, दो हरिजन कल्याण पदाधिकारी (प्रधान कार्यालय) और एक प्रचार पदाधिकारी निदेशक की सहायता करते हैं। दो उप-निदेशक कृत्यों के आधार पर काम करते हैं, और पुनर्वास, शिक्षा सम्बन्धी तथा अन्य साधारण योजनाओं की देख-भाल करते हैं। तीन सहायक निदेशक, उप-निदेशकों के सामान्य दिग्दर्शन में प्रादेशिक आधार पर काम करते हैं। दो हरिजन कल्याण पदाधिकारी (प्रधान कार्यालय) स्थापना, लेखा कार्य और विभागीय नियमावली को तैयार करने आदि की देख-भाल करते हैं।

क्षेत्र कर्मचारियों में ५१ जिला हरिजन कल्याण पदाधिकारी हैं जो राज्य के प्रत्येक जिले में एक-एक हैं। राज्य में विमुक्त जातियों के लिए १० बस्तियां हैं। इनमें से पाँच खीरी जिले में आरम्भ की गई हैं और दो पदाधिकारियों के नियन्त्रण में हैं। अन्य पांच बस्तियां अर्थात् मुजफ्फरनगर में बौरिया बस्ती, रायबरेली में ऐहर बस्ती, फरुखाबाद में तकीपुर बस्ती, खीरी में साहिब गंज बस्ती और मुरादाबाद में काँठ बस्ती, ५ कार्य-निरीक्षकों के अधीन हैं।

कल्याणपुर, कानपुर, फजलपुर, मुरादाबाद और गोरखपुर में प्रबन्धकों के अधीन जिनकी सहायता आवश्यक टैक्निकल तथा अन्य कर्मचारी करते हैं, विमुक्त जातियों की तीन बड़ी-बड़ी सरकारी उन्नयन बस्तियां हैं।

उपरोक्त के अतिरिक्त तीन टैक्निकल प्रशिक्षण केन्द्र हैं, जहाँ इन जातियों के लोगों को विभिन्न व्यवसायों में टैक्निकल तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। ये प्रशिक्षण केन्द्र, बख्शी का तालाब, लखनऊ, नैनीताल और गोरखपुर में स्थित हैं और सुपरिटेंडेंटों के नियन्त्रण में हैं, जिनकी सहायता आवश्यक शिक्षक तथा अन्य कर्मचारी करते हैं।

पश्चिमी बंगाल

आदिमजाति कल्याण विभाग
(व्यवस्था का व्यौरा)

आदिमजाति कल्याण विभाग का कार्य एक आंशिक समय के लिए कार्य करने वाले उप-सचिव, एक सहायक सचिव, एक विशेष पदाधिकारी तथा एक सम्पर्क पदाधिकारी द्वारा किया जाता है। मिदनापुर, वीरभूम, पश्चिमी दीनाजपुर, २४ परगना, बांकुरा और पुरुलिया, जिलों के लिए ६ विशेष पदाधिकारी और मालडा, मिदनापुर, बर्दवान, हुगली, मुर्शिदाबाद, जलपाइगुरी और दार्जिलिंग जिलों में से प्रत्येक के लिए एक-एक नान-गजेटेड पद के ७ आदिमजाति कल्याण पदाधिकारी नियुक्त किये गये हैं। बर्दवान, वीरभूम, भिदनापुर, बांकुरा, मालडा और पश्चिमी दीनाजपुर में आदिमजाति कल्याण के लिए गृह (प्रचार) विभाग के नियन्त्रण में पाँच प्रचार पदाधिकारी भी हैं। यह विभाग केवल समन्वय स्थापित करने के विभाग का काम करता है और इसका कोई अपना निदेशालय नहीं है और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों और पिछड़े वर्गों के सम्बन्ध में सारी कल्याण योजनाओं के निष्पादन की देख-भाल सचिवालय में सम्बन्धित प्रशासन विभागों द्वारा की जाती है।

नये मिलाये गये पुरुलिया जिले में एक हरिजन कल्याण पदाधिकारी और १६ थाना कल्याण पदाधिकारी हैं।

अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह

अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह का प्रशासन
(व्यवस्था का व्यौरा)

आदिवासी आदिमजातियों के कल्याण सम्बन्धी कार्य चीफ कमिश्नर की देख-रेख में होते हैं, जिसके काम में एक डिप्टी कमिश्नर सहायता करता है। चीफ कमिश्नर के कार्यालय में एक सचिव, दो सहायक सचिव और एक विकास पदाधिकारी हैं।

उपरोक्त कर्मचारियों के अतिरिक्त भारत सरकार के शिक्षा मन्त्रालय के मानव विज्ञान विभाग ने पोर्ट ब्लेयर में एक मानव विज्ञान सम्बन्धी उप-केन्द्र स्थापित किया है।

हिमाचल प्रदेश

समाज कल्याण विभाग

(व्यवस्था का व्यौरा)

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के हितों की देख-भाल करने के लिए हिमाचल प्रदेश में सितम्बर, १९५५ से एक अलग प्रशासन विभाग खोला गया है। प्रधान कार्यालय में इस विभाग का काम जन-सम्पर्क तथा पर्यटन निदेशक द्वारा जो कि इस विभाग का सहायक सचिव है, अपने काम के अतिरिक्त देखा जाता है। विकास कमिश्नर व अतिरिक्त सचिव (विकास) इस विभाग का सचिव है। सहायक सचिव की सहायता करने के लिए राज्य के प्रधान कार्यालय में, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा एक कल्याण पदाधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। जिला स्तर पर जब कभी सम्भव होता है, तो जिला सम्पर्क पदाधिकारियों को उनके डिप्टी कमिश्नर के प्रशासनात्मक नियन्त्रण में अपने-अपने क्षेत्रों में यह काम सौंपा जाता है।

दिल्ली

(व्यवस्था का व्यौरा)

अनुसूचित जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के हितों की देख-भाल करने के लिए कोई अलग प्रशासन व्यवस्था नहीं है। इन लोगों के लिए विभिन्न कल्याण योजनाएं राज्य के भिन्न-भिन्न विभागों द्वारा कार्यान्वित की जा रही हैं।

लकादीव, मिनिकोय और आमिनदिवि

जानकारी नहीं दी गई

मणीपुर

(व्यवस्था का ब्यौरा)

मणीपुर में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम-जातियों के हितों की देख-भाल करने के लिए कोई अलग विभाग नहीं है। किन्तु डिप्टी कमिश्नर के अधीन एक आदिमजाति पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। डिप्टी कमिश्नर राज्य का पदेन विकास कमिश्नर भी है। सचिवालय के स्तर पर भी एक आदिमजाति पदाधिकारी सहायक सचिव (आदिमजाति कल्याण) के पद पर काम कर रहा है।

त्रिपुरा

आदिमजाति कल्याण विभाग

(व्यवस्था का ब्यौरा)

परामर्शदाता, आदिमजाति कल्याण, योजना, वित्त, निर्माण तथा भवन और खाद्य तथा संभरण
|
विकास कमिश्नर
(पद अक्तूबर, १९५६ से रिक्त है)
|
सहायक सचिव
|
निदेशक, आदिमजाति कल्याण
(पद अभी तक भरा नहीं गया)
|
उप-निदेशक, आदिमजाति कल्याण
(पद नवम्बर, १९५६ से रिक्त है)

त्रिपुरा में आदिमजाति कल्याण विभाग नामक एक अलग विभाग खोला गया है, जो कि एक परामर्शदाता के पथप्रदर्शन में है। विकास कमिश्नर योजना विभाग में अपने काम के अतिरिक्त इस विभाग का भी प्रभारी है। आदिमजाति कल्याण निदेशालय, जो अनुसूचित जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण सम्बन्धी कार्य भी करता है, सीधे विकास कमिश्नर के अधीन है।

परिशिष्ट १

विवरण संख्या ३

विभिन्न राज्यों में राज्य तथा जिला स्तर पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों आदि के लिये कल्याण समितियों। बोर्डों के गठन को बतानेवाली तालिका।

क्रमांक	राज्य का नाम	राज्य स्तर पर	जिला स्तर पर
१	२	३	४
१.	आंध्र प्रदेश	आन्ध्र सरकार ने एक राज्य हरिजन कल्याण समिति बनाई है। ३१ विधान मण्डल के सदस्य और १७ गैर-सरकारी व्यक्ति उसके सदस्य हैं तथा विद्युत एवं समाज कल्याण मंत्री उसके सभापति व समाज कल्याण निदेशक सचिव हैं। इसी प्रकार राज्य स्तर पर पिछड़े वर्ग मंत्रणा समिति तथा विमुक्त जाति मंत्रणा समिति बनाई गई है जिनके क्रमशः ३२ और १२ सदस्य हैं।	आन्ध्र प्रदेश की सरकार ने श्रीकाकुलम, विशाखा—पटनम्, पूर्वी गोदावरी और पश्चिमी गोदावरी के जिलों में अनुसूचित आदिमजातियों में स्थानीय नेतृत्व तथा उत्तरदायित्व की भावना पैदा करने की दृष्टि से जून १९५६ में जिला मंत्रणा समितियों के गठन का आदेश दिया। जिले के अधिकारियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण में रुचि रखने वाले और सरकारी व्यक्तियों को इन समितियों का सदस्य मनोनीत किया गया है। जिले के एजेन्ट को समिति का पदेन सभापति नियुक्त किया गया है और उसे जिले के एक विशेष सहायक एजेंट को समिति का पदेन मन्त्री मनोनीत करने का अधिकार दिया गया है।
२.	आसाम	हरिजन कल्याण के लिए एक राज्य मंत्रणा बोर्ड बनाने का प्रश्न राज्य सरकार के विचाराधीन है।	राज्य सरकार ने राज्य के मैदानी तथा पहाड़ी जिलों के प्रत्येक सब-डिवीजन में एक सब-डिवीजनल विकास समिति बनाई है। ये समितियां [illegible] सरकारी अनुदानों से सब-डिविजनों के लिये दी गई [illegible] राशियों में से विकास योजनायें बनाती हैं, जैसे [illegible] अपनी सहायता आप करो, ग्रामीण संचार, ग्राम जल सम्भरण आदि और उन्हें स्वीकृति के लिए सरकार के पास भेजती हैं। सरकार भी संविधान के अनुच्छेद २७५ के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार के अनुदानों में से तथा राज्य के राजस्व में से उपलब्ध अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण के लिये हाथ में ली गई सम्पूर्ण [illegible] राज्य की विकास योजनाओं को तैयार करती है। सब-

१	२	३	४
			डिवीजनल विकास समितियों तथा सरकार द्वारा तैयार की गई दोनों योजनाओं को आसाम राज्य के विभिन्न स्वायत्तशासी जिलों के मुख्य कार्य-पालिका सदस्यों तथा विधान सभा के आदिमजाति सदस्यों के परामर्श से अन्तिम रूप दिया जाता है और अनुमोदित किया जाता है। प्रत्येक स्वायत्तशासी जिला परिषद् को उसके क्षेत्राधिकार में विद्यमान विभिन्न विकास योजनाओं जैसे जल सम्भरण, संचार साधनों आदि में सुधार करने के लिये सहायतार्थ अनुदान के रूप में इकट्ठी राशि भी मंजूर की जाती है। मैदानी जिलों के सम्बन्ध में इस प्रकार के अनुदान इन जिलों में से प्रत्येक के डिप्टी कमिश्नर को मंजूर किया जाता है, जिन्हें अपने-अपने जिलों के विधान सभा के स्थानीय आदिमजाति सदस्यों के परामर्श से अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण की विकास योजनाओं को क्रियान्वित करने का विशेषरूप से निर्देश किया जाता है। इसी प्रकार अस्पृश्यता निवारण के लिये बनाई गई विकास योजनाओं को राज्य की विधान सभा के अनुसूचित जाति सदस्यों के परामर्श से तैयार किया जाता है और अन्तिम रूप दिया जाता है।
३.	बिहार	राज्य सरकार ने अनुसूचित जातियों के कल्याण सम्बन्धी सभी विषयों पर सरकार को सलाह देने के लिये राज्य स्तर पर एक अनुसूचित जाति मंत्रणा बोर्ड बनाया है। सरकार ने पिछड़ी मुस्लिम जातियों के कल्याण के लिये भी एक राज्य मंत्रणा बोर्ड बनाया है।	राज्य के प्रत्येक जिले तथा सब-डिवीजन के लिये जिला एवं सब-डिवीजन हरिजन कल्याण बोर्ड हैं। ये बोर्ड जिला तथा सब-डिवीजन के पदाधिकारियों को अनुसूचित जातियों तथा विमुक्त जातियों के कल्याण सम्बन्धी विषयों पर सलाह देते हैं। राज्य के सभी जिलों में पिछड़ी मुस्लिम जातियां मंत्रणा बोर्ड भी बनाये गये हैं। ये बोर्ड पिछड़ी मुस्लिम जातियों के शिक्षा सम्बन्धी विकास के लिये खोले गये हैं। ये बोर्ड मकतबों के कल्याण की व्यवस्था करने के बारे में स्कूलों के निरीक्षकों की सहायता करते हैं।

१	२	३	४
४.	बम्बई	पुराने बम्बई राज्य में पिछड़े वर्गों के कल्याण सम्बन्धी विषयों के बारे में सरकार को सलाह देने के लिये एक पिछड़े वर्ग बोर्ड था । सभापति, उप-सभापति तथा दो पदेन सदस्यों सहित बोर्ड के २५ सदस्य थे । बोर्ड की पदावधि पहले ही समाप्त हो चुकी है और नये बम्बई राज्य में इसके गठन का प्रश्न राज्य सरकार के विचाराधीन है ।	पुराने बम्बई राज्य के प्रत्येक जिले में सर्वतोमुखी ग्राम विकास का कार्य करने के लिये एक जिला विकास बोर्ड बनाया गया है । जिला विकास बोर्डों के अधीन पिछड़े वर्गों की दशा सुधारने के कामों की देखभाल करने के लिये पिछड़े वर्ग कल्याण समितियां नामक उप-समितियाँ बनाई गई हैं । जिला विकास बोर्ड का उप-सभापति, जो कि सरकार द्वारा मनोनीत गण्यमान्य तथा प्रभावशाली गैर-सरकारी व्यक्ति होता है, पिछड़े वर्ग कल्याण समिति का सभापति और जिले का पिछड़े वर्ग कल्याण पदाधिकारी सचिव होता है । पिछड़े वर्ग कल्याण समितियों का कार्य सरकार द्वारा मंजूर कल्याण योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिये कार्यक्रम तैयार करना है ।
		पुराने सौराष्ट्र राज्य में एक पिछड़े वर्ग बोर्ड है जो जनता के सहयोग से ऐसे कामों को करने तथा उनमें समन्वय स्थापित करने के लिये बनाया गया है जिससे पिछड़े वर्ग शिक्षा सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से अन्य वर्गों के समान हो सके । बोर्ड में कुल १५ सदस्य हैं जिनमें से ११ गैर-सरकारी व्यक्ति हैं, जो अत्यन्त अनुभवी और प्रतिष्ठित कार्यकर्त्ता हैं ।	भूतपूर्व सौराष्ट्र राज्य में पिछड़े वर्गों के कल्याण की देखभाल करने के लिये सरकार की गैर-सरकारी व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं और बोर्ड के स्थानीय सदस्यों की जिला कल्याण समितियां बनाई गई थीं । कल्याण समितियां विभिन्न कल्याण योजनाओं की कार्यान्विति का अधीक्षण करती हैं।
			भूतपूर्व हैदराबाद राज्य के मराठवाड़ा प्रदेश में जो कि अब बम्बई में मिल गया है, समाज सेवा विभाग की सब कल्याण सम्बन्धी योजनाओं के विषय में जिला अधिकारियों को सलाह देने के लिये सरकारी तथा गैर-सरकारी व्यक्तियों के जिला समाज सेवा बोर्ड हैं ।
		पुराने कच्छ राज्य में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों तथा विमुक्त जातियों के सामान्य कल्याण के लिये शिक्षा, घरों के लिये अनुदान और आर्थिक उन्नति, कुओं की मरम्मत तथा निर्माण और अन्य प्रस्तावों के बारे में सरकार को मंत्रणा देने के लिये एक पिछड़े वर्ग मन्त्रणा बोर्ड बनाया गया है । अस्पृश्यता अपराध अधिनियम १९५५ को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने की देख-भाल करने के लिये भी एक समिति बनाई गई है।	पूर्व कच्छ राज्य और भूतपूर्व मध्य प्रदेश के विदर्भ प्रदेश में जो अब बम्बई में मिल गये हैं, कोई जिला कल्याण समिति नहीं है ।

१	२	३	४
५.	जम्मू और काश्मीर	——————जानकारी नहीं दी गई——————	
६.	केरल	पिछड़ी जातियों की उन्नति के लिये १९५४ में जो मंत्रणा समिति पुनः बनाई गई थी, वही काम करती रही। समिति का काम अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण सम्बन्धी सभी विषयों पर सरकार को सलाह देना है। केरल राज्य के निर्माण के पश्चात्, मलाबार से भी ५ सदस्यों को समिति का स्थानापन्न सदस्य चुना गया है। एक उच्च अधिकारों वाला आदिमजाति बोर्ड भी बनाया गया है, जिसमें राज्य सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारी और पिछड़ी जातियों के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। बोर्ड पहाड़ी पुलयों, मुतुवनों और कादरों की दशा सुधारने के लिये तीन अग्रिम योजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। आदिमजाति बोर्ड राज्य में अनुसूचित आदिमजातियों की सामान्य दशा सुधारने के उपाय सुझाने के लिये एक अन्तिम रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है। इस समिति में मलाबार से अनुसूचित आदिमजातियों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित करने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।	कलक्टरों द्वारा उन्हें पिछड़े वर्गों के कल्याण की योजनाओं के बारे में सलाह देने के लिये जिला मंत्रणा समितियां बनाई गई हैं।
७.	मध्यप्रदेश	——————जानकारी नहीं दी गई——————	
८.	मद्रास	राज्य सरकार ने एक राज्य हरिजन कल्याण समिति बनाई है जिसके २३ सदस्य हैं। विधान सभा के हरिजन सदस्य तथा सामाजिक कार्यकर्त्ता इस समिति के सदस्य हैं। इस समिति की बैठक तीन मास में एक बार राज्य में योग्य जातियों की उन्नति सम्बन्धी विषयों पर चर्चा करने के लिये होती है। राज्य पिछड़े वर्ग समिति अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण सम्बन्धी सभी विषयों पर राज्य सरकार को सलाह देती है।	प्रत्येक जिले में अस्पृश्यता निवारण तथा योग्य जातियों की उन्नति सम्बन्धी समस्याओं को हल करने के लिये कलक्टर के सभापतित्व में एक जिला हरिजन कल्याण समिति बनाई गई है।

१	२	३	४
९.	मैसूर	एक केन्द्रीय दलित वर्ग नीति समिति, सरकारी तथा गैर-सरकारी व्यक्ति जिसके सदस्य हैं और मुख्य मंत्री सभापति हैं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों आदि की कल्याण सम्बन्धी सभी नीति विषयक बातों पर चर्चा करती और उन्हें तय करती है।	कल्याण सम्बन्धी कार्यों के विविध पहलुओं पर सलाह देने के लिए जिलों में जिले के डिप्टी कमिश्नर के सभापतित्व में मंत्रणा समितियां और तालुका समितियां बनाई गई हैं। अन्य जातियों के प्रमुख सार्वजनिक व्यक्तियों को इन जिला तथा तालुक समितियों का सदस्य नियुक्त किया जाता है। जिला समितियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के सदस्यों का बहुमत होता है।
१०.	उड़ीसा	शून्य	राज्य सरकार ने सभी जिलों में विकास कार्यक्रमों तथा अन्य कल्याण कार्यों को तैयार करने और क्रियान्वित करने में जिला मजिस्ट्रेटों को सलाह देने और उनकी सहायता करने के लिए एक जिला कल्याण समिति बनाई है। जिला मजिस्ट्रेट समिति का सभापति होता है और जिला कल्याण पदाधिकारी इसका सचिव। विभागों के जिला स्तर के पदाधिकारी, विधान सभा के स्थानीय सदस्य और अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण कार्य में रुचि लेने वाले अन्य सार्वजनिक व्यक्ति इनके सदस्य हैं।
११.	पंजाब	राज्य के कल्याण विभाग के लिए अक्तूबर, १९५५ में एक मंत्रणा समिति बनाई गई थी। राज्यों के पुनर्गठन के पश्चात् यह समाप्त कर दी गई है। इस समिति को पुनः स्थापित करने का प्रश्न राज्य सरकार के विचाराधीन है।	शून्य
१२.	राजस्थान	राज्य सरकार ने अनुसूचित जातियों के लिए एक मन्त्रणा समिति बनाई है।	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों की दशा सुधारने सलाह देने तथा उपाय सुझाने के लिए प्र में जिला समाज कल्याण बोर्ड बनाये ग बोर्ड राज्य के पिछड़े वर्गों में प्रचार व हैं और अस्पृश्यता तथा अन्य सामाजि ग्यताओं के निवारण और उनमें से सामाजिक रीति रिवाजों को दूर करने उपयुक्त कार्यवाही करते हैं।

१	२	३	४
१३.	उत्तर प्रदेश	अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों तथा विमुक्त जातियों के सामान्य कल्याण सम्बन्धी विषयों के बारे में सरकार को सलाह देने के लिए राज्य स्तर पर एक राज्य हरिजन तथा पिछड़े वर्ग कल्याण बोर्ड है।	राज्य के प्रत्येक जिले में एक जिला आयोजन समिति है जिसके साथ हरिजन सहायक उप-समिति नामक एक उप-समिति है। आयोजना समिति का उप-सभापति, जो सामान्यतया कोई गैर-सरकारी व्यक्ति होता है, जिला हरिजन सहायक उपसमिति का सभापति होता है। इन उप-समितियों के काम ये हैं : (१) नगर बोर्डों, नगर क्षेत्र समितियों, विकास बोर्डों, तथा जिला बोर्डों को इन वर्गों के कल्याण की उन्नति के बारे में सलाह देना। (२) जिला स्कूल इन्सपैक्टरों, प्रादेशिक हरिजन कल्याण पदाधिकारियों और जिला आयोजना पदाधिकारियों को वृत्तियां, पुस्तकें आदि खरीदने के लिए अनावर्त्तक सहायता देने और कुओं, घरों, नालियों आदि के निर्माण के लिए अनुदान देने के बारे में सलाह देना, (३) हरिजनों को व्यवसायिक तथा प्राविधिक संस्थाओं में प्रवेश दिलाना और प्रशिक्षण की अवधि में उन्हें वित्तीय सहायता देना, (४) जिलों में कुटीरोद्योगों के अनुदानों तथा उनकी सिफारिशों पर विचार करना
१४.	पश्चिमी बंगाल	शून्य	राज्य के १५ जिलों में से १२ जिलों में आदिम-जाति कल्याण समितियां बनाई गई हैं। आदिम-जाति कल्याण समितियों का काम मुख्यतया अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण के लिए योजनायें तैयार करने और उनके निष्पादन सम्बन्धी विषयों के बारे में जिला पदाधिकारियों को सलाह देना है।
१५.	अन्डमान निकोबर द्वीपसमूह	शून्य	शून्य
१६.	दिल्ली	दिल्ली में अनुसूचित-जातियों के हितों की देख-भाल करने के लिए एक हरिजन कल्याण बोर्ड है। यह बोर्ड विद्यार्थियों के लिए तथा घरों और कुओं के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त करने में हरिजनों की सहायता करता है। हरिजन कल्याण बोर्ड के द्वारा लघु उद्योगों की सहकारी समितियों और हरिजनों को उनके उद्योगों के विकास के लिए ऋणों की व्यवस्था की गई है। बोर्ड विनोबा-पुरी में एक शिल्प प्रशिक्षण केन्द्र चला रहा है।	—

१	२	३	४
१७.	हिमाचल प्रदेश	हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों, पिछड़े वर्गों और पिछड़े क्षेत्रों के कल्याण की देख-भाल करने के लिए मार्च, १९५६ में हिमाचल प्रदेश कल्याण मन्त्रणा बोर्ड बनाया गया था। इसमें १९ सदस्य हैं, जिनमें से ८ सदस्य अनुसूचित जातियों के हैं और २ सदस्य आदिमजाति क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हिमाचल प्रदेश प्रशासन का सहायक सचिव (कल्याण) एक पदेन सदस्य है और इस बोर्ड का सचिव है।	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिमजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए कल्याणकारी कार्यक्रमों को तैयार करने में जिला प्रशासकों की सहा[यता] करने के लिये हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में जिला मंत्रणा समितियां बनाई गई हैं। इन समितियों की बैठकें प्रतिमास नियमित रूप से होती हैं और वे विभिन्न कार्यक्रमों जैसे शिक्षा, कुटीरोद्योगों, कुओं के निर्माण, घर बनाने आदि के प्रस्तावों पर विचार करती हैं।
१८.	लकादीव और मिनीकौय द्वीप समूह	इन द्वीपों के वासियों के लिए, जिन्हें अनुसूचित आदिमजाति वर्ग में रखा गया है, एक मंत्रणा परिषद् बनाने का प्रश्न विचाराधीन है।	—
१९.	मणीपुर	मणीपुर के आदिमजाति क्षेत्रों में विकास योजनाओं को तैयार करने और आदिमजाति कल्याण अनुदानों से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए जून, १९५५ में मणीपुर में आदिमजाति मन्त्रणा बोर्ड बनाया गया था।	—
२०.	त्रिपुरा	आदिमजाति के लोगों के कल्याण सम्बन्धी विषयों पर प्रशासन को सलाह देने के लिए गत वर्ष आदिमजाति मन्त्रणा समिति बनाई गई थी। अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए एक समिति बनाने का प्रश्न प्रशासन के विचाराधीन है।	—

संविधान अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित आदिमजातियां आर्डर १९५० तथा १९५१ और अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित आदिमजातियां (संशोधन) आर्डर, १९५६ के अनुसार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों की संख्या एवं कुल जन-संख्या के साथ उसका प्रतिशत प्रदर्शित करनेवाली तालिका

राज्य/संघीय प्रदेश	कुल जन-संख्या	अनुसूचित जातियों की संख्या तथा कुल जन-संख्या के साथ उसका प्रतिशत		अनुसूचित आदिमजातियों की संख्या तथा कुल जनसंख्या के साथ उसका प्रतिशत	
		१९५० तथा १९५१ के आर्डरों के अनुसार	१९५६ के आर्डर के अनुसार	१९५० तथा १९५१ के आर्डरों के अनुसार	१९५६ के आर्डर के अनुसार
१	२	३	४	५	६
१. आंध्र प्रदेश ...	३,१२,६०,१३३	४४,०६,६१७ (१४.०९)	४४,१५,९९५ (१४.१३)	७,६६,६७९ (२.४५)	११,४९,९१९ (३.६८)
२. आसाम ...	९०,४३,७०७	४,२४,०४४ (४.६८)	४,२४,०४४ (४.६९)	१७,३५,२४५ (१९.१८)	१७,६१,४३४ (१९.४८)
३. बिहार ...	३,८७,८४,१७२	४९,१३,९९० (१२.६६)	४९,१३,९९० (१२.६७)	३८,२७,६७२ (९.८६)	३८,८०,०९७ (१०.००)
४. बम्बई ...	४,८२,६५,२२१	५१,३०,२४५ (१०.६२)	५२,०२,०७७ (१०.७८)	३६,७१,६८६ (७.६०)	३७,४३,४०८ (७.७६)
५. जम्मू तथा काश्मीर	४४,१०,०००	अप्राप्त	१,५६,१३५ (३.५४)	——अनुसूचित आदिमजातियां नहीं हैं——	
६. केरल ...	१,३५,४९,११८	१२,५४,३५८ (९.२५)	१२,०७,२९४ (८.९१)	७४,०५६ (०.५४)	१,३४,७५७ (०.९९)
७. मध्य प्रदेश ...	२,६०,७१,६३७	३५,०२,६२० (१३.४३)	३९,१२,२०५ (१५.०१)	३८,५९,६६७ (१४.७९)	४८,४४,१२८ (१८.५८)
८. मद्रास ...	२,९९,७४,९३६	५३,९१,२९६ (१७.९८)	५३,८१,८३६ (१७.९५)	६०,३९३ (०.२०)	१,३६,३७६ (०.४५)
९. मैसूर ...	१,९४,०१,१९३	२५,८९,११५ (१३.३३)	२५,८३,१४२ (१३.३१)	४५,९६४ (०.२३)	८०,४०२ (०.४१)
१०. उड़ीसा ...	१,४६,४५,९४६	२६,३०,७६३ (१७.९५)	२६,२९,२५० (१७.९५)	२९,६७,३३४ (२०.२५)	३०,०९,५८० (२०.५५)
११. पंजाब ...	१,६१,३४,८९०	३०,६२,४४५ (१८.९७)	३४,९०,९८३ (२१.६४)	२,४२९ (०.०१)	२,६६१ (०.०२)
१२. राजस्थान ...	१,५९,७०,७७४	१५,८४,७०६ (९.९१)	२५,०२,२०२ (१५.६७)	३,४८,९२४ (२.१८)	१७,७४,२७८ (११.११)
१३. उत्तरप्रदेश ...	६,३२,१५,७४२	१,१८,५५,३४१ (१८.७५)	१,३१,००,३९८ (२०.७२)	——अनुसूचित आदिमजातियां नहीं हैं——	
१४. पश्चिमी बंगाल ...	२६,३०,१९,९२	४८,८५,१६६ (१८.५६)	४७,४३,७१३ (१८.०४)	१३,८६,९८७ (५.२७)	१५,६६,८६८ (५.९६)

राज्य/संघीय प्रदेश	कुल जन-संख्या	अनुसूचित जातियों की संख्या तथा कुल जन-संख्या के साथ उसका प्रतिशत		अनुसूचित आदिमजातियों की संख्या तथा कुल जनसंख्या के साथ उसका प्रतिशत	
		१९५० तथा १९५१ के आर्डरों के अनुसार	१९५६ के आर्डर के अनुसार	१९५० तथा १९५१ के आर्डरों के अनुसार	१९५६ के आर्डर के अनुसार
१	२	३	४	५	६
संघीय प्रदेश					
१. अण्डमन तथा निकोबार द्वीप	३०,९७१	—	—	—	—
२. दिल्ली ...	१७,४४,०७२	२,६८,२३७ (१५.३७) अनुमानित	२,६८,५३० (१५.४०)	अनुसूचित आदिमजातियाँ नहीं हैं	
३. हिमाचल प्रदेश ...	१,०९,४६६	२७,५९,३३५ (२३.३६) अनुमानित	३,१९,९७२ (२८.८४)	अप्राप्त	२७,९२८ (२.५२)
४. लकादीव, मनीकौय, तथा आमिनदिवि द्वीप ...	२१,०३५	अनुसूचित जातियां नहीं हैं		१३,४८६ (६४.११)	१३,४८६ (६४.११)
५. मणिपुर ...	५,७७,६३५	अप्राप्त	२८,६४७ (४.९६)	१,९४,२३९ (३३.६३)	१,९४,२३९ (३३.६३)
६. त्रिपुरा ...	६,३९,०२९	४६,३७१ (७.२५)	४६,६०८ (७.२९)	१,९२,२९३ (३०.०९)	१,९२,२९३ (३०.०९)
योग	३६,११,५१,६६९	५,२२,०४,६४९ (१४.४५)	५,५३,२७,०२१ (१५.३२)	१,९१,४७,०५४ (५.३०)	२,२०,११,८५४ (६.२३)

परिशिष्ट ३

तालिका नं० १

संशोधित व्यवस्था में लोक सभा तथा विधान सभाओं में अनुसूचति जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या को प्रदर्शित करने वाली तालिका

राज्य का नाम	सीटों की कुल संख्या		अनुसूचित जातियों के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या		अनुसूचित आदिमजातियो के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या	
	लोक सभा	विधान सभाएं	लोक सभा	विधान सभाएं	लोक सभा	विधान सभाएं
१	२	३	४	५	६	७
आंध्र प्रदेश	४३	३०१	६	४३	२	११
आसाम	१२	१०८	१	५	२*	२६
बिहार	५३	३१८	७	४०	५	३२
बम्बई	६६	३९६	७	४३	५	३१
जम्मू तथा काश्मीर	६	७५	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
केरल	१८	१२६	२	११	०	१
मध्य प्रदेश	३६	२८८	५	४३	७	५४
मद्रास	४१	२०५	७	३७	नहीं	१
मैसूर	२६	२०८	३	२८	नहीं	१
उड़ीसा	२०	१४०	४	२५	४	२९
पंजाब	२२	१५४	५	३३	नहीं	नहीं
राजस्थान	२२	१७६	३	२८	२	२०
उत्तर प्रदेश	८६	४३०	१८	८९	नहीं	नहीं
पश्चिमी बंगाल	३६	२५२	६	४५	२	१५
प्रदेश						
अण्डमन तथा निकोबार द्वीप	—	†	—	—	—	—
दिल्ली	५	†	१	—	नहीं	—
हिमाचल प्रदेश	४	**	१	—	नहीं	—
लक्कादीव मिनिकोय द्वीप	—	†	—	—	—	—
मणीपुर	२	**	नहीं	—	१	—
त्रिपुरा	२	**	नहीं	—	१	—
योग	६००	३१७७	७६	४७०	३१	२२१

* एक सीट आसाम के स्वशासित प्रदेश के लिए सुरक्षित है।

† इन संघीय प्रदेशों में विधान सभायें नहीं हैं।

** इन संघीय प्रदेशों में प्रादेशिक परिषदें हैं।

परिशिष्ट ३

तालिका नं० २

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के उन सदस्यों के नाम प्रदर्शित करने वाली तालिका, जो १९५६ के चुनाव में लोक सभा के लिए असुरक्षित स्थानों से चुने गये है

राज्य का नाम	सदस्य का नाम	अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिमजाति
आंध्र प्रदेश	१—श्री बी० एस० मूर्ति	अनुसूचित जाति
आसाम	२—श्री बेलीराम दास	अनुसूचित जाति
	३—श्री जे० एन० हजारिका	अनुसूचित आदिमजाति
पश्चिमी बंगाल	४—श्री बसन्तकुमार दास	अनुसूचित जाति
	५—श्री रामानन्द दास	अनुसूचित जाति

परिशिष्ट ३

तालिका नं० ३

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के उन सदस्यों की संख्या प्रदर्शित करने वाली तालिका, जो विधान सभाओं के लिए असुरक्षित स्थानों से चुने गये हैं।

राज्य का नाम	विधान सभाएं	
	अनुसूचित जातियाँ	अनुसूचित आदिमजातियाँ
१	२	३
आंध्र प्रदेश	१	—
आसाम	—	२
बिहार	—	२
बम्बई	—	—
केरल	१	—
मद्रास	—	—
मैसूर	—	—
पंजाब	—	—
उत्तर प्रदेश	—	—
पश्चिमी बंगाल	५	—
योग	७	४

परिशिष्ट ३

तालिका नं० ४

राज्य सभा में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के सदस्यों के नाम प्रदर्शित करनेवाली तालिका

अनुसूचित जाति	अनुसूचित आदिमजाति
१. श्री किशोरी राम (बिहार)	१. श्री आर० थानल्हिरा (आसाम)
२. श्री प्रेमजी थोवनभाई लेऊआ (बम्बई)	२. श्री ठाकुर भानुप्रताप सिंह (मध्य प्रदेश)
३. श्री रामेश्वर राव अग्निभोज (मध्य प्रदेश)	३. श्री थियोडोर बोडरा (बिहार)
४. श्री वी० एम० सुरेन्द्र राम (मद्रास)	
५. श्री रामप्रसाद टम्टा (उत्तरप्रदेश)	

परिशिष्ट ३

तालिका नं० ५

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के उन सदस्यों की संख्या को प्रदर्शित करने वाली तालिका, जो राज्य विधान परिषदों में असुरक्षित स्थानों से चुने गये है

राज्य का नाम	विधान परिषदें	
	अनुसूचित जातियां	अनुसूचित आदिमजातियां
१	२	३
बिहार	२ (एक नामजद)	१
बम्बई	१	—
मदरास	१ (एक नामजद)	—
मैसूर	२	—
पंजाब	१	—
उत्तरप्रदेश	१	—
योग	८	१

परिशिष्ट ४

केन्द्रीय मंत्री मण्डल में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के मंत्रियों, उप-मंत्रियों और सभा-सचिवों के नाम प्रदर्शित करने वाली तालिका

नाम	उपाधि तथा कार्य पद	अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिमजाति
श्री जगजीवन राम	मंत्री, परिवहन तथा रेलवे	अनुसूचित जाति
श्रीमती मार्गाथम चन्द्रशेखर	उपमंत्री, स्वास्थ्य	अनुसूचित जाति
डा० मनमोहन दास	उपमंत्री, शिक्षा	अनुसूचित जाति
श्री जे० एन० हजारिका	सभा-सचिव, विदेश मंत्री से संलग्न	अनुसूचित आदिमजाति

परिशिष्ट ५

विवरण संख्या १

स्थानीय निकायों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों को प्रतिनिधित्व देने के लिए राज्योंद्वारा अपनाये गये वैधानिक तथा कार्यकारी उपायों को प्रदर्शित करने वाली तालिका

क्रमांक	राज्य/संघ क्षेत्र का नाम	क्या अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के लिए संरक्षण जनसंख्या के आधार पर है		विधान/कार्यपालिका सम्बन्धी उपाय और अधिनियम/नियमों का क्षेत्र
		अनुसूचित जाति	अनुसूचित आदिमजाति	
१	२	३	४	५
१.	आंध्र	नहीं	नहीं	मद्रास जिला बोर्ड अधिनियम, १९२० की धारा ९ और जिला नगरपालिका अधिनियम, की धारा ७ (२) के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों के सदस्यों के लिये जिला बोर्ड। नगरपालिका के लिए नियत कुल सदस्य संख्या के १।४ से कम स्थान सुरक्षित रखे जाते हैं।
	हैदराबाद	नहीं	नहीं	हैदराबाद नगर निगम अधिनियम, १९५० (१९५० का ३६ वाँ) की धारा (२–क) में यह उपबन्ध है कि हैदराबाद निगम तथा सिकन्दराबाद निगम के निर्वाचित सदस्यों में से कम से कम पाँच और तीन अनुसूचित जातियों के सदस्य होने चाहिये। यदि किसी नगर में अनुसूचित जातियों के निर्वाचित सदस्यों की संख्या धारा (२—क) में दी हुई न्यूनतम संख्या से कम हो तो उस कमी को पूरा करने के लिये सरकार अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों को पर्याप्त संख्या में मनोनीत करती है। नगरपालिकाओं में भी हैदराबाद नगर तथा कस्बा समिति अधिनियम, १९५१ (१९५१ का २७ वाँ) की धारा ९ के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों के लिये कम से कम ३ स्थान सुरक्षित रखे जाते हैं।
	आसाम	हाँ (मैदानी जिलों में नगरपालिका बोर्डों और कस्बा समितियों को छोड़कर)	हाँ	राज्य के स्वायत्तशासी जिलों में स्थानीय निकायों जैसे कि नगर समितियाँ तथा ग्राम परिषदों आदि के गठन और कार्य करने आदि के विषयों पर संविधान की छठी अनुसूची की कण्डिका ३ (१) (ङ) के अन्तर्गत उन जिलों की जिला परिषदें विधान बना सकती हैं मिजो जिला परिषद पहले ही आवश्यक जिला अधिनियम बना चुकी है, उदाहरणार्थ, मिजो जिला (नगर समितियों का प्रशासन) अधिनियम १९५५।

१	२	३	४	५
				आसाम के मैदानी जिलों में आसाम स्थानीय स्वायत्त शासन अधिनियम १९५३ की धारा ५ में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के लिए स्थानीय बोर्डों में उनकी जनसंख्या के अनुसार स्थान सुरक्षित रखने का उपबन्ध है। यद्यपि आसाम नगरपालिका अधिनियम १९२३ में नगरपालिका बोर्डों और नगर समितियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के लिए स्थान सुरक्षित रखने का कोई उपबन्ध नहीं है, किन्तु इन संस्थाओं में सदस्यों को मनोनीत करने का उपबन्ध है।
३.	बिहार	नहीं	नहीं	अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के लिये उनकी जनसंख्या के अनुपात से स्थान सुरक्षित रखने के लिए बिहार नगरपालिका विधेयक, १९५५ में आवश्यक उपबन्ध कर दिया गया है। विधेयक बिहार विधान मण्डल की संयुक्त प्रवर समिति को सौंपा गया है और विधान-मण्डल के अगले सत्र में इस पर विचार होने की सम्भावना है। इसी प्रकार, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात से स्थान सुरक्षित रखने के हेतु पटना नगर निगम अधिनियम में संशोधन करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिला बोर्डों के सम्बन्ध में स्थानीय स्वायत्त शासन अधिनियम में जिला बोर्डों में स्थानाप[illegible] सदस्य चुनकर अनु० जातियों तथा अनु० आदिम जातियों के प्रतिनिधित्व [illegible] का पहले ही उपबन्ध है। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों को उनकी जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व देने के लिए स्थानीय स्वायत्त शासन अधिनियम में संशोधन करने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।
कांफ्रेंस में भाषण देते हुये श्री दातार ने बतलाया कि अस्पृश्यता समूल नष्ट करने के लिये कई संस्थाऐं इस क्षेत्र में दिशाओं में प्रयत्न कर रही हैं और सभी सवर्ण हिन्दुओं का यह कर्तव्य है कि वे अपने धर्म पर से अस्पृश्यता का धब्बा धो डालें। श्री दातार अर्काट में गये जहाँ उनको हरिजन बस्ती दिखाई गयी। यह बस्ती अत्यन्त गंदगी की हालत में थी। अपना असंतोष प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि पंचायतों तथा जिला अधिकारियों को चाहिये कि हरिजन बस्ती का संधारण तथा उसकी सफाई के बारे में वे ध्या दें। यह देखा गया कि कटुपुत्तुर ग्राम के मजदूरों की पाठशाला में अरूंथियार छात्र अन्य हरिजन छात्रों के साथ खाना नहीं खाते थे किन्तु मंत्री महोदय के कहने पर उन्होंने वैसा करना छोड़ दिया। सेम्बाकम के विनयगर मंदिर में जिला समाज सेवक अधिकारी तथ उत्तर अर्काट जिले के हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष के साथ २०० हरिजन बालक तथा बालिकाओं को प्रवेश कराया गया। मणिकपुर में १२ अगस्त १९५६ को एक अन्तर्जातीय भोज का आयोजन किया गया। बालम में हरिजन सम्मेलन का उद्घाटन करते समय मद्रा के अर्थमंत्री श्री सी० सुब्रामणयम् ने कहा कि हिन्दुस्तान का सुधार करना देहातों का उत्थान करना है, जहाँ अस्पृश्यता कट्टरता से पालन की जाती है। हिन्दुस्तान का दर्जा ऊपर उठाने के लिये यह आवश्यक है कि पहले अस्पृश्यता नष्ट करनी चाहिये।

हरिजनों की निर्योग्यताओं की जाँच निम्नलिखित ग्रामों में कराकर उन्हें दूर किया गया :—

मदुरा जिले में टेनकाशी, तमारैपडी, वडमादुराई और कुठियारगुड्ड, बेंडुगापट्टी, कलमपट्टी, वारीचिदूर, चेंबुर, विराटीपाथु, माचमपाथु, थेनूर, उत्तरी पुडुकोटाई, अराकाई, समयानालूर, माडाकुलम, बाड़ीवेलुकराई तथा किलानेरी, त्रावणकोर में वरकला, दक्षिण कनारा में मदुरोइडी, उत्तरी मलाबार में माथिल। मदुरा नगरपालिका में एक चाय दुकानदार को दोषी सिद्ध किया गया और हरिजनों को पृथक् गिलास में चाय देने के अपराध में ३ रुपया जुर्माना किया गया। तिरूनेलवेली नगरपालिका में दूसरा एक चाय बेचने वाला कांच के गिलास में हरिजनों को चाय देने से इन्कार करने के अपराध में दोषी सिद्ध किया जाकर ५ रुपया जुमाना किया गया। वेप्पनकुलम के पास कालापुरपड्डी के एक होटल वाले को हरिजनों को नारियल के खोल में चाय देने के अपराध में दोषी सिद्ध किया गया और उस पर तूतिकोरिन के उप-न्यायाधीश द्वारा १५ रुपये जुर्माना किया गया। मनामादुराई के रेलवे रैस्टोरेंट के मालिक को हरिजनों के लिये पृथक् गिलास में चाय देने के अपराध में विभागीय तौर पर धमकाया गया। आचमपाथु के एक ब्राह्मण होटल वाले को हरिजनों को नारियल के खोल में चाय देने के अपराध में मदुरा के उप-न्यायाधीश द्वारा दोषी सिद्ध किया जाकर ५ रु० जुर्माना किया गया यह उसका दूसरा अपराध था। उथानगुडी के एक होटल वाले को हरिजनों को पृथक् गिलास में चाय देने के अपराध में अपराधी ठहराया जाकर उसे ३ रु० का दंड दिया गया। यह भी उसका दूसरा अपराध था। टेनकाशी में होटल वालों को हरिजनों से भेदभाव दिखाने के अपराध में अपराधी ठहराये जाकर जुर्माना किया गया। तिरूनेलवेली जिले के तलाईवाथु रेलवे स्टेशन के पास एक होटल वाले को पृथक गिलास में हरिजन रेलवे भंगी को चाय देने के अपराध में तिरूनेलवेली के न्यायाधीश द्वारा दोषी सिद्ध किया जाकर ५ रु० जुर्माना किया गया। आचमपाथु के इडली के दुकानदार को हरिजनों को हाथों में पानी पिलाने के अपराध में ३ रु० जुर्माना किया गया। सेवापट्टी के गगाईकोडन तथा ऊरानी के २ चाय के दुकानदारों के मामले उप-न्यायालय के समक्ष आपस में तय किये गये।

दक्षिण कनारा में होसदुर्ग के उप-न्यायाधीश द्वारा एक बड़ा रोचक मुकदमा उप-न्यायाधीश द्वारा जाँचा गया जिसको पुलिस ने असत्य समझा था। किन्तु स्वामी आनंदतीर्थ के प्रतिनिधित्व से पुलिस के इन्स्पेक्टर जनरल तथा डी० एस० पी० द्वारा यह बात फिर से उठायी गई उसमें फिर से जांच की गई तथा विपक्षी अपराधी सिद्ध हुआ और उस पर १५ रु० जुर्माना किया गया। मैलूर तालुका की समुद्रपट्टी के पास सावापट्टी में हरिजनों को ऊर्नी से पानी लेने दिया जाता है जबकि कुछ सवर्ण हिन्दुओं को कोर्ट में लाकर चेतावनी दी गई थी।

रिपोर्ट के इस वर्ष में २ हरिजन विवाह संपन्न हुए जिसनमें बहुत से सवर्ण हिन्दु उपस्थित थे। यहां अस्पृश्यता को समूल नष्ट करने की अपील की गई।

मदुराई में हरिजनों के ५४ मकान आग में जल गये थे, सरकार के पास रिलीफ के लिये लिखा गया था। प्रत्येक परिवार को १५ से २० के हिसाव से उनकी झोपड़ी फिर से बाँधने के लिए शासन द्वारा दिये गये। रिपोर्ट के इस वर्ष में हरिजनों से पृथकता का व्यवहार करने के अपराध में २१ होटल वालों, ३ नाइयों के बारे में मामले पुलिस के पास लाये गये। ३ स्थानों में हरिजनों को सार्वजनिक कुओं से पानी निकालने के बारे में प्रतिबंध लगाया गया था और उसकी पुलिस में रिपोर्ट करनी पड़ी।

राजस्थान

राजस्थान में श्री बनवारीलाल भदादा कार्य का संचालन कर रहे थे। कार्यकर्ता हरिजन बस्तियों में गये और हरिजनों को उपदेश दिया कि वे एक होकर समाज में समाज स्तर प्राप्त करने के लिए मांग करें। सवर्ण हिन्दुओं को अस्पृश्यता का व्यवहार न करने के विषय में समझाया गया। हरिजनों को यह भी समझाया गया कि वें शराब पीने की आदत, मृत पशु का मांस खाना तथा जूठन लेना छोड़ दें। हरिजनों के आपस के झगड़े हमारे कार्यकर्ताओं के प्रयत्नों के कारण शांति से तय किये गये। कार्यकर्तागण हरिजन कल्याण विभाग के पास सहयोग तथा अनुदान के लिये गये थे। हमारे कार्यकर्ताओं ने सर्वोदय कार्यकर्ताओं को सहयोग दिया। ३ वर्षों के प्रयत्नों के परिणामस्वरूप राजस्थान सरकार नें बजाजनगर, जयपुर में हरिजन कालोनी बनाना तय किया। इस वस्ती की आधारशिला गृहमंत्री, श्री राम किशोर व्यास द्वारा रक्खी गई तथा इस समारोह की समाज कल्याण के मंत्री श्री भोगीलाल पंडया ने अध्यक्षता की।

सी० पी० मराठी

मराठी मध्य प्रदेश में हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा यथापूर्व प्रचार चालू रखा गया। उन्होंने भूदान तथा सर्वोदय कार्यकर्ता को सहयोग दिया जिसके फलस्वरूप हरिजनों के लिये भूदान में जमीन मिल गयी। उनके कार्य में हरिजनों को मंदिर में प्रवेश कराना, चाय की दुकानों में ले जाना तथा नाई की सैलूनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों में ले जाना सम्मिलित था। अन्तर्जातीय भोज आयोजित करने के अलावा प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। यह देखा गया कि उन पर प्रतिबंध नहीं होते हुए कुछ स्थानों में हरिजन कुओं से पानी लेने में डरते थे। मुसेवाड़ी ग्राम में ४ एकड़ जमीन तथा शहाका में १ एकड़ जमीन प्राप्त की गयी। एक ग्राम में सवर्ण हिन्दुओं द्वारा कुँए से पानी निकालते समय हरिजनों का विरोध किया गया। यह मामला ग्राम पंचायत तथा न्यायालय में भेजा गया। अन्त में हमारे कार्यकर्ताओं की सहायता से वह मैत्री भाव से सुलझ गया।

विंध्य प्रदेश

विंध्य प्रदेश के अध्यक्ष श्री चतुर्भुज पाठक के नेतृत्व में विंध्यप्रदेश का कार्य हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा चालू रहा। ता० ३ तथा ४ मई को तृतीय वार्षिक सम्मेलन टीकमगढ़ में श्री के० वी० दाते की अध्यक्षता में हुआ। टीकमगढ़ जिले में हरिजनों में भेदभाव करने के ७ मामलों की पुलिस में रिपोर्ट की गई जिसमें से ५ मामलों में हरिजनों को सफलता मिली। कुछ सवर्ण हिंदुओं ने भी हरिजनों के विरुद्ध रिपोर्ट की। किन्तु यह मुकदमे रद्द कर दिये गये। टीकमगढ़ तथा निवाड़ी में २ मामलों में समझौता हो गया तथा दूसरे एक मामले में गवाहों ने हरिजनों के अनुकूल अपने बयान दिये। मुहारा ग्राम के श्री गणेश ब्रार को अपने बच्चे को चेचक होने पर मंदिर में पूजा करने जाने के अपराध में सवर्ण हिंदुओं द्वारा बुरी तरह से पीटा गया। इन जुर्मों की घटनाओं के कारण आशा की जाती है कि समय की बदलती हुई स्थिति को देखकर विंध्य प्रदेश के सवर्ण हिन्दु अब हरिजनों से पृथकता का भाव छोड़ देंगे। विंध्य प्रदेश के ८ जिलों में प्रथम पंचवर्षीय योजना समाप्ति समारोह मनाने के लिये एक सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रमों में, हरिजन बस्तियां साफ करना, प्रभात फेरियां, सभाएें, तथा अंतर्जातीय भोज इत्यादि कार्यक्रम सम्मिलित थे। प्रत्येक स्थान में जिला न्यायाधीश, तहसीलदार, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों तथा अन्य सरकारी कर्मचारीगण ने इस कार्य में अपना

सहयोग दिया। प्रत्येक जिले में २०० लोगों ने सहभोज में भाग लिया। कुल १५०० रु० (जिसमें ८०० रु० समाज कल्याण विभाग द्वारा २०० रु० हरिजन सेवक संघ द्वारा तथा २०० रु० भारतीय आदिमजाति सेवक संघ द्वारा) इन अंतर्जातीय भोजों पर खर्च किया गया। इसका आम जनता पर काफी प्रभाव पड़ा।

मध्य भारत

मध्य भारत हरिजन सेवक संघ के प्रधान मंत्री श्री के० वी० दाते द्वारा भोपाल, लश्कर, मरेना, राजगढ़, उज्जैन, इंदौर, मंदसौर, रतलाम, नथीलसा, खारगांव, पूना, रीवा तथा मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में और खचरौद के सघन क्षेत्र में निरन्तर दौरा किया गया और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। शाजापुर जिले में १००५ एकड़ जमीन के पट्टे ६५ हरिजन परिवारों में वितरित किये गये। गूना जिले के नुंगावली ग्राम में २३०० बीघे जमीन के पट्टे जो भूदान में मिली थी, जुलाई मास में हरिजनों को दिये गये। हरिजनों द्वारा रिपोर्ट के इस वर्ष में निम्नलिखित स्थानों में मंदिर प्रवेश कराया गया :—

मोरेना —विन्दाया, चंबर, लहालोर, जलालगढ़।

राजगढ़ —मवासा, जमानोई, मौनपुर।

गिर्द —जादोदी, सेरिया, रापमल।

देवास —खटामा, हाट पिपलिया आडा।

शाजापुर—जामन, धाराखेडी।

उज्जैन —रूनिजा, हरसोदन, शंकरपुर, बंधाका, बरवाना, हटाई, गुरूदैया, रादी पिपलिया, हीडी, अकवाया, बारबल, खुई, लाखहेड़ा, बोंडका, नलवा, महिदपुर, बादनगढ़ा।

रतलाम —अलोत्तल।

भींड —अलोटी पिलारी, मालनपुर, भिवरोल, खानी आरोली।

भीलसा —बेहोवी, मुद्रा, चांकर, भावरोपुर।

धार —बेदनावर।

नीमाड़ —सांडवाड़, बड़वाहा, मेतजा, बेडिया, बिजलगांव।

मंदसौर—कदवासा, सीतामऊ।

इंदौर —सानवेर

इस प्रकार १३ स्थानों में ४७ मंदिर हरिजनों के लिये खोले गये। श्री भंवर लाल जी सेठिया ने सीतामल के मंदिर में हरिजनों का स्वागत किया और उन्हें चायपान कराया। इसके अतिरिक्त ७ अन्य मंदिर खारगांव सघनकार्य क्षेत्र में हरिजनों के लिये खोले गये। हरिजनों के लिये जैन मंदिर खुलवाने के आंदोलन का जब से प्रारंभ हुआ तब से प्रति माह हमारे ठोस प्रचार के कारण जैन मंदिरों को हरिजनों के लिये खोला जा रहा है। हमारे कार्यकर्ताओं के सहयोग से राज्य के अन्यान्य भागों में ४३ सार्वजनिक कुऍं हरिजनों के लिये खोले गये। रिपोर्ट के इस वर्ष में २३ होटल हरिजनों के लिये खोले गये। राजगढ़ जिले में होटल मालिक के विरुद्ध पुलिस के पास रिपोर्ट की गयी थी, किन्तु बाद में आपस में समझौता कर लिया गया। रतलाम में हरिजनों में भेदभाव दर्शाने के अपराध के कारण ३ मामले पुलिस के पास भेजे गये। मंदसौर में २ होटल वालों के विरुद्ध पुलिस में शिकायतें की गईं। धार में एक होटल वाले के विरुद्ध हरिजनों से अधिक मूल्य लेने के अपराध में शिकायतें की गईं।

२७ स्थानों में नाइयों को हरिजनों के बाल बनाने के लिये फुसलाया गया और तीन स्थानों में पुलिस में रिपोर्ट देने के बाद उन्होंने हरिजनों के बाल बनाये। ३ अन्यान्य स्थानों पर ३ नाइयों के हरिजनों के बाल काटने को मना करने पर पुलिस में रिपोर्ट की गयी। चार स्थानों पर हरिजनों को सोना चांदी के गहने तथा अच्छे कपड़े पहनने की इजाजत दी गयी, किन्तु एक स्थान पर यह मामला पुलिस के सपुर्द कर दिया गया। भीलसा जिले में बडगाँव में जब हरिजनों की शादी की बरात जिसमें दूल्हा घोड़े पर सवार था, रास्ते से गुजर रही थी, सवर्ण हिन्दुओं ने उसका विरोध किया, किन्तु पुलिस की सहायता से यह बरात शांति से चली गई। गूना में सवर्ण हिन्दुओं ने शादी के समय हरिजनों से बाजा बजाने को मना किया। उनकी अधिक हठ होने पर इस बात की पुलिस में रिपोर्ट की गई।

हमारे कार्यकर्त्ताओं द्वारा ७ बड़े सम्मेलनों और कई बैठकों तथा सहभोजों का आयोजन किता गया। मसूदपुर नें सूचना तथा प्रसार मैंत्री द्वारा सम्मेलन का उद्‌घाटन किया गया। श्री मनोहरसिंह मेहता, शिक्षा मंत्री द्वारा दूसरे एक सम्मेलन का उद्‌घाटन किया गया। इस प्रदेश में प्रचलित महिदारी तथा बेगारी की पुरानी प्रथा को नष्ट करने के उद्देश्य से श्री मंगलदेव द्वारा इन सभाओं का आयोजन किया गया। इस प्रथा के अनुसार हरिजन स्वतंत्र नहीं थे। अतः अपनी इच्छानुसार अधिक मजदूरी पर भी दूसरे स्थान पर काम नहीं कर सकते थे। वे अपने एक विशेष मालिक के साथ बंधे हुये थे। गरीब हरिजनों ने अपनी दयनीय स्थिति मंत्रियों के सामने रखी और इन बंधनों से छुटकारा पाने की प्रार्थना की। इन अधिवेशनों में ३ हजार से ऊपर आदिवासी स्त्री पुरुष उपस्थित हुए। दूसरे एक सम्मेलन का उद्‌घाटन राजगढ़ जिले में जंगल मंत्री द्वारा किया गया। कांफ्रेंस में मंत्री महोदय ने कहा कि जंगल की कृषि योग्य भूमि का अधिक हिस्सा हरिजनों को दिया जायगा। इसका सवर्ण हिन्दुओं पर अच्छा प्रभाव पड़ा।

रिपोर्ट के इस काल में चकराना प्रथा को खतम किया गया। इस प्रथा के अनुसार बलाई हरिजनों को प्रत्येक गांव में नाममात्र जमीन दी जाती थी। इसके बदले में स्थानीय अधिकारियों द्वारा हर प्रकार का काम उनसे मुफ्त कराया जाता था। शुरु से ही इस अन्याय के विरोध में हरिजन सेवक संघ लड़ रहा था और शासन के पास तथा विधान सभा के सदस्यों के पास भी इस अन्यायमूलक प्रथा को खतम करने के बारे में गए थे। इसके परिणाम-स्वरुप सन् १९५३-५४ में राज्य सरकार द्वारा इस प्रथा को नष्ट करने का निर्णय किया गया। किन्तु कुछ कठिनाईयों के कारण अभी तक इस विषय में प्रत्यक्ष कदम नहीं उठाया गया। १९५६ के अप्रैल से शासन ने इस बुरी प्रथा को नष्ट कर दिया। सेवक श्री मंगलदेव शर्मा ने आठ हरिजन छात्रों के साथ १५० मील का पैदल दौरा कर हरिजन सेवक संघ का प्रचार लगभग ३० मील ग्रामों में किया।

ग्वालियर के सिविल अस्पताल में (सूतिकागृह) हरिजन महिला को प्रवेश मना किया गया। २४ घंटों तक वह अस्पताल के बाहर ही अपनी प्रसव वेदना में पड़ी रही। जब हमारे कार्यकर्त्ताओं ने जिला मैडिकल अधिकारी से भेंट की, तब डाक्टर ने उसे इन्जेक्शन दिया। चूंकि ईसाई नर्स ने उसे बचाया था, अतः यह नया पैदा हुआ बालक भी अछूत बना और सवर्ण हिन्दु नर्स ने बालक तथा उसकी मां का उपचार नहीं किया। इस पूरी घटना की मैडिकल आफिसर द्वारा जांच होने पर भी अभी तक इन दो हिन्दु नर्सों के स्थानान्तरण के अतिरिक्त उस बारे में कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

सघन कार्य क्षेत्र में यह कार्य पूरे जोरशोर से हो रहा है। अधिक ग्रामों को सघन क्षेत्र में लाया जा रहा है जहां हमारे कार्य-कर्त्ताओं की सहायता से कई सार्वजनिक स्थान हरिजनों के लिए खोल दिए गए हैं। राजस्थान हरिजन सेवक संघ के मंत्री श्री भंवरलाल भदादा तथा दो हरिजन कार्यकर्त्ताओं द्वारा सघन कार्य क्षेत्र का अध्ययन कर उस दिशा में राजस्थान में कार्य शुरु करने के लिए कार्यक्रम बनाने के हेतु सघन कार्य क्षेत्र का दौरा किया गया।

मोरेना जिले में जून मास में दो ट्रेनिंग केम्प शुरु किए गये। भीलसा जिले में ४ कार्यकर्त्ताओं की भजन मंडली शुरु की गई। इस भजन मंडली ने ग्राम-ग्राम में घूमकर अस्पृश्यता के विरुद्ध प्रचार किया।

कर्नाटक

कर्नाटक में श्री जी०जी० कारखानीस ने अपना कार्य ग्रामों में घूमना, अधिकारियों तथा प्रमुख लोगों से मिलना, तथा हरिजनों में किए जाने वाले कार्य का समर्थन करना इत्यादि चालू रखा। वह हरेपदसालगी के हरिजनों को जमीन दिलाने के हेतु डी० डी० सी० से मिले। उन्होंने कई सभायें आयोजित कीं, जहां सवर्ण हिन्दु, हरिजन, तथा मुसलमान उपस्थित थे। इनमें उन्होंने अस्पृश्यता दूर करने की आवश्यकता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने श्री जी० डी० तपासे, पिछड़े वर्ग के मंत्री से मुलाकात की और उनसे हरिजन सेवक संघ के कार्य के बारे में चर्चा की। पदनूर के अपने दौरे में उन्होंने देखा कि ग्रामों में हरिजनों को कुएं से पानी लेना मना किया जाता है तथा नाई उनके बाल नहीं बनाते। सवर्ण हिन्दुओं ने हरिजनों का बहिष्कार किया क्योंकि उन्होंने जिला बोर्ड के कुओं से पानी लिया तथा सवर्ण हिन्दू व्यापारियों ने उन्हें अपना माल बेचना बंद कर दिया। विपरीत घटना होने से रोकने के लिए इलाका सब-इन्सपेक्टर पुलिस द्वारा वहां पुलिस रखी गयी। पुलिस दल को स्कूल में ठहरना पड़ा क्योंकि सवर्ण हिन्दुओं द्वारा उन्हें रहने की जगह नहीं दी गयी। उन्होंने भी शालाभवन खाली कर देने को शिक्षा अधिकारियों को बाध्य किया। इसके फलस्वरूप पुलिस दस्ते को वहां से हटकर दूसरे स्थान में जाना पड़ा। पुलिस को भी बीड़ी आदि दूसरे ही देहातों से मंगानी पड़ती थी।

प्रसिद्ध विश्वेश्वर मंदिर हरिजनों के लिए खुल गया है, किन्तु वे सवर्ण हिन्दुओं के डर से उसमें जाना नहीं चाहते। बीजापुर जिले में अति वर्षा के कारण हरिजनों को काफी हानि पहुंची। किन्तु श्री कारखानीस स्थानीय अधिकारियों से मिले और उन्होंने उनके लिए बाढ़ सहायता प्राप्त की।

गुजरात

गुजरात में श्री पी० एल० मजुमदार द्वारा जो कि बम्बई शासन की ओर से संचालक भी हैं तथा जिन्हें २६ सहायक प्रचारकों का सहयोग प्राप्त है, कार्य चालू रहा। ये कार्यकर्त्ता १० जिलों में भेजे गये थे। उन्होंने अस्पृश्यता निवारण का प्रचार कार्य किया। प्रत्येक कार्यकर्त्ता ने अपनी सुविधा तथा गांव की योग्यता के अनुसार कुछ गांव चुन लिए।

उत्तर गुजरात में जिन तालाबों में पशु जा सकते हैं उनमें हरिजनों के प्रवेश के लिए मना है। श्री विजय कुमार ने गत वर्ष की भाँति सवर्ण हिन्दुओं से अपील की कि ये तालाब हरिजनों के लिए खोल दिये जांय। इस अपील का अच्छा परिणाम हुआ। सभाओं तथा सम्मेलनों में हिन्दुओं से प्रार्थना की गयी, "हरिजनों को अपने भाई समझना चाहिए और उनके साथ मैत्री भाव से रहना चाहिये"। उनकी पद्धति लोगों को मनाने की थी इसलिए अधिक मामले मध्यभारत या तामिलनाड की तरह न्यायालयों में नहीं गए। वस्तुतः कई स्थानों में सवर्ण हिन्दुओं ने हरिजनों का मंदिर में, कुओं आदि पर स्वागत किया तथा सहभोजों में भी वे सम्मिलित हुए।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश

प्रो० रामशरण, एम० पी० तथा श्री जगदर्शन सेवाल के मातहत यहां काम चालू रहा। यहां १७ जिलों में ६ प्रचारक कार्य कर रहे थे। उनका मुख्य कार्य मंदिरों, चायपानगृहों, कुओं तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों को हरिजनों के लिये खुलवाना था। शिविर, सार्वजनिक सभाएें, मेले, तथा सम्मेलनों का आयोजन किया गया जिनमें हरिजनों तथा सवर्ण हिन्दुओं के साथ सहभोज हुआ करते थे और जिनमें वे खुले आम भाग लेते थे। यह देखा गया कि हरिजनों में भी अस्पृश्यता उतनी ही दृढ़ थी। अतः उन्हें उस कुरीति को छोड़ने को कहा गया। कई कुंए, बावड़ियां, मंदिर हरिजनों के लिये खुलवाये गये।

पूर्वी उत्तर प्रदेश

इस क्षेत्र का कार्य काशी विश्वनाथ तथा अन्नपूर्णा मंदिरों पर केन्द्रित था जिस पर हरिजनों के प्रवेश के विरुद्ध आदेश प्राप्त किये गये। प्रचारकों ने पास के ग्रामों से अस्पृश्यता व्यवहार के विरुद्ध प्रचार का कार्य किया।

प्रचार तथा छपाई

इस वर्ष ६ भिन्न-भिन्न दृश्य दिखाने वाले कई रंग के ३,३०,००० पोस्टर छपाये गये और सब राज्यों में वितरित किये गये। इनमें से कई प्रदेशीय भाषाओं में छापे गये। दस प्रकार के प्रचार पत्रों की हिन्दी में २,२०,००० प्रतियां तथा ३ अंग्रेजी प्रचार—पत्रकों की ७५,००० प्रतियां छपवाई गयीं। इनमें से कई प्रचारपत्रों का अनुबाद क्षेत्रीय भाषाओं में किया गया। एक फोल्डर विविध रंगों में, एक फोल्डर की २४,००० प्रतियां हिन्दी में भी छपवाई गयीं। कलेंडर तथा नक्शे पुनर्गठित, राज्यों की अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों की जनसंख्या के साथ छपवाये गये।

३ सिनेमा गाड़ियों द्वारा प्रचार किया गया। एक गाड़ी दिल्ली में, दूसरी अहमदाबाद तथा तीसरी मद्रास में है। इन गाड़ियों द्वारा अस्पृश्यता पर फिल्मों के साथ-साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता, सफाई कृषि, तथा द्वितीय पंचवर्षीय योजनाओं की डाक्युमेंटरी भी देहात तथा शहर में भी दिखाई गयीं। मैंजिक लैन्टर्न द्वारा अस्पृश्यता की बुराईयों की स्लाइडें तैयार की गयीं और मैजिक लेन्टर्न द्वारा विभिन्न राज्यों में दिखाई गयीं।

सवर्ण हिन्दु छात्रवृतियां—हमारे सब छात्रावास (१५४) हरिजनों के लिये ही हैं, किन्तु जातिभेद दूर करने के उद्देश्य से शासन द्वारा १५,००० रु० का अनुदान सवर्ण हिन्दु छात्रों के लिये मिला है जो कि हरिजनों के साथ छात्रावास में रहेंगे तथा उनके साथ खायें पियेंगे। ऐसे सवर्ण हिन्दु छात्रों को छोटी-छोटी छात्रवृतियां दी जायेंगी। केवल १५४ छात्रावासों में से ३९ छात्र-वासों में १६० सवर्ण हिन्दु छात्र रहते हैं। छात्रों की संख्या इस वर्ष कुछ बढ़ गयी हैं।

इस वर्ष प्रार्थना मंदिर या कुंए बनाने का कार्य नहीं किया गया क्योंकि इस वर्ष इस निर्माण कार्य के लिये अनुदान स्वीकृत नहीं हुआ है।

(ब) भारतीय डिप्रैस्ड क्लासेज लीग

भारतीय डिप्रेस्ड क्लासेज लीग ने अपने पवित्र धर्मयुद्ध का कार्य १९५६ में अस्पृश्यता राक्षसनी के विरुद्ध चालु रखा। इस लीग द्वारा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये निम्नलिखित कार्य किये गये :—

(अ) प्रचारकों द्वारा प्रचार

(ब) सिनेमा गाड़ियां

(स) पोस्टर, परिपत्र, अखबार तथा पुस्तिकायें

(द) सम्मेलन, सभायें, तथा मेले आदि

(क) भजन पार्टियाँ तथा कीर्तन मंडलियां

(ख) ड्रामा।

(१) **नाटकों द्वारा प्रचार करना** :—यह कार्यक्रम अन्य कार्यक्रमों के साथ पिछड़े कुछ साल से चलाया गया। इस प्रकार की रीति बहुत आकर्षक तथा परिणामकारी मालूम पड़ी । इस प्रकार की सफलता से लोगों द्वारा इसी तरह के कार्यक्रम, अन्य राज्यों में आयोजित करने का निश्चय किया गया। इन नाटकों में एक दृश्य "हम सब एक हैं" यह पूर्णतया अस्पृश्ता निवारण के लिये ही रखा गया है। दूसरे एक दृश्य में महाभारत के भक्त चेता-चमार साधु की जीवन कथा दिखाई गई है। इस योजना को व्यवहारिक ढंग से बनाने तथा स्त्रियों में विशेष रुचि उत्पन्न करने के लिये, क्योंकि उनमें अधिक अस्पृश्यता रहती है, लीग द्वारा धार्मिक खेल जैसे कृष्ण सुदामा, श्रीमती मंजरी, भक्त प्रहलाद, बीर अभिमन्यु, सत्यवान सावित्री, द्रौपदी चीर हरण, इत्यादि को अच्छी तरह रंग मंच पर लाना तय किया गया है। इन खेलों में अस्पृश्यता निवारण का विषय बहुत ही सुन्दर ढंग से रखा गया है ताकि यह भी कथा का एक भाग है, यह दिखाई दे सके। गृह मंत्रालय के मंत्री श्री बी० एन० दातार ऐसे एक खेल के समय उपस्थित थे और उन दृश्यों से बहुत हीं प्रभावित हुए।

इस प्रकार का प्रचार विशेषत: ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक परिणामकारी है क्योंकि वहाँ यह समस्या तीव्र है।

(२) **सिनेमा गाड़ियाँ**—दूसरी एक परिणामकारी योजना सिनेमा शो द्वारा प्रचार की है। इन सिनेमा के खेलों में आम लोगों के लिये सिनेमा, हरिजन प्रश्नों की वार्ताविषयक फिल्म, बड़े बड़े लोगों के टेपरिकार्ड किये हुए भाषणों तथा संदेशों को जैसे कि डा० राजेन्द्र प्रसाद, श्री गोविंद वल्लभ पंत, केन्द्रीय सरकार के गृहमंत्री, केन्द्रीय रेलवे तथा यातायात मंत्री, श्री जगजीवनराम, श्री जी० वी० मावलंकर तथा श्री काकासाहब कालेलकर तथा अन्य, दिखाया सुनाया जाता है। लीग ने स्वयं भी इस विषय पर अपना रेकार्डिंग कर लिया है। इसके लिये अधिक माँग भिन्न भिन्न प्रदेशों से आती हैं। उसे पूरा करने के लिये लीग ने अपनी गाड़ियों के प्रचार-साधन में एक और सिनेना गाड़ी बढ़ा ली हैं। लीग को ३ गाड़ियों को रिपोर्ट के इस वर्ष में निम्न स्थानों में घुमाया गया :—

बम्बई, मध्य प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, विंध्य प्रदेश, मध्य भारत, राजस्थान, पंजाब, तथा पैप्सु।

(३) **पोस्टर, विज्ञापनपत्र, अखबार तथा पुस्तिकाएँ**—इस योजना के अन्तर्गत लीग प्रचार का साहित्य काफी संख्या में प्रकाशित करती है। यह हिन्दी तथा भिन्न-भिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में किया जाता है। लीग द्वारा बहुरंगी १० प्रकार के पोस्टर लगभग १ दर्जन पुस्तिकाएँ तथा १ लाख इश्तिहार छपवाये गये। इसके अतिरिक लाग 'निर्भय' नामक हिन्दी पाक्षिक तथा 'मानवता' नामक मराठी पाक्षिक पूर्णतया अपने ही फंड से छपवा रही है।

(४) प्रचार का और एक ढंग भजन तथा कीर्तन टोलियाँ प्रारम्भ करना है। यह टोलियाँ स्थान स्थान पर धार्मिक गीतों के कार्यक्रम रखती हैं और अपने साथ झंडे, तथा पोस्टर जिनमें अस्पृश्यता व्यवहार के बुरे परिणामों को दिखाया गया है, लेकर चलती हैं।

(५) दूसरी एक ठोस योजना सवैतनिक तथा अवैतनिक प्रचारकों की नियुक्ति है। भिन्न भिन्न प्रदेशों में कार्य करने वाले सैकड़ों कार्यकर्ता तथा अधिकारियों के अतिरिक्त अस्पृश्यता निवारण के लिये लीग द्वारा ६० प्रचारक नियुक्त किये गये। स्थानीय प्रमुख लोगों की अध्यक्षता में कार्यकर्ता स्थान स्थान पर सभाएें तथा सम्मेलनों का आयोजन करते हैं। सभा में आये हुए लोगों को अस्पृश्यता की बुराईयाँ बतला कर उन पर यह प्रभाव डाला जाता है कि वे इन अपन ही अभागे भाईयों के साथ मानुषिक व्यवहार करें। इस लीग के कार्यकर्ताओं दोनों-सवैतनिक या अवैतनिक को कहा जाता है कि वे अपना लक्ष्य हरिजनों के लिये कुएँ खोलना, मंदिर प्रवेश, धर्मशाला, होटल, नाई की दुकानें, धोबी की दुकानें इत्यादि खोलने पर केन्द्रित करें जो कि अब भी उनके लिये बंद हैं। इन प्रयत्नों के लिये प्रचारकों में अधिक सहनशक्ति की आवश्यकता है।

यह सत्य है कि अस्पृश्यता का व्यवहार अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, १९५५ के अनुसार दण्डनीय अपराध है किन्तु ऐसा हृदय परिवर्तन केवल कानून पास करने से नहीं किया जाता। विधान सभाओं में विधेयक बनवा लेना यह एक साधन है, किन्तु यह सामाजिक सुधार के विषय में साध्य तब तक नहीं बन सकता, जब तक इस ऐतिहासिक कानून को कार्यान्वित करने की जिम्मेदारी जिन लोगों पर है वे अपनी आखें इस सत्य की ओर से बन्द रक्खेंगे। तब तक ऐसे कानून से कुछ हासिल नहीं हो सकता। ऐसे मामलों की कमी नहीं कि जहां हमारे कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा अपराधियों को खोजने में सहायता देने के बदले उन्हें कष्ट दिया जाता है। ऐसी शिकायतें आयी हैं।

(६) लीग द्वारा अस्पृश्यता पर गोष्ठी का आयोजन किया जाता है तथा उसके अतिरिक्त मेलों तथा धार्मिक त्योहारों के समय शिविर लगाये जाते हैं। बम्बई प्रदेश के मनमाड में बोरकर कारागिर शिविर, पश्चिमी बंगाल के कंचरापाड़ा में कार्यकर्ताओं का सेमिनार तथा दूसरा स्नेह सम्मेलन जिसका उद्‌घाटन गृहमंत्रालय के मंत्री श्री बी० एन० दातार द्वारा किया गया तथा जिसकी अध्यक्षता श्री एन० एस० काजरोलकर द्वारा की गई, ऐसे ३ सेमिनारों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त बिहार प्रदेश के सोनपुर के मेले में, भागलपुर के बोन्सी मेले में, इलाहबाद के माघ मेले में, उत्तर प्रदेश के गढ़मुक्टेश्वर के मेले के समय शिविरों का आयोजन किया गया।

(७) भारतीय डिप्रेस्ड क्लास लीग द्वारा एक नया उपक्रम शुरू किया गया जो सिनेमागृहों में अस्पृश्यता निवारण सम्बन्धी स्लाइडें दिखाना है।

(स) ईश्वरशरण आश्रम, इलाहाबाद

साधारण—ईश्वरशरण आश्रम इलाहाबाद का मुख्य ध्येय अस्पृश्यता को जड़ से नष्ट करना रहा है। इस ध्येय की पूर्ति के लिये इसकी पूरी शक्ति लगायी जाती है। सवर्ण हिन्दुओं के हाथ से अस्पृश्यों को कितने कष्ट भुगतने पड़ते हैं, यह बात दोहराने की जरूरत नहीं है। सवर्ण हिन्दुओं से यह प्रार्थना करना काफी है कि उन्हें अब अपना दृष्टिकोण बदलना चाहिये और अस्पृश्यों को समाज में उनका वास्तविक स्थान देना चाहिये। आश्रम की विविध प्रवृत्तियाँ जो कि प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से अस्पृश्यता निवारण के अपने ध्येय प्राप्त्यार्थ उपयोग में लाई जातीं हैं, उनका संक्षेप में दिग्दर्शन किया जा रहा है। आश्रम को अभी तक जो सफलता प्राप्त हुई है उससे उनमें आशा तथा प्रोत्साहन उत्पन्न हो गया है और यह ही नहीं बल्कि थोड़े ही समय में यह संस्था अपने प्रान्त में अपने ढंग की सबसे बड़ी हो गई है।

शिक्षा—आश्रम की एक कार्यप्रवृति हरिजनों में तथा पिछड़े वर्गों में शिक्षा का प्रसार करना है। इसके लिये निम्न साधनों का उपयोग किया गया।

(अ) **प्राइमरी पाठशालाएँ**—आश्रम की प्राइमरी पाठशाला, इलाहाबाद नगरपालिका क्षेत्र की सबसे बड़ी पाठशाला है और उसकी अपनी विशेषताएँ हैं। इसमें ५ शिक्षक हैं जिसमें ३ महिलाएं हैं। इस शाला ने सुव्यवस्थित तथा अनुशासन युक्त सहशिक्षा की समस्या का सही हल निकालने में मार्गदर्शन किया है। शालाओं के बालकों में अच्छे गुण उत्पन्न करने के हेतु आश्रम छात्रों की पढ़ाई की ओर विशेष ध्यान देता है। शाला में दोपहर के नास्ते की व्यवस्था की गई है तथा छात्रों में स्वच्छता की व्यवस्था और उन में स्वच्छता की भावना उत्पन्न करने के लिये साबुन मुफ्त वितरित किया जाता है।

(ब) **इंटरमीजिएट कालेज**—उत्तर प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग की नई संगठनात्मक योजना के अन्तर्गत, आश्रम में इण्टर-मीजिएट कालेज खोला जिसमें छटी से १२ तक कक्षाएं हैं। इस आश्रम को "रचनात्मक ग्रुप स्कूल" बनाने के लिये चुना गया है और इस समय उसमें ६ मुख्य रचनात्मक विषय रखे गये हैं जैसे कामर्स (अर्थशास्त्र तथा बैंकिंग), कामर्स (शार्टहैंड तथा टाइपिंग), लकड़ी का काम, चमड़ा उद्योग, सिलाई तथा कृषि। महात्मा गान्धी जी द्वारा सुझाये हुए बुनियादी माडेल को इस शाला में चलाने के प्रयत्न हो रहे हैं और इस दिशा में जो फल दिखायी देता है वह उत्तेजक है। छात्रों में कुछ हद तक आत्मनिर्भर होने की भावना तैयार की गई है और अब वह कितना भी कठिन कार्य क्यों न हो, अतिरिक्त श्रम का काम करने में हिचकिचाते नहीं। वे अपने लिए शाक-भाजी खेतों में उगाते हैं, शाला तथा होस्टल प्रांगण की सफाई करते हैं, सादगी से रहते हैं और देश के योग्य नागरिक होने की आकांक्षा रखते हैं। ये भी प्रयत्न किया जा रहा है कि शाला का पाठ्यक्रम इस प्रकार का बने कि वहाँ के छात्र जब शाला से बाहर जायें तो स्वावलम्बी हो सकें। जो मुख्य हस्त-उद्योग वे सीखेंगे वह उनके जीवनयापन के लिए अपने पैरों पर खड़ा होने की पर्याप्त शक्ति देने में समर्थ होंगे। कालेज की अन्य कार्य प्रवृत्तियां ये हैं :—

(अ) स्काउटिंग, (ब) एन० सी० सी० ट्रेनिंग, (स) पी० ई० सी० ट्रेनिंग, (ड)उत्तर प्रदेश सरकार की कृषि विकास योजना, (क) मिलिटरी शिक्षा द्वारा अनुशासन—भारत सरकार की योजना, (ख) सामाजिक सेवा, (ग) ए० सी० सी० शिक्षा।

(स) **लड़कियों की शिक्षा**—आश्रम में लड़कियों के लिये पृथक रात्रिशाला छटी क्लास से दसवीं क्लास तक चलायी जाती है जिसमें रचनात्मक विषय जैसे होम साइन्स (गृहशास्त्र, सिलाई, संगीत इत्यादि पढ़ाये जाते हैं)। एन० सी० सी० ट्रेनिंग के विषय में भी प्रयत्न जारी है।

(द) **सिविल इंजीनियरिंग स्कूल**—आज देश को अधिक आवश्यकता प्रशिक्षित ओवरसियरों तथा इंजिनियरों की है। इस बात को महसूस करके आश्रम द्वारा इलाहाबाद में एक सिविल इंजिनियरिंग स्कूल अछूत वर्ग तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को पढ़ाने के लिये शुरू किया गया है। इस स्कूल में हरिजन छात्रों की संख्या सन्तोषकारक नहीं है। इसका मुख्य कारण यही है कि प्राय: हरिजन विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के लिये आवश्यक योग्यता नहीं रखते। इस समय ओवरसियरिंग क्लास तथा यांत्रिक और इलैक्ट्रिक इंजिनियरिंग की कक्षायें चलायी जाती हैं।

(क) **व्यवसायिक तथा औद्योगिक शाला**—आश्रम एक बुनियादी शाला चलाता है, जहां दो वर्ष का प्रशिक्षण चमड़े का कार्य, लकड़ी का उद्योग, छपाई तथा जिल्द बंधाई और सिलाई में दिया जाता है। यहां एक अच्छा चर्मालय है जहां जूते, चप्पल, सूटकेस इत्यादि बनवाये जाते हैं। इन चीजों की बाजार में बिक्री करने के लिये जिसकी मांग प्रतिदिन अधिक बढ़ रही है, आश्रम द्वारा एक दुकान शहर में शुरू की गई है। आश्रम के अन्दर उत्तर प्रदेश सरकार का खादी बुनाई के लिये शिक्षणवर्ग भी चलाया जाता है।

(ख) **कमला नेहरू हरिजन भारती जे० एच० एस० टिकारी, इलाहाबाद**—आश्रम की यह शाखा ग्रामीण क्षेत्र मे अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्ग के छात्रों को शिक्षा देने के हेतु थोड़े ही दिन पहले शुरू की गई थी। इस समय उसमें १ से ८ कक्षा तक लड़के पढ़ते और हैं यह आशा की जाती है कि उसमें ९ व १० वीं कक्षायें भी शीघ्र शुरू हो जायेंगी।

(२) **छात्रावास**—आश्रम द्वारा लड़कियों तथा लड़कों के लिये कई छात्रावास चलाये जाते हैं। चूंकि इस छात्रावास में रहने वाले छात्र अत्यन्त गरीब परिवार के हैं तथा शिक्षा की अभिलाषा से दूर दूर प्रदेशों से आये हैं, अत: निवास तथा खाने पीने की सब सुविधायें और जीवन की सब आवश्यक वस्तुयें उन्हें दी जाती हैं।

(३) **कृषि**—आश्रम के पास ७१ एकड़ जमीन है जिसमें से ५० एकड़ जमीन कृषि योग्य है जहां कृषि विभाग शिक्षा पाने वाले छात्रों के लाभ के लिए तथा आसपास के ग्रामीणों के लिये एक आदर्श कृषि फार्म आसानी से चलाया जा सकता है। यद्यपि आश्रम में सिंचाई के लिये ट्यूब वैल हैं, तब भी नालियाँ पक्की न होने के कारण तथा अन्य आवश्यक सामग्री के अभाव में इन कुओं का पूरा उपयोग नहीं किया जा सकता। इन सब बातों के लिये काफी धन की आवश्यकता है।

(४) **पुस्तकालय तथा वाचनालय**—यहां दो पुस्तकालय हैं। उनमें से एक इण्टरमीजिएट कालेज के साथ संलग्न है, जहां संदर्भ ग्रन्थ तथा पाठ्यपुस्तकों का अच्छा संग्रह है, जिनका गरीब छात्र पूरा लाभ उठाते हैं।

दूसरे पुस्तकालय में जो गान्धी साहित्य भवन के नाम से प्रसिद्ध है उसमें गान्धी साहित्य, राजनीति, वेदान्त, मानसशास्त्र धर्म इत्यादि पर पुस्तकों का अच्छा संग्रह है। दूसरा पुस्तकालय जनता के लिए भी खुला है। कालेज पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या २४१२ तथा गान्धी साहित्य भवन में ३३३१ है। इसके अतिरिक्त कई अखबार तथा सामयिक पत्रिकायें इस पुस्तकालय के लिये मंगाई जाती हैं।

(५) **औषधालय**—आश्रम एक अस्पताल चला रहा है जो बहुत लाभप्रद कार्य कर रहा है। यह सौभाग्य की बात है कि यह अस्पताल २० ग्रामों के मध्य में है, जहाँ अनुसूचित जातियां तथा पिछड़े वर्गों के ही लोग रहते हैं। शहर के भी रोगी यहाँ दवाई के लिये एकत्र होते हैं। इस समय उसमें केवल बाहर से आने वाले रोगियों की सुश्रूषा की जाती है। अस्पताल के कर्मचारियों में २ थोड़े समय कार्य करने वाले अच्छे निपुण डाक्टर हैं। पूरे समय के लिये एक कम्पाउण्डर, एक ड्रेसर, तथा एक भंगी है। यद्यपि अस्पताल के भवन में स्थान पड़ा है और १० पलंगों के लिये आवश्यक सामग्री भी है, तो भी धन के अभाव के कारण पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति करना, तथा एक आवासिक कक्ष खोलना सम्भव नहीं है। ऐसी इच्छा है कि इस अस्पताल को सेवा का तथा इसी द्वारा हरिजन स्त्री पुरुषों को नर्सो तथा दाइयों की ट्रेनिंग देने के लिये एक लाभप्रद केन्द्र बनाया जाय। बाहर से आने वाले रोगियों की दैनिक संख्या ६० रहती है।

(६) **प्रचार तथा प्रकाशन**—आश्रम की प्रवृत्तियाँ केवल ऊपर बतलाई हुई तक ही सीमित नहीं हैं। वह इस बात से सचेत हैं कि अस्पृश्यता एक हृदय की भावना है जिसने बहुत वर्षो से चले आये रीतिरिवाजों के कारण जड़ें जमा ली हैं, और यह केवल दृष्टिकोण, विचार तथा भावना को बदलने से ही नष्ट की जा सकती है। इस संदेश को जनता के पास ले जाने के लिये आश्रम ने अपने को सभी वर्तमान प्रचार साधनों से सुसज्जित कर लिया है जैसे, सिनेमा प्रोजेक्टर, लाउडस्पीकर, माईक्रोफोन, एम्प्लीफायर, तथा प्रचार गाड़ियाँ। २ प्रकार के प्रचारक तथा भजनोपदेशक भी इस कार्य के लिये नियुक्त किये गये हैं जो एक स्थान से दूसरे स्थान में दौरा करते हैं और हिन्दू समाज में एकता का भाव लाते हैं। यह एकता पुराने रीति रिवाज के कारण प्रायः बिगड़ती दिखाई देती है। कार्यकर्त्ता ग्रामीणों से अपना निजी सम्बन्ध स्थापित करते हैं और कल्याण कार्य के लिये उपयुक्त वातावरण तैयार करते हैं। वे हरिजनों तथा सवर्ण हिन्दुओं के झगड़े भी मिटाने में सफल रहे हैं।

(अ) **अस्पृश्यता के विरुद्ध प्रतिज्ञा**—हिन्दु समाज से अस्पृश्यता को पूर्णरूप से नष्ट करने में विश्वास रखने वाले सवर्ण हिन्दुओं से लिखित प्रतिज्ञा लेने का आन्दोलन अभी अभी शुरू किया गया है। तीन मास के भीतर लगभग १,००० हिन्दुओं के हस्ताक्षर इकट्ठे किये गये हैं।

(ब) **संस्थापक दिवस का मेला**—आश्रम अपने संस्थापक के जन्म दिन के उपलक्ष्य में २६ अगस्त को अन्त होने वाला एक सप्ताह का वार्षिक समारोह मनाता है। इस काल में एक छोटा सा प्रदर्शन तथा मेले का आयोजन किया जाता है, जिनमें प्रचार और विज्ञापन का मुख्य तथा लाभदायक कार्य इस एकत्रित हुये विभिन्न वर्गों के बड़े जनसमूह में किया जाता है। इस जनसमूह में सरकारी अधिकारी, गैर-सरकारी कर्मचारी, छात्र, शिक्षक, समाज सेवक, मजदूर तथा ग्रामीण होते हैं। इस मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते हैं। कई प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रम भी इस सप्ताह में आयोजित किये जाते हैं।

राष्ट्रीय त्यौहार समारोह—राष्ट्रीय त्यौहार जैसे गणतन्त्र दिवस, स्वतन्त्रतादिवस, गान्धी जयन्ती इत्यादि विशेषरूप से मनाये जाते हैं। इन दिनों अस्पृश्यता को दूर करने के लिये तथा देहातों में रचनात्मक कार्य करने के लिए टोलियाँ बनाई जाती हैं। रास्ते साफ किये जाते हैं, सड़कों की मरम्मत की जाती है तथा हरिजनों में सफाई का उपदेश दिया जाता है।

(इ) **दो जन्म-दिवसों के उपलक्ष्य में प्रवास**—आश्रम राष्ट्रपति, डा० राजेन्द्र प्रसाद, तथा प्रधान मन्त्री, श्री नेहरू जी के जन्म दिन विशेष प्रकार से मनाता है। यह केवल २ दिन ही नहीं, किन्तु १४ नवम्बर से—जो श्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस है—३ दिसम्बर—जो राष्ट्रपति का जन्म दिवस है, तक का समय रचनात्मक कार्यों में लगाया जाता है। पिछले वर्ष में कार्यकर्त्ताओं तथा छात्रों की एक टोली विभिन्न अन्यान्य राज्यों में लम्बे लम्बे प्रवास पर जाया करती थी और उन बन्धनों को प्रचार द्वारा तोड़ती थी जो मानव मानव को एक दूसरे से अलग करते हैं। इन दौरों में कार्यकर्त्ताओं ने अस्पृश्यता की बुराइयों की ओर जनता का ध्यान आकृष्ट किया। इस वर्ष बांदा, हमीरपुर तथा फतेहपुर जिलों के ग्रामों में रचनात्मक कार्य करने के उद्देश्य से ३ शिविरों का आयोजन किया गया।

(ई) **साहित्य का प्रकाशन**—आश्रम "आश्रम सन्देश" नामक एक मासिक पत्रिका प्रचार के लिये प्रकाशित करता है जिसमें अस्पृश्यता के प्रश्न पर हिन्दी तथा अंग्रेजी में लेख रहते हैं।

इसके अतिरिक्त कई प्रकार के पोस्टर, पर्चे, इश्तहार, जो कि सामाजिक उत्थान कार्य से सम्बन्ध रखते हैं, छपवाये गये तथा मेलों, प्रदर्शनियों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में वितरित किये गये। ये पोस्टर राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक संस्थाओं को बहुत पसन्द आये हैं तथा उनकी विशेष मांगों पर हजारों की संख्या में प्रचार कार्य के लिये भेज दिये गये हैं।

परिशिष्ट ११

भारत सरकार के सूचना तथा प्रसार मन्त्रालय द्वारा
किये गये कार्य का ब्यौरा

सन् १९५६-५७ में सूचना तथा प्रसार मंत्रालय के कई माध्यमों द्वारा जनता में अस्पृश्यता व्यवहार के विरुद्ध जनमत तैयार करने के प्रयत्न चालू रहे। किये गये कार्य का छोटा सा विवरण नीचे दिया गया है।

फिल्में

गत वर्ष के प्रसृत डाक्युमेंटरियों के अलावा फिल्म विभाग द्वारा इस वर्ष २ नई डाक्युमेंटरी ३० नवम्बर १९५६ तक बनाई तथा प्रसारित की गईं। वे डाक्युमेंटरी ये हैं "भगवान के बालक तथा मध्य भूमि की रिपोर्ट"।

"भगवान के बालक" यह पटकथा २० अप्रैल को प्रसारित की गई। इसमें हरिजनों के सामाजिक उत्थान के लिए आंदोलन तथा अस्पृश्यता निवारण के लिये वैधानिक एवं कानूनी व्यवस्था तथा हरिजनों द्वारा सामाजिक जीवन में जो भाग लिया गया, उसका प्रदर्शन कराया गया है।

"मध्यभूमि की रिपोर्ट" में जो २९ जून, १९५६ को प्रसारित की गई मध्यभूमि के २०० लाख आदिवासियों का जीवन चरित्र तथा उनकी दशा और अच्छा जीवन बिताने के लिए किए जाने वाले प्रयत्न चित्रित किये गये हैं।

फिल्मों का प्रचार के साधन के रूप में प्रभावशील माध्यम होने से यह सोचा गया कि कुछ प्रत्यक्ष फिल्मों को जिनको अस्पृश्यता को नष्ट करने के विषय को लेकर तैयार किया गया है खरीद लिया जाय, जोकि सब प्रदेशों में चलती फिरती सिनेमा गाड़ियों द्वारा दिखाई जा सकेंगी। ऐसी उपयुक्त फिल्मों का पहले से ही चुनाव करने के लिये एक समिति नियुक्त की गई और उन्होंने ५ फिल्मों को इसके लिए चुन लिया है। उन फिल्मों को खरीदना तथा प्राइवेट संस्थाओं से प्रत्यक्ष फिल्म तैयार करवाना विचाराधीन है।

फिल्म डिवीजन द्वारा 'भारतीय वार्ता' के शीर्षक में कुछ विशेष रोचक विषय भी सम्मिलित किये गये थे।

अखिल भारतीय रेडियो

बहुत साल से अखिल भारतीय रेडियो, अस्पृश्यता के विरुद्ध जनमत को शिक्षा देकर अस्पृश्यता को दूर करने की समस्याओं पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित करता आ रहा है तथा अनुसूचित आदिमजातियों और हरिजन जातियों में स्व-सम्मान की भावना उत्पन्न कराने तथा शासन द्वारा उनके उत्थान के लिए क्या कार्य किया जा रहा है, या क्या अभी तक किया गया, इन प्रश्नों पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं। इन विषयों का बार बार तथा अधिक परिमाण में प्रसारित होना इस बात पर निर्भर करता है कि इनको प्रसारित करने वाला व्यक्ति उन विषयों में कितना दक्ष है, तथा प्रसारित करने के लिये प्राप्त सामग्री का कार्यक्रम में कितना मूल्य है। ऐसा कुछ निश्चित तय नहीं किया गया है कि इसको कितनी बार प्रसारित किया जाय। किन्तु यह विषय जीवित रहे इस बात का ध्यान रक्खा जाना है। भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में अधिक काल तक उनका परिणाम टिक सकेगा, यह दृष्टि में रख कर रेडियो स्टेशन द्वारा वे प्रोग्राम दुबारा प्रसारित किये जाते हैं।

अस्पृश्यता निवारण के कार्यक्रम विविधरूप में प्रसारित किये जाते हैं जैसे बातचीत, संवाद, नाटक, कथा तथा मेल मिलाप। रिपोर्ट के समय तक ३१३ कार्यक्रम आल इंडिया रेडियो द्वारा प्रसारित किये गये। प्रसारण की सामग्री तथा दक्ष प्रसारक को छाँटने के लिए जनता की साधारण तथा विशेष आवश्यकताओं को ध्यान रक्खा जाता है। जो इस कार्य में रुचि लेते हैं और इस समस्या का जिन्होंने विशेष अध्ययन किया है, ऐसे विद्वान लोगों को सर्वदा बुलाया जाता है। आल इन्डिया रेडियो स्टेशन आम जनता के मत को सुधारने के लिये इस प्रकार के प्रसार का महत्व जानते हैं और उनका यह दृष्टिकोण तथा प्रयत्न रहता है कि यह सारा कार्यक्रम प्रभावशील हो तथा वह ऐसा हो कि अधिक से अधिक लोगों के पास पहुंच सके।

प्रकाशनें

आल इंडिय [illegible]डियो स्टेशन द्वारा प्रसारित हिंदी तथा अन्य प्रादेशिक भाषाओं के भाषणों को "अस्पृश्यता" इस शीर्षक से छोटे पर्चों द्वारा हिंदी [illegible]ठी, बंगाली, मलयालम, तेलँगु, कन्नड़, तामिल, गुजराती इन भाषाओं में प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित किया गया।

प्रेस समाचार

प्रेस समाचार संस्था द्वारा अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों की समस्याओं की ओर विशेष ध्यान दिया गया। गृह मंत्रालय के सूचना तथा प्रसार विभाग के अधिकारी द्वारा अनुसूचित जातियों के आयुक्त के साथ घनिष्ट संबन्ध रखा गया। गृह मंत्रालय द्वारा या शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुसूचित आदिमजातियों तथा अनुसूचित जातियों की स्थिति सुधारने के लिये जो जो कदम उठाये गये, उनका पर्याप्त प्रचार किया गया।

इस वर्ष इस प्रकार के कार्य चलाने के अलावा हरिजनों तथा आदिमजातियों के कल्याण के लिये स्थापित केन्द्रीय परामर्शदात्री बोर्ड की कार्यवाही पर विशेष प्रकार से प्रकाश डालने का निश्चय किया गया। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के आयुक्त द्वारा आयोजित सम्मेलनों, कार्यक्रमों इत्यादि के प्रकाशन तथा फोटो आदि लेने की व्यवस्था की गई।

प्रदर्शनी

इस मंत्रालय के प्रदर्शनी कक्ष, अस्पृश्यता निवारण के आंदोलन के लिये योग्य शीर्षकों तथा टिप्पणियों के साथ फोटो प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रादेशिक प्रदर्शनी युनिट, अंबाला तथा हैदराबाद को २ प्रकार के चुने फोटुओं के सैट प्रदर्शनी साधनों के साथ दिये गये। अन्य प्रकार के सैट तैयार हो रहे हैं जोकि अन्य युनिटों को इस वर्ष के आखिर तक भेजे जायेंगे।

छपाई तथा प्रेस प्रकाशन

छपाई तथा चाक्षुष प्रकाशन विभाग के मंत्रालयों द्वारा अंग्रेजी तथा अन्य १२ प्रांतीय भाषाओं में अस्पृश्यता निवारण संबन्धी १० लाख फोल्डर छपवाये गये। इसके अतिरिक्त कई हिन्दुस्तानी भाषाओं में अस्पृश्यता निवारण के आन्दोलन के समर्थक ३ पोस्टर योग्य शीर्षक के साथ मार्च अन्त तक वितरण करने के लिये छपाकर तैयार किये जायेंगे। चौथे पोस्टर के विषय में उसका चित्र तथा उसके संभावित मूल्य इत्यादि भी तय किये गये।

अस्पृश्यता के व्यवहार के विरुद्ध जनमत को प्रभावित करने के लिये ६ प्रकार के प्रकाशनार्थ इश्तहार विभिन्न भाषाओं के अखबारों, साप्ताहिक तथा वार्षिक पत्रों में जिनका क्षेत्रीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में काफी प्रचार है, एक के बाद एक के क्रम से प्रसारित किए गए। इश्तहारों द्वारा भारत के महर्षि तथा मुनियों से प्रतिपादित एकता भाव तथा समानत्व के विचार चित्र द्वारा मनुष्यों में सुस्पष्ट तथा प्रत्यक्ष करने का प्रयत्न किया गया।

चलती फिरती युनिटें-पंचवर्षीय योजना

रिपोर्ट के इस वर्ष में प्रकाशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचवर्षीय योजना के एकत्रित प्रचार कार्यक्रम द्वारा घूमने फिरने वाली ३७ युनिटों द्वारा (जिनको हाल में ही ६ मोटर गाड़ियाँ तथा १ बैल गाड़ी भी मिल गई हैं) अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों में कल्याण कार्यक्रम के लिए तथा अस्पृश्यता के विरोध में आम जनमत तैयार करने के लिए विशेष प्रचार किया गया। इन युनिटों द्वारा देश भर में ९,००० फिल्में दिखाई गई और अन्यान्य प्रसंगों के अवसर पर "अच्छे समाज की ओर" "भगवान के बालक" "नियोजित साध्य" इत्यादि जो फिल्में आदिमजातियों तथा अनुसूचित जातियों के कल्याण कार्य के कई पहलुओं पर प्रकाश डालती हैं, दिखाई गई। बहुत से ऐसे सिनेमा शो भी थे जिनको बाद में छोटी मोटी आम सभाओं का स्वरूप भी प्राप्त हो जाता था, जिनमें अस्पृश्यता व्यवहार विधेयक तथा अन्य अस्पृश्यता व्यवहार के विरुद्ध उपयोग में लाये जाने वाले साधनों पर प्रकाश डाला जाता था। कुछ सिनेमा तो हरिजनों के घर के पास ही दिखाए जाते थे जो लोगों को बहुत पसन्द आते थे।

जनवरी फरवरी मास में उड़ीसा में आदिमवासी मेलों के अवसर पर प्रचार के विशेष कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रचार आफिसर, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित किए गए। उन्होंने पंचवर्षीय योजना प्रचार के लिये दुकानें रक्खीं जिनमें पोस्टरों तथा फोलडरों द्वारा योजना कार्यक्रम दिखाए गये। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारों द्वारा १ नाटक तथा ७ फिल्म शो (पटकाएं) मेलों में दिखाये गए जिनको ४०,००० लोगों ने देखा। गया के क्षेत्रीय प्रचार आफीसर ने अपने जिले के आदिवासियों के राष्ट्रीय त्यौहार में भाग लिया और फिल्म शो, व्याख्यान तथा प्रचार के साधनों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। वाराणसी प्रचार विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी ने मिर्जापुर में हरिजन सम्मेलन में भाग लिया जिसका उद्घाटन शिक्षा विभाग के उपमंत्री द्वारा किया गया। क्षेत्रीय प्रचार विभाग [illegible] के अधिकारी द्वारा आदिवासी क्षेत्र में विशेष प्रकार से प्रचार किया गया। उन्होंने डाँग सेवा मंडल तथा इस क्षेत्र के सर्वोदय का[illegible]ओं से सम्पर्क स्थापित किया। भाषण देने के अतिरिक्त उन्होंने फिल्में दिखाई जिनमें इस भाग के १३,००० लोगों ने भाग लि[illegible]नमें मुख्यतया भील

थे। इनमें से कुछ लोगों ने तो पहली ही बार सिनेमा देखा था। वह देखकर पुलकित हो गये।

हिमाचल प्रदेश के रामपुर बुशहर में पिछड़े जातियों के कल्याण के लिए आयोजित कांफ्रेंस में प्रादेशिक अधिकारी ने (उत्तरी पश्चिमी) भाग लिया और प्रदर्शनी कक्ष की सहायता से उन्होंने पंचवर्षीय योजना प्रकाशन दुकान का आयोजन किया। उन्होंने लगभग आधी दर्जन से अधिक हरिजनों के सम्मेलनों में भाषण दिया तथा हरिजन बस्तियों को देखा।

इन आदिवासियों के कल्याण कार्य के उपलक्ष्य में आयोजित महत्त्वपूर्ण सभाएँ, चर्चाएं, तथा गोष्ठी कार्यक्रमों में सब क्षेत्रीय अधिकारियों ने भाग लिया। कुछ क्षेत्रीय अधिकारीगण हरिजनों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक तथा सामाजिक कार्यक्रमों में भी उपस्थित रहे। उनके निवास स्थान को देखा तथा गुरुदास जयंति, महर्षि वाल्मीकि जयंति के अवसर पर विशेष प्रचार कार्यक्रमों की व्यवस्था कर दी। दिसम्बर १९५६ के हरिजन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में प्रायः सभी क्षेत्रीय युनिट सम्मिलित हुए तथा आदिवासी और हरिजनों के लिए विशेष फिल्मों का आयोजन किया गया। देश भर के महत्त्वपूर्ण मेलों तथा अन्य सामाजिक त्यौहारों का जहां हरिजन तथा आदिवासी एकत्रित होते हैं, विशेष प्रचार के लिए उपयोग किया गया।

अस्पृश्यता निरोध विधेयक की प्रतियां उपयुक्त स्थानों में प्रदर्शित करने के लिये सभी क्षेत्रीय अधिकारियों के पास भेजी गईं, तथा उनको हरिजन कल्याण कार्य में आवश्यक भाषण देने के लिए सामग्री भेजी गई।

द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में क्षेत्रीय प्रचार युनिटों की संख्या दुगुनी बढ़ाने को सोचा जा रहा है। अतएव हरिजनों तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण कार्य का प्रचार अधिक सघन एवं व्यापक क्षेत्र में किया जायेगा।

परिशिष्ट

तालिका

प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुए और द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होनेवाले प्रस्तावित व्यय को

क्र० सं०	राज्य का नाम	अनुसूचित आदिमजातियां		अनुसूचित जातियाँ	
		प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित व्यय	प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित व्यय
१	२	३	४	५	६
१.	आन्ध्र ...	८१,६६,६३०	२,३०,५०,०००	३,७६,२९१	१,७६,५०,०००
२.	आसाम ...	५,८७,७१,५३२	१३,७२,४४,०००	७,४१,४६८	५७,५०,०००
३.	विहार ...	३,४९,६९,६७५	५,६८,९८,५००	अप्राप्त	१,९६,६२,५००
४.	बम्बई ...	१,७५,०५,३८१	२,९३,८७,७६०	१,२२,१२,९१९	६१,०७,८००
५.	मध्य प्रदेश ...	अप्राप्त	६,१९,९७,६००	८,७४,८०२	७४,२४,९००
६.	मद्रास ...	२,१२,१९४	७७,८३,०००	३,९१,३८४	४,८२,७३,३६५
७.	उड़ीसा ...	२,२३,४९,१५०	५,७३,२४,५००	१५,३८,६७०	७२,१५,५००
८.	पंजाव ...	२२,५६,७४६	१,०९,७४,६००	७३,८०,६२५	१,७६,९२,२५०
९.	उत्तरप्रदेश ...	अनुसूचित आदिमजातियाँ नहीं हैं		२,४२,७२,०००	४,३७,४२,०००
१०.	पश्चिमी बंगाल ...	८६,९९,६५१	१,८२,९९,०५०	१८,८७,९९९	५८,९०,७५०
११.	हैदरावाद्र ...	१९,८१,५६८	५५,६५,०००	अप्राप्त	६७,५८,०००
१२.	जम्मू तथा काश्मीर ...	अनुसूचित आदिमजातियाँ नहीं हैं		अप्राप्त	२७,००,०००
१३.	मध्य भारत ...	५२,०६,९७८	१,७१,०५,७००	अप्राप्त	६२,८२,०५०
१४.	मैसूर ...	अप्राप्त	२५,००,०००	९,२०,५२१	१,९५,४०,०००
१५.	पैप्सू ...	अनुसूचित आदिमजातियां नहीं हैं		३७,८८,९८९	५४,१५,०००
१६.	राजस्थान ...	४३,५४,५६९	१,१३,००,०००	१७,८२,६७९	६६,००,०००
१७.	सौराष्ट्र ...	४,४८,४२०	१७,१२,२७५	८,१४,३५०	३२,५५,०००
१८.	त्रावणकोर-कोचीन ...	४,८५,२३५	४१,७४,२५०	२०,१३०	१,४७,६५,१५०
१९.	अजमेर ...	३,२६,१६१	१७,९६,९३०	२,१४,२५५	८,३८,१४०
२०	भोपाल ...	१२,५८,४६७	१४,४९,५००	४,३५,७५०	१०,०७,५००
२१.	कुर्ग ...	अप्राप्त	१३,०२,२५०	४,९२,७८१	१२,९२,७५०
२२.	दिल्ली ...	अनुसूचित आदिमजातियां नहीं हैं		अप्राप्त	१७,२०,२५०
२३.	हिमाचल प्रदेश ...	२,७६,७६७	३३,२३,९९०	२,४९,२२१	२२,०४,२१२
२४.	कच्छ ...	३,९४,९२५	७,२८,०००	२,८२,६२१	३,१७,३००
२५.	मणीपुर ...	१८,२५,९५०	१,०६,२५,०००	७४,३२१	५५,०००
२६.	त्रिपुरा ...	१८,९०,४४०	१,१३,००,०००	३६,०००	१,९०,०००
२७.	विन्ध्यप्रदेश ...	२२,८४,१४५	७५,१७,०००	८,७१,५३६	३२,३०,०००
२८.	पाण्डेचरी ...	अनुसूचिन आदिमजातियां नहीं हैं		—	७,०५,७५०
	योग	१७,३६,६४,५८४	४८,३३,५८,९०५	५,९६,५९,३१२	२५,६२,८५,१६७

१२

१

तुलनात्मक दृष्टि से राज्यवार प्रदर्शित करने वाली तालिका

विमुक्त जातियाँ		अन्य पिछड़े वर्ग		प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ कुल व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित कुल व्यय
प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित व्यय	प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित व्यय		
७	८	९	१०	११	१२
३,७४,३८८	१५,००,०००	अप्राप्त	—	८९,१७,३०९	४,२२,००,०००
विमुक्त जातियां नहीं हैं		अप्राप्त	—	५,९५,१३,०००	१४,२९,९४,०००
७३,२७६	८,४३,५००	४९,९३,०१२	८४,४५,५००	४,००,३५,९६३	८,५८,५०,०००
१३,५७,१४५	३३,६३,१२५	अप्राप्त	१,२९,६४,६५०	३,१०,७५,४४५	५,१८,२३,३३५
विमुक्त जातियां नहीं हैं		१७,१२,५५५	७१,२४,६५०	२५,८७,३५७	७,६५,४७,१५०
९,५३,३३०	९२,७९,०००	२,११,१०२	८१,१५,०००	१७,६८,०१०	७,३४,५०,३६५
४,४८,८३०	९,१०,२००	५,९७,९४०		२,४९,३४,५९०	६,५४,५०,२०
६,२२,१६७	११,३३,१५०	अप्राप्त	—	१,०२,५९,५३८	२,९८,००,०००
४६,८८,०००	५५,५५,०००	४५,२८,०००	१,१३,२७,०००	३,३४,८८,०००	६,०६,२४,०००
अप्राप्त	५,७५,०००	अप्राप्त	—	१,०५,८७,६५०	२,४७,६४,८००
४,३८,९७३	१२,५०,०००	८,१७,९७७	१४,२५,०००	३२,३८,५१८	१,४९,९८,०००
विमुक्त जातियां नहीं हैं		अप्राप्त	१८,००,०००	—	४५,००,०००
अप्राप्त	२२,२७,७००	अप्राप्त	७,५३,३५०	५२,०६,९७८	२,६३,६८,८००
अप्राप्त	१२,६०,०००	अप्राप्त	—	९,२०,५२१	२,३३,००,०००
१,०५,६००	२,६१,०००	अप्राप्त	६,०४,०००	३८,९४,५८९	६२,८०,०००
५,४४,२५१	१७,५०,०००	२५,१८,७४७	६४,००,०००	९२,००,२४६	२,६०,५०,०००
२,८१,७३०	५,२७,५००	२,३१,३००	५२,८७,८५०	१७,७५,८००	१,०७,८२,६२५
विमुक्त जातियाँ नहीं हैं		अप्राप्त	—	५,०५,३६५	१,८९,३९,४००
१,३२,९७०	४,१०,६५८	अप्राप्त	३,५२,०००	६,७३,३८६	३३,९७,७२८
२४,६७२	४७,५००	४,९२,९९६	१,११,१५०	२२,११,८८५	२६,१५,६५०
विमुक्त जातियाँ नहीं हैं		अप्राप्त	—	४,९२,७८१	२५,९५,०००
अप्राप्त	—	अप्राप्त	—	—	१७,२०,२५०
विमुक्त जातियाँ नहीं हैं		१,०७,३१०	—	६,३३,२९९	५५,२८,२०२
१७,५५४	८६,४५०	अप्राप्त	८,७९,७००	६,९५,१००	२०,११,४५०
विमुक्त जातियाँ नहीं हैं		अप्राप्त	२,४५,०००	१९,००,२७१	१,०९,२५,०००
विमुक्त जातियां नहीं हैं		अप्राप्त	—	१९,२६,४४०	१,१४,९०,०००
१,८०,२३१	७५,०००	अप्राप्त	—	३३,३५,९१२	१,०८,२२,०००
विमुक्त जातियाँ नहीं हैं		अप्राप्त	—	—	७,०५,७५०
१,०२,४३,११७	३,१०,५४,७८३	१,६२,१०,९३९	६,५८,३४,८५०	२५,९७,७७,९५२	८३,६५,३३,७००

परिशिष्ट

तालिका

प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुए और द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाले प्रस्तावित व्यय की

क्र० सं०	योजना का नाम	अनुसूचित आदिमजातियाँ		अनुसूचित जातियाँ	
		प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित व्यय	प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित व्यय
१	२	३	४	५	६
१.	शिक्षा ...	५,१०,३३,५१८	८,८२,४४,८४५	३,८८,३८,८४३	१०,७६,,८०,१९२
२.	कृषि ...	२,६५,९८,८५२	२,२२,,९३,६७१	६,५८,४८५	७६,२९,०००
३.	गृह उद्योग ...	४७,४३,१८३	२,३८,५०,५८०	१६,८८,९९२	२,४७,५४,५५०
४.	चिकित्सा तथा जन-स्वास्थ्य ...	१,५३,५२,६०१	५,००,३२,५७८	६५,२०,७३२	२,८४,३४,६७५
५.	भवन-निर्माण ...	४८,९१,०२४	२,२६,४३,९५०	१२,२४,३६८	५,४६,५७,९००
६.	संचार ...	४,०७,९९,५५१	८,७८,९५,८५०	२,२४,८९८	३,८१,७५०
७.	सहकारिता ...	४९,७५,५६४	१,३९,७१,०२५	१,३१,७५५	६६,४९,८००
८.	पुनर्वास ...	४,५७,०२१	३,३६,४३,२७५	—	५०,२८,४००
९.	वन ...	५७,८९,४३२	१,०५,५९,४१५	—	—
१०.	पशु-चिकित्सा ...	११,५३,४५१	४८,२४,२५२	१,९८२	—
११.	पकाशन ...	६,६२,१५७	९.६१,०९५	२९,२७,६६२	४६,४४,५६५
१२.	सामुदायिक केन्द्र ...	७,१७,७४८	१,१४,०००	७३,६५१	४५,१०,७७५
१३.	गैर-सरकारी संस्था को सहायता	१८,६२,११८	४४,७६,३५०	३४,५१,४६५	३५,३०,९५०
१४.	व्यवस्था ...	५४,५७,६७६	२,०२,८६,१०९	९,६८,१०४	२६,१९,१००
१५.	सघन क्षेत्र विकास ...	—	६,४२,००,०००	—	—
१६.	विविध ...	९१,७०,६८८	१,५६,६१,९१०	२९,४८,३७५	५७,६३,५१०
	योग	१७,३६,६४,५८४	४८,३३,५८,९०५ह्य	५,९६,५९,३१२	२५,६२,८५,१६१

ह्य इसमें २००.०० लाख रुपया वह भी शामिल है जो आसाम सरकार को संविधान के अनुच्छेद २७५ (१) के दूसरे नियम की धारा (अ) के अन्तर्गत दिया गया है।

१२

२

तुलनात्मक दृष्टि से योजनावार प्रदर्शित करने वाली तालिका

विमुक्त जातियाँ		अन्य पिछड़े वर्ग		प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ कुल व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित कुल व्यय
प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित व्यय	प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में हुआ व्यय	द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में होने वाला प्रस्तावित व्यय		
७	८	९	१०	११	१२
१६,७९,३५८	७७,१३,५६५	१,१७,२३,६८७	३,३९,१३,८५०	१०,३२,७५,४०६	२३,७५,५२,४५२
३०,१२,८२८	४४,३६,३००	९३,७६०	५८,८५,०००	३,०३,६३,९२५	४,०२,४३,३७१
६,८२,२८६	२६,०१,५७०	३,०२,०८०	३८,२२,४५०	७४,१६,५४१	५,५०,२९,१५०
६,४४,६०७	४,८९,९४०	१८,२१,८७१	१५,७८,२००	२,४३,३९,८११	८,०५,३५,३९३
११,३९,९१६	३२,८०,२५०	४,६९,२३६	१८,०४,३५०	७७,२४,५४४	८,२३,८६,४५०
२३,१७२	—	१,९०,१४४	४,६३,५००	४,१२,३७,७६५	८,८७,४१,१००
२९,६४०	२,५९,३५०	२,२२,६९९	६,६२,६५०	५३,५९,६५८	२,१५,४२,८२५
१७,०३,८२८	८९,९९,८००	४,८३,०५५	१२,९९,०००	२६,४३,९०४	४,८९,७०,४७५
—	—	—	—	५७,८९,४३२	१,०५,५९,४१५
३१,७००	८१,७५०	—	१,००,०००	११,८७,१३३	५०,०६,००२
१४,९५९	६,५००	२०,०००	७०,५००	३६,२४,७७८	५३,८२,६६०
१३,७७२	२,४०,५२५	—	१६,८३,२००	८,०५,१७१	६५,४८,५००
१,८९,४४६	५,९०,८७५	३,६१,८६०	१०,६८,५००	५८,६४,८८९	९६,६६,६७५
४,१७,००४	१,८९,८५८	४,५७,१२७	३३,२९,७००	७२,९९,९११	२,६४,२४,७६७
—	—	—	—	—	६,४२,००,०००
६,६०,६०१	२१,६४,५००	६५,४२०	१,०१,५३,९५०	१,२८,४५,०८४	३,३७,४३,८७०
१,०२,४३,११७	३,१०,५४,७८३	१,६२,१०,९३९	६,५८,३४,८५०	२५,९७,७७,९५२	८३,९५,३३,७०५

परिशिष्ट—१२

तालिका नं० ३

द्वितीय पंचवर्षीय योजना में केन्द्र द्वारा प्रसारित योजनाओं के अन्तर्गत धन के राज्यवार वितरण को प्रदर्शित करने वाली तालिका

क्र० सं०	राज्य का नाम	अनुसूचित आदिम-जातियां	अनुसूचित जातियाँ	विमुक्त जातियाँ	योग
१	२	३	४	५	६
१.	आन्ध्र ...	५०,००,०००	३४,००,०००	५,५०,०००	८९,५०,०००
२.	आसाम ...	४,६९,९४,०००	१०,००,०००	—	४,७९,९४,०००
३.	बिहार ...	२,४०,००,०००	४७,००,०००	१,५०,०००	२,८८,५०,०००
४.	बम्बई ...	१,८५,००,०००	२०,००,०००	१०,००,०००	२,१५,००,०००
५.	मध्य प्रदेश ...	२,४०,००,०००	२२,००,०००	—	२,६२,००,०००
६.	मद्रास ...	२०,००,०००	८८,००,०००	२७,००,०००	१,३५,००,०००
७.	उड़ीसा ...	२,५५,००,०००	१७,००,०००	२,५०,०००	२,७४,५०,०००
८.	पंजाब ...	३५,००,०००	३२,००,०००	३,००,०००	७०,००,०००
९.	उत्तर प्रदेश ...	—	९०,२४,०००	४१,००,०००	१,३१,२४,०००
१०.	पश्चिमी बंगाल ...	५०,००,०००	३०,००,०००	१,००,०००	८१,००,०००
११.	हैदराबाद ...	३०,००,०००	२१,९८,०००	३,००,०००	५४,९८,०००
१२.	जम्मू तथा काश्मीर ...	—	—	—	—
१३.	मध्य भारत ...	९५,००,०००	१४,००,०००	५,५०,०००	१,१४,५०,०००
१४.	मैसूर ...	६,००,०००	३२,००,०००	५,००,०००	४३,००,०००
१५.	पैप्सू ...	—	११,५०,०००	—	११,५०,०००
१६.	राजस्थान ...	४०,००,०००	१६,००,०००	४,५०,०००	६०,५०,०००
१७.	सौराष्ट्र ...	६,२५,०००	५,००,०००	१,००,०००	१२,२५,०००
१८.	त्रावणकोर-कोचीन ...	१५,००,०००	२७,६०,०००	—	४२,६०,०००
१९.	अजमेर ...	४,००,०००	१,५०,०००	—	५,५०,०००
२०.	भोपाल ...	३,००,०००	२,००,०००	—	५,००,०००
२१.	कुर्ग ...	३,००,०००	३,००,०००	—	६,००,०००
२२.	दिल्ली ...	—	३,००,०००	—	३,००,०००
२३.	हिमाचल प्रदेश ...	१०,००,०००	४,००,०००	—	१४,००,०००
२४.	कच्छ ...	३,१०,०००	—	—	३,१०,०००
२५.	मणीपुर ...	४०,००,०००	—	—	४०,००,०००
२६.	त्रिपुरा ...	३७,००,०००	—	—	३७,००,०००
२७.	विन्ध्यप्रदेश ...	३०,००,०००	८,००,०००	—	३८,००,०००
२८.	पांडिचेरी ...	—	१,५०,०००	—	१,५०,०००
	योग	१८,६७,२९,०००	५,४१,३२,०००	१,१०,५०,०००	२५,१९,११,०००

परिशिष्ट १२

तालिका नं० ४

द्वितीय पंचवर्षीय योजना में केन्द्र द्वारा प्रसारित योजनाओं के अन्तर्गत धन के योजनावार वितरण को प्रदर्शित करने वाली तालिका

क्रम संख्या	योजना का नाम	अनुसूचित आदिमजातियां	अनुसूचित जातियां	विमुक्त जातियां	योग
१	२	३	४	५	६
१.	शिक्षा	१,५९,०१,०००	—	११,००,०००	१,७०,०१,०००
२.	कृषि	२१,९८,०००	४३,८४,०००	८,००,०००	७३,८२,०००
३.	गृह-उद्योग	१,१८,३२,०००	१,७६,२१,०००	१२,५०,०००	३,०७,०३,०००
४.	चिकित्सा तथा जन-स्वास्थ्य	१,२६,९२,०००	७७,३५,०००	—	२,०४,२७,०००
५.	भवन-निर्माण	१,७५,३५,०००	१,९२,५०,०००	१२,५०,०००	३,८०,३५,०००
६.	संचार	२,२३,३८,०००	२,००,०००	—	२,२५,३८,०००
७.	सहकारिता	५३,१२,०००	१९,५५,०००	—	७२,६७,०००
२—पीने के पानी की व्यवस्था की जाय।

३—ऋण समझौता बोर्डों की स्थापना की जाय।

४—स्कूल, अस्पताल और दवाखानों की व्यवस्था की जाय।

५—सिर पर जितना ईंधन चल सके, उतना ईंधन मुफ्त ले जाने की अनुमति दी जाय।

६—मकान बनाने के लिए इमारती लकड़ी दी जाय।

७—अनुसूचित आदिमजाति खेतिहर मजदूरों की निम्नतम मजदूरी निश्चित की जाय।

मेरी अध्यक्षता में हुए सम्मेलन ने राज्य सरकार के सम्मुख यह सुझाव रखा कि जंगल कामगार सहकारी समितियां बनाई जांय, जिन्हें सरकार अल्पिष्ट कोश मूल्य पर कूप दे। अनुसूचित आदिमजातियों की आर्थिक समस्यायें ऐसी समितियां सामान्यरूप में सुलझा देंगी।

भोपाल और सेहोर की अनुसूचित जातियों की बस्तियों को मैं ने देखा। यहां पर भंगियों के लिए मकान तथा अन्य सुविधाओं को देखकर सन्तोष हुआ। वांछनीय यह है कि ऐसी बस्तियों में पंचायत घर का प्रबन्ध ऐसे व्यक्तियों के हाथों में हो, जिनकी समाज सेवा करने की योग्यता और रुचि हो, ताकि वे गरीब हरिजनों का बेहतर जीवनमान की दिशा में मार्ग-दर्शन कर सकें और उनकी बुरी आदतें छुड़ाने को प्रोत्साहन दे सकें।

भोपाल सरकार गिल्लोर में सामूहिक कृषि सहकारी समिति का प्रयोग सफलतापूर्वक कर रही है। इसके ५८ सदस्य हैं जिनमें से १५ अनुसूचित आदिमजातियों के हैं और १३ अनुसूचित जाति के। यहां पर, जंगल के उस भाग का कुछ अंश सदस्यों ने स्वयं साफ कर लिया है जो पहले शिकार के लिए सुरक्षित था, और १,००० एकड़ भूमि तोड़ कर उस पर कृषि की जाने लगी है। उसका बड़ा अच्छा परिणाम हुआ है। एक पंचायत घर और एक कूंआ भी यहां बनाया जा चुका है। मुर्गीपालन का प्रक्षेत्र आरंभ कर दिया है और एक छात्रावास खोलने का विचार है। मकान बनाने के लिए आवश्यक इमारती लकड़ी के अनुमति-पत्र दे दिये गये हैं। सेमलपानी और मानसा में दो और ऐसी सामूहिक कृषि सहकारी समितियां शुरू की गई हैं और मेरा सुझाव है कि गिल्लोर से मिला हुआ जंगली प्रदेश साफ कर दिया जाय और उसे कृषियोग्य बना कर एक नई समिति को दिया जाय, ताकि बढ़ती हुई मांग को पूरा किया जा सके, भोपाल राज्य में ६५,००० एकड़ भूमि पिछड़े वर्गों को जिनमें अनुसूचित जातियां और अनुसूचित आदिमजातियां भी शामिल हैं, खेती के लिए दी गई है। भोपाल सरकार के सीमित क्षेत्र को देखते हुए वास्तव में भोपाल सरकार ने यह बड़ा सराहनीय काम किया है।

बम्बई प्रदेश (पंचमहाल और सूरत जिले)—८ से १५ फरवरी १९५६ तक

मैंने बोरखेड़ी (बारदोली तालुके) में हुए गांधी मेले की अध्यक्षता की। लगभग २०,००० लोग वहां इकट्ठे हुए थे, जिनमें से अधिकांश अनुसूचित आदिमजातियों के थे। अनुसूचित आदिमजातियों के २० भूमिहीन व्यक्तियों को भूदान में प्राप्त ज़मीन बांटी गई। आदिवासियों और गांवों के लोगों के उपयुक्त रचनात्मक काम की समस्याओं पर विचार करने के लिए रचनात्मक कार्यकर्त्ताओं का दो दिन तक का एक सम्मेलन हुआ। बोरखेड़ी जाते समय, पंचमहाल ज़िले के झालोद नामक स्थान पर, जो आदिवासियों का अनुसूचित क्षेत्र है, मातृ और बाल कल्याण केन्द्र का मैंने उदघाटन किया। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों के लिए कल्याण योजनाओं और आश्रम स्कूलों के बारे में राज्य के अधिकारियों से चर्चा की।

कलकत्ता और आंध्र राज्य—१५ से २१ मार्च १९५६ तक

कलकत्ते में, घासखली और सुन्दरवन के अदिवासियों की शिकायतों के बारे में जो जांच की जा रही थी, उसके बारे में जो आदिवासी कल्याण मंत्री से मैंने चर्चा की। राज्य सरकार ने जो विशेष अधिकारी अब नियुक्त किया है, वह घासखली और सुन्दरवन के आदिवासियों के लिए कल्याण योजनाएं बना रहा है।

आंध्र प्रदेश में विशाखापटनम, पूर्व गोदावरी और श्रीकाकुलम जिलों के एजेंसी क्षेत्रों का जहां आदिवासी कल्याण योजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है, मैंने दौरा किया। १९५५-५६ में आदिवासी कल्याण योजनाओं के लिए २०,९४,०००) मंजूर किये गये थे जिनमें से ८,९३,०००) सड़क-निर्माण के लिए रखे गये थे, ३,००,०००) अनुसूचित आदिमजातियों, वित्त और बिक्री निगम, गोदामों का निर्माण तथा निगम के लिए गाड़ियां खरीदने के लिए स्वीकृत किये गये थे। कल्याण स्कीमों के आधीन जो सड़कें बनाई जा रही थीं, उनमें से कुछ महत्वपूर्ण सड़कों को मैंने देखा। जंगली इलाके में सड़कों के लिए बन विभाग को जो दो जीप गाड़ियां दी गई हैं उनके लिए कोई सार्थक कारण नहीं मालूम होता। सड़क-निर्माण में स्थानीय मज़दूरों को नहीं रखा गया है। उनकी बजाय मैदानी इलाकों से ट्रकों में भर कर मज़दूर लाये जा रहे हैं। मेरा सुझाव है कि ऐसे कामों के लिए स्थानीय मज़दूरों को रखा जाय और उन्हें उस काम का प्रशिक्षण दिया जाय। उस हालत के अतिरिक्त जब कि कुशल मज़दूर आवश्यक हों। आंध्र प्रदेश के एजेंसी इलाकों के आदिवासियों के आर्थिक विकास के लिए जो वित्त और बिक्री निगम की स्कीम आरंभ की गई है, वह अपने ढंग की नई स्कीम है। उस स्कीम के अधीन, विभिन्न स्थानों पर गोदाम बनाये गये हैं, जहां आदिवासियों का उत्पादित माल जमा रखा जाता है और आदिवासियों को उधार रुपया दिया जाता है, ताकि वे जीवन के लिए आवश्यक वस्तुएं ठीक दामों पर खरीद सकें। इनमें से कुछ गोदाम मैंने भी देखे। मेरा सुझाव है कि आदिवासियों की उपज को इन केन्द्रों और उपकेन्द्रों में संग्रहीत करने का प्रोत्साहन देने के लिए आदिबासियों को सहायता दी जाय। एजेंसी इलाकों में बिचौलियों द्वारा जो शोषण चलता है, उसे इस स्कीम द्वारा समाप्त करने की आशा है। इस स्कीम के संबंध में मुख्य कठिनाई यह रहेगी कि उन आदिवासियों की उपज को कैसे संग्रहीत किया जायगा जिसके मठदारी मुखियों, व्यापारियों और साहूकारों से युगों पुराने सम्बन्ध चले आ रहे हैं और जिनके साथ उनके भावनात्मक संबन्ध बने हुए हैं। ये व्यापारी आदि लोग इनका प्रतिदिन शोषण कर रहे हैं। अनुसूचित आदिमजाति वित्त और विक्री निगम संपूर्णतया सरकारी धन से चलता है, जनता या आदिबासियों का उसनें कोई हिस्सा नहीं होता। इस संस्था की प्रगति को सावधानी से देखना चाहिए।

विभिन्न जिलों और तालुकों के कुछ दवाखाने भी मैंने देखे। अराकू के दवाखाने म बहुत ही कम रोगी आते हैं और इसलिए जो २३,०००) की रकम इस दवाखाने को दी गई है उसका पूरा उपयोग नहीं हो सका। ऐसी आशा है कि जब जल्दी ही राष्ट्रीय विस्तार सेवा ब्लाक में यह क्षेत्र आयेगा, स्थानीय आदिवासी इस दवाखाने से पूरा लाभ उठायेंगे। अराकू के लिए एक मलेरिया-विरोधी स्कीम, स्वीकृत की जा चुकी है और १९५५-५६ तक ६२५ गांवों पर यह स्कीम लागू हो चुकी है। इस समय तो वहां पर्याप्त कर्मचारी हैं, परन्तु मेरा सुझाव है कि मैडिकल अधिकारी को अपनी पत्नी को, जो स्वयं एक डाक्टर है, वहां रखने की अनुमति दी जाय और वह भी वहीं काम करे। इससे दवाखाने की कार्यकुशलता बढ़ जायेगी। विश्व-स्वास्थ्य संगठन की सहायता से के० डी० पोटा में मलेरिया टुकड़ी अच्छा कार्य कर रही है। के० डी० पोटा के दवाखाने को, जो इस समय किराये के एक मकान में है, अच्छे मकान में स्थानान्तरित कर देना चाहिए। इसी प्रकार अडाथीगाला के एल० एफ० दवाखाने को भी उस इलाके में स्थानान्तरित कर देना चाहिए, जहां केन्द्र द्वारा दिये गये अनुदान में से हस्पताल और डाक्टरों आदि के लिए मकान बनाये जा रहे हैं। यौन रोग से पीड़ित व्यक्तियों की चिकित्सा करके विश्व स्वास्थ्य संगठन भी अच्छा कार्य कर रहा है।

अराकू, एलविनपेटा और अडाथीगाला के छात्रावासों का निरीक्षण मैंने किया। गत दो वर्षों में एलविनपेटा के छात्रावास में काफी सुधार हुआ है, किन्तु अराकू का छात्रावास ठीक नहीं चल रहा है। स्कूल और छात्रावास दोनों के मकानों की हालत खराब है। अडाथीगाला के छात्रावास का वर्तमान मकान उपयुक्त न होने के कारण उसके लिए अच्छे मकान की आवश्यकता है। मडुगुला के छात्रावास के लिए इस समय १५ छात्र स्वीकृत हैं। अब उसके लिए २५ छात्रों की स्वीकृति मिलनी चाहिए, क्योंकि इस छात्रावास में दाखिल होने के लिए अधिक आदिवासी छात्र प्रार्थनापत्र भेज रहे हैं।

इसी समय मैंने अराकू, अडाथीगाला लम्मासिंगी और एलविनपेटा के महिला कल्याण केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। अडथीगाला का कल्याण केन्द्र सब से अच्छा था। बालकों की देखभाल यहां बहुत अच्छी की जाती है और महिलाओं को सिलाई और ऊनी कपड़े बनाने का काम सिखाया जाता है। शिशु-पालन की शिक्षा भी दी जाती है। किन्तु इस केन्द्र के लिए एक अच्छे मकान की आवश्यकता है। इन महिला कल्याण केन्द्रों के लिए राज्य सरकार को भैषजिक सुविधाओं की व्यवस्था करना चाहिए। एलविनपेटा का महिला कल्याण केन्द्र भी सन्तोषप्रद काम कर रहा है, किन्तु अराकू केन्द्र के बारे में यही बात नहीं कही जा सकती।

कृषि और रेशम के कीड़े पालने के कार्य, विशेषरूप से अराकू का फार्म, अच्छी प्रगति कर रहे हैं। चिन्तापल्ली में एक पशु पालन फार्म खोलने का विचार है। मेरा सुझाव है कि अराकू के फार्म जैसा, एक कृषि-फार्म भी, इस पशु पालन फार्म के साथ संलग्न किया जाय। इसके अतिरिक्त, चिन्तापल्ली में शहतूत के पेड़ों का एक रेशम फार्म है। मेरा सुझाव है कि जो आदिवासी इस फार्म में बेचने के लिए रेशम के कोये लाते हैं उन्हें उनकी कीमत तुरन्त चुका देनी चाहिए, बजाय इसके कि जब कोये पाले जायेंगे और उनकी रेशम बिक जायेगी तब तक के लिए उन्हें टाल दिया जाय। चिन्तापल्ली का मुर्गी पालन फार्म भी लोकप्रिय होता जा रहा है। इस फार्म पर काम करने वाले अधिकारियों के रहने के लिए मकानों का प्रबन्ध करना चाहिए।

दुर्भाग्य से, भूतकाल में इस एजेंसी इलाके की इतनी उपेक्षा की गई है कि इन गांवों में न तो कभी सर्वे हुआ और न जमीन का बन्दोबस्त, न वन प्रदेशों में काम करने की कोई योजनाएं ही हैं। मठदारों की मार्फत लगान संग्रह करने की बजाय सरकार स्वयं ही लेती है। आन्ध्र सरकार ने आदिवासियों के आर्थिक विकास की जो स्कीम बड़े उत्साह से शुरू की है, यदि सफल हो गई, तो मठदारी प्रथा को पूर्णरूप से समाप्त किया जा सकेगा। किन्तु मेरा सुझाव है कि इस उपेक्षित इलाके में नियुक्त सरकारी अधिकारियों को विशेष भत्ता मिलना चाहिए और उनके आवास की व्यवस्था होनी चाहिये।

ऐसा मालूम हुआ है कि केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकार द्वारा काफी देर में भेजी गई पूरक स्कीमों के लिए जो अनुदान स्वीकृत किये हैं, राज्य सरकार उनका उपयोग नहीं कर सकेगी। इसलिए मैं सिफारिश करता हूं कि प्रति वर्ष राज्य सरकारें जो सशोधित या नई स्कीमें अनुदान के लिए ३१ दिसम्बर के बाद केन्द्र के पास भेजें उन पर विचार न किया जाय!

उत्तरप्रदेश (इलाहाबाद जिले में सहासों गांव)—६ अप्रैल १९५६।

उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले के सहासों गांव में कार्यकर्त्ताओं की एक सभा होने वाली थी। उसमें भाग लेने के लिए मुझे निमन्त्रित किया गया। प्रधान मन्त्री ने कार्यकर्त्ताओं की उस सभा में भाषण दिया। गांव के लोगों ने यहां हरिजनों के लिए जो मकान बनाये हैं, वे मैंने देखे। केन्द्रीय अनुदान में से उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक मकान के लिए ५००) की सहायता दी है। मकान अच्छे बनाये हैं। ऐसा प्रतीत हुआ कि इस इलाके के ग्रामीण लोगों ने छूआछूत के दुष्ट रिवाज का त्याग कर दिया है।

राजस्थान (जयपुर)—१६ अप्रैल १९५६

टोंक से २५ मील दूर गान्धीग्राम में समाज सेवा विभाग के कार्यकर्त्ताओं के एक शिविर का उद्घाटन करने को मुझे आमन्त्रण दिया गया। यह गांव एक नया गाँव है जहां भूदान में प्राप्त भूमि पर अधिकतया हरिजनों को बसाया गया है। लगभग २,००० बीघे भूमि हरिजनों में बांटी जा चुकी है और ४४ परिवारों को बसाया जा चुका है। केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गये अनुदानों में से १० मकान बनाये गये हैं। यहां एक प्राथमिक स्कूल, एक पुस्तकालय और एक अम्बर चर्खा केन्द्र है और यह गांव अच्छी प्रगति कर रहा है। जब सिंचाई की सुविधायें मिलने लगेंगी तो इसकी समृद्धि और भी तेजी से बढ़ेगी।

टोंक तहसील के कुछ गाँवों के चमारों और रेगड़ों ने मुर्दार पशुओं को उठाना छोड़ दिया है और फलतः राज्य सरकार को पंचायतों के द्वारा किसी बाहरी संस्था को मुर्दार पशु उठाने के ठेके देने पड़े। फलस्वरूप हरिजन बेकार हो गये। इससे उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में मैंने कलक्टर से चर्चा की।

इस इलाके में एक तेल की मिल शुरु की जा रही थी, इसके कारण इस काम में लगे लगभग २०० तेलियों के बेकार होने की संभावना है, इसे रोकने के प्रयत्न जारी हैं।

समाज सेवा विभाग के मंत्री और डायरेक्टर से मैंने केन्द्र द्वारा पुरस्कृत स्कीमों के सम्बन्ध में चर्चा की।

मध्य प्रदेश और बम्बई—२१ अप्रैल १९५६ से ८ मई १९५६ तक।

मध्य प्रदेश—मध्य प्रदेश के छिन्दवाड़ा स्थान पर भारतीय आदिमजाति सेवक संघ के द्वारा आदिमजाति कल्याण विचार गोष्ठी संगठित की थी। उसकी अध्यक्षता करने के लिए मैं वहां गया। इस विचार गोष्ठी में प्रसिद्ध मानव शास्त्रियों और आदिमजाति कल्याण के विशेषज्ञों ने भाग लिया। विचार गोष्ठी में कोई प्रस्ताव पास नहीं किया गया, किन्तु आदिमजाति कल्याण के विभिन्न पहलुओं पर पूर्णरूप से चर्चा की गई और काफी लम्बे विचार के बाद कुछ मूलभूत बातों के संबन्ध में सब लोग सहमत हो गए, जैसे आदिमजाति सांस्कृतिक शोध संस्थाओं का इस संबन्ध में क्या काम होना चाहिए, प्रशिक्षित व्यक्तियों के एक केन्द्र की स्थापना, आदिमजाति कल्याण कार्य के लिए दक्ष संगठन तैयार करना और आदिमजाति विकास के समग्र कार्यक्रम का निर्माण। विचार गोष्ठी बहुत उपयोगी सिद्ध हुई क्योंकि उसके कारण क्षेत्र-कार्यकर्ताओं ने शोध और आदिमजाति समस्याओं के सम्बन्ध में वैज्ञानिक दृष्टि को अपनाने की आवश्यकता महसूस की। विचार गोष्ठी की राय में आदिमजातियों के कल्याण का कोई भी कार्यक्रम आरम्भ करने से पहले आदिमजातियों के इलाके की भौगोलिक विशेषताओं, उनकी अर्थ व्यवस्था पर उस कार्यक्रम की प्रतिक्रिया, उनकी सांस्कृतिक तथा सामाजिक संस्थाओं का अध्ययन और विश्लेषण कर लेना चाहिये। एक सुझाव यह भी दिया गया कि शोध संस्थाओं से सम्बन्धित विश्वविद्यालयों के विभागों को चाहिये कि वे बुनियादी तथ्य एकत्रित करने के लिये समन्वित ढंग के संघठित सर्वे करें ताकि आदिमजाति विकास कार्यक्रम को वैज्ञानिक आधार पर तैयार किया जा सके। इस सम्बन्ध में गैर-सरकारी संस्थाऐं भी काफी सहायक सिद्ध हो सकती हैं, यदि वे अपने कार्य-क्षेत्रों में सर्वे करें। विचार गोष्ठी की यह भी राय थी कि आदिवासी क्षेत्रों में जंगल अर्थ-व्यवस्था और शिकार को पुनर्जीवित करने, तराई में चराई-भूमि अर्थ व्यवस्था को प्रोत्साहन देने, समुद्र-तट पर मछली पकड़ने के धंदे को विकसित करके तट-अर्थ व्यवस्था को पुनर्जीवित करने का संघठित कार्यक्रम तैयार किया जाय और आदिमजाति लोगों में कल्याण कार्यक्रम को इस ढंग से किया जाय कि उनकी साँस्कृतिक विशिष्टताओं को हानि पहुंचाये बिना आदिमजातियों का समन्वित विकास हो सके। गोष्ठी की राय में, सब राज्यों में जंगल कामगार सहकारी समितियों की स्थापना सही दिशा में अग्रसर होना है। ग्राम कल्याण मंडल की स्थापना का सुझाव भी दिया गया जिसमें निम्नलिखित समूहों के दो प्रतिनिधि होंगे (१) स्थानीय पंचायत (२) महिलाऐं, (३) युवक, और (४) बालक। गोष्ठी ने उन लोगों के प्रशिक्षण और चुनाव के ढंग को जो आदिवासी लोगों में कल्याण कार्य करते हैं, काफी महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण काल में व्यवहारिक काम पर जोर देना चाहिये। विश्वविद्यालयों के विभागों को स्नातकों के लिये व्यवहारिक डिप्लोमा कोर्स का संगठन करना चाहिये ताकि वे लोग जो ऐसी नौकरियों में जाना चाहते हैं, जिनकें लिये आदिवासी मामलों का ज्ञान आवश्यक है, वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। गोष्ठी ने शिफारिश की कि भारतीय सरकार और राज्य सरकारें उन गैर-सरकारी संस्थाओं को प्रोत्साहन देती रहें जो आदिवासी कल्याण के क्षेत्र में उपयोगी कार्य कर सकें।

इस प्रवास में मैंने नागपुर से करीब १८ मील दूर, तकली में स्थित भंसाली आश्रम को देखा। यहां अनुसूचित आदिमजातियों में ६० बालक, बालिकाऐं दूसरे बालकों के साथ, जिनमें हरिजन भी हैं, एक छात्रावास में रहते हैं। यहां बुनियादी ढंग की शिक्षा दी जाती हैं और आश्रमवासियों को खेती और गृहोद्योगों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

बम्बई—बम्बई में ५ मई १९५६ को बम्बई एन्थ्रोपोलोजीकल सोसाइटी और गुजरात रिसर्च सोसाइटी के सम्मिलित तत्वावधान में एक सम्मेलन हुआ। उसमें मैंने 'पश्चिमी भारत में आदिवासी कल्याण कार्य' नामक निबन्ध पड़ा। बम्बई सरकार के साथ, पिछड़े वर्गों की उनकी पंच वर्षीय योजना के बारे में मैंने चर्चा की।

६ मई १९५६ को दोहद में भील-सम्मेलन की अध्यक्षता की ओर अगले दिन भील सेवा मंडल के कार्यकर्ताओं के सम्मुख मैंने भाषण दिया।

जन्मू व काश्मीर राज्य तथा हिमाचल प्रदेश (चम्बा जिला)—१५ मई से ४ जून, १६५६ तक।

जम्मू व कश्मीर राज्य—श्रीनगर के अपने अल्पावकाश में, मैंने जम्मू प्रदेश का दौरा किया ताकि हरिजनों की स्थिति को देख सकूं और राज्य सरकार ने केन्द्रीय अनुदान की सहायता से १९५४-५५ और १९५५-५६ में जो विभिन्न कल्याण योजनाऐं शुरू कीं उनकी प्रगति को देख सकूं।

आवास योजना के अन्तर्गत, बन्दोवाल में ३२ हरिजन परिवारों के लिये मकान बनाए गए हैं। जमीन, इमारती सामान और कुशल मजदूर सरकार ने दिये हैं और अकुशल मजदूरी का सारा काम हरिजनों ने सामहिक रूप से स्वयं किया है। एक सामूहिक पशु-बोर्ड और एक पंचायत घर बनाने का इरादा है। एक कमरे के एक मकान पर कुल ५००) रुपये खर्च होंगे। मेरा विचार है कि प्रत्येक मकान में २ कमरे होने चाहिएं और भारत सरकार को इसके लिए सहायता को बढ़ाकर १,०००) कर देना चाहिए।

जम्मू की भंगी-बस्ती में साँस्कृतिक केन्द्र के लिए एक सुन्दर भवन बनाया गया है। इस केन्द्र में एक शिशु-सदन भी शुरू किया गया है जहां काम करने वाली भंगी स्त्रियां प्रातः अपने बच्चों को छोड़ जाती हैं और शाम को उन्हें ले जाती हैं। इस केन्द्र में, एक बाल-वाड़ी, वाचनालय और पुस्तकालय भी हैं यद्यपि इस सांस्कृतिक केन्द्र पर भारी खर्च हो रहा है, तो भी भंगी बस्ती में इसके काम के प्रभाव को देखकर मुझे सन्तोष हुआ। बिजली और इस केन्द्र के उद्यान के मध्य में एक फव्वारा लगाने के लिए १६,०००) खर्च होंगे। इसका प्रवन्ध कर देना चाहिए।

जम्मू शहर के गुम्मट मोहल्ले की भंगी-बस्ती में एक छोटा सेवा सदन चल रहा है, मैंने उसे भी देखा। इसमें प्रतिदिन लगभग १०० बालक-बालिकाऐं आते हैं। सब बच्चों को दूध दिया जाता है और ५ वर्ष से छोटे शिशुओं के लिए एक बालवाड़ी का प्रबन्ध है। इस केन्द्र में एक प्रशिक्षित परिचारिका है जो मोहल्ले के प्रसव केसों की देखभाल करती है। मेरी सिफारिश यह है कि इस समाज सेविका को जिसने वस्तुतः स्तुत्य सेवा की है, उपयुक्त पारिश्रमिक मिलना चाहिए और उसे नियमित नौकरी में ले लेना चाहिए। मेरा एक सुझाव यह भी है इस केन्द्र को एक और कमरा देना चाहिये और वहां पंचायत घर खोलना चाहिए।

पीने के पानी के कुएं बनाने की योजना के अन्तर्गत, मैंने रामगढ़ गांव और साहबा तहसील के दो कुओं और एक तालाब को देखा। इन तीनों के बनाने में १०,५००) खर्च हुए हैं। इससे इस इलाके में पानी की कमी को दूर करने और करीब २०० कनाल भूमि की सिंचाई करने में, जो अधिकाँश हरिजनों की ही थी, बहुत सहायता मिली। रामगढ़ गाँव के हरिजनों ने कहा कि उन्हें घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए, क्योंकि उनमें से अधिकाँश पाकिस्तान से आये हैं। मानसर झील के निकट के कुछ चमार परिवारों ने भी माँग की कि सीमा पर एक उत्पादन और प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए, क्योंकि वे अपने माल को स्वयं आसानी से बेच नहीं सकते।

द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अधीन योजना आयोग ने जो स्कीमें स्वीकृत की हैं, उनको कार्यान्वित करने के बारे में मैंने राज्य के मुख्य मंत्री, वित्त मंत्री तथा अन्य वरिष्ट अधिकारियों से चर्चा की। अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण की स्कीमें तैयार करने और राज्य के प्रतिनिधियों ने योजना आयोग से जो चर्चा की, उसके अनुसार विभिन्न स्कीमों की प्राथमिकता निश्चित करने के लिए राज्य में दो कमेटियाँ स्थापित की गई हैं। मैंने राज्य सरकार को यह सलाह भी दी कि अपने कार्य की प्रगति की रिपोर्ट नियमितरूप से भेजते रहें और सहायता अनुदान के अपने अन्तिम प्रस्ताव भारत सरकार के पास भेजें।

कथुआ जिले के दफ्तर में मुझसे हरिजन काफी संख्या में मिले। उन्होंने मेरे सामने कुछ माँगें रखीं, जिनमें से मुख्य ये हैं :—

१. नौकरियों में संरक्षण निश्चित करना।

२. भूमिहीन हरिजन परिवारों को भूमि दी जाय और कृषि औजारों के लिए कर्ज दिया जाय।

३. प्राथमिक और हाई स्कूल के छात्रों को योग्यता और स्थिति के अनुसार छात्रवृत्तियाँ दी जायें।

४. ऊधमपुर और कथुआ में छात्रावासों का निर्माण किया जाय।

५. बुनाई, बाँस और चमड़े का धंधा करने वाले हरिजन परिवारों को छोटे ऋण देने की व्यवस्था की जाय।

राज्य सरकार से मेरी सिफारिश है कि उपयुक्त मागों पर उचित विचार किया जाय।

अपने छोटे से प्रवास में मैंने जो कुछ देखा उससे मुझे विश्वास है कि राज्य में हरिजन कल्याण कार्य अच्छी प्रगति कर रहा है। तो भी इस बात की बहुत सख्त आवश्यकता है, कि द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दौरान में जो विभिन्न कल्याण स्कीमें प्रारम्भ की जायेंगी उनका समन्वय करने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रशासकीय तंत्र हो।

हिमाचल प्रदेश (चम्बा जिला)—चम्बा में हिमाचल प्रदेश की सरकार और भारतीय आदिमजाति सेवक संघ ने मिलकर एक गूजर सम्मेलन किया। गृह मंत्रालय के मंत्री श्री बी० एन० दातार ने इस सम्मेलन का उदघाटन किया और मैंने इसकी अध्यक्षता की। सम्मेलन में गूजरों की काफी संस्थाओं ने भाग लिया और राज्य सरकार के अधिकारियों ने भी गूजर जाति के ११ प्रतिनिधियों और कुछ समाज सेवकों की एक कमेटी बनाई। गूजरों के कल्याण की योजना तैयार करने के लिए श्री दातार ने सुझाव दिया कि जो मुख्य स्कीम तैयार की जाय उसमें नये गांव बसाने और दुग्धशालाओं के प्रोत्साहन का स्थान अवश्य हो। सब ने इस सुझाव का स्वागत किया और राज्य सरकार से कहा गया कि वह उपयुक्त स्कीमें तथा शिक्षा, जनस्वास्थ्य की स्कीमें तैयार करे जिसमें पशु-पालन निरीक्षकों की व्यवस्था की जाय और जब ये स्कीमें तैयार हो जायं तो १९५६—५७ के वर्ष में शुरू की जाने वाली योजनाओं में इन स्कीमों को प्राथमिकता दी जाय।

बिहार—११ से १८ जून १९५६ तक

आदिमजाति सेवा मंडल, राँची ने अपने कार्यकर्त्ताओं और स्कूलों के शिक्षकों का एक सम्मेलन सोसई विद्यालय में किया, जिसकी अध्यक्षता के लिए मुझे निमंत्रित किया गया और इसी संबंध में मुझे बिहार राज्य का प्रवास करने का मौका मिला। इस सम्मेलन का उद्‌घाटन बिहार राज्य के राज्यपाल ने किया। इसी अवसर पर मुझे आदिमजाति सेवा मंडल, राँची द्वारा संचालित अन्य संस्थाओं को देखने का मौका मिला। यह संस्था गत १५ वर्षों से बिहार के छोटा नागपुर (डिवीजन) के आदिवासियों में सेवा कार्य कर रही है। इस समय इस संस्था के अधीन, ४४२ प्राथमिक स्कूल, २१ माध्यमिक स्कूल और ९ हाई स्कूल चल रहे हैं जहाँ २०,२९६ छात्रों को शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त मण्डल ३५ छात्रावास चला रहा है जिनमें १,४९० आदिवासी लड़के लड़कियाँ रहते हैं। १९५५-५६ में स्कूलों पर ४,३१,११९) और छात्रावासों पर १,०३,२७०) खर्च किये गये। दवा बाँटने के ९ केन्द्र हैं जहाँ १३,१७८ रोगियों की चिकित्सा की जा चुकी है। ५०,०००) लगाकर गृहोद्योगों के तीन केन्द्र खोले गये हैं। छोटा नागपुर डिवीजन में आदिवासी कल्याण की योजनाओं के बारे में जिन्हें ठक्कर बापा योजनाएं कहते हैं, इस गैर-सरकारी संस्था को बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य सौंप कर बिहार सरकार ने बहुत अच्छा कार्य किया है।

जहां पर सम्मेलन हुआ वह सोसई विद्यालय मण्डल द्वारा १९५२ से चलाया जा रहा है। इसके पास २३ एकड़ भूमि है और कृषि, लोहारगीरी, बुनाई और कताई का प्रशिक्षण दिया जाता है। यहाँ एक हाई स्कूल है जिसमें २१६ छात्र पढ़ते हैं। स्कूल के साथ ही एक छात्रावास है जिसमें ७५ छात्र रहते हैं, जिनमें से ५२ आदिवासी, ८ हरिजन और १५ अन्य जातियों के हैं। मण्डल सफलता के साथ एक जंगल कामगार सहकारी समिति और एक कर्मचारी समिति चला रहा है।

इसी अवसर पर लोहरडग्गा के कस्तूरबा बाल विद्यालय को भी देखा। इस विद्यालय के छात्रावास में रहने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था है जिसमें ३० हरिजन बालिकाएं, ९९ आदिवासी १ पिछड़े वर्ग की बालिका और ८ ब्राह्मण बालिकाएं शिक्षा पाती हैं। इस विद्यालय के पास ५ एकड़ भूमि है जहां लड़कियाँ खेती करती हैं। दो वर्ष पहले जब मैंने विद्यालय को देखा था तब से इसने निश्चितरूप से प्रगति की है। लेकिन अभी यहाँ और मकान बनाने की आवश्यकता है तथा कुछ अन्य सुविधाओं की भी, जिनका प्रबन्ध, मझे आशा है, सरकार कर देगी।

बिरहोर बिहार की एक पिछड़ी अनुसूचित आदिमजाति है, उसे बिशनुपुर में बसाने की योजना अच्छी प्रगति कर रही है। यहाँ १५ परिवार बसाये जायेंगे और १९५६-५७ के लिए ३५,६०६) स्वीकृत किए गए हैं। इस बस्ती में प्रत्येक परिवार को एक मकान दिया जायगा, तथा एक पंचायतघर, एक स्कूल और प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र बनाने की व्यवस्था की जा रही है। एक प्रशिक्षण और उत्पादन केन्द्र खोलने का विचार है जहाँ बिरहोरों को रस्सी बनाने का प्रशिक्षण दिया जायगा और पड़ोस के इलाके के पानी की व्यवस्था करने के लिए एक छोटी सिंचाई योजना को कार्यान्वित करने का भी विचार है।

नेतरहाट नामक इलाके में असुर नामक एक दूसरी पिछड़ी अनुसूचित आदिमजाति रहती है । मेरे सुझाव देने पर, आदिमजाति सेवा मंडल यहां एक आवास स्कूल चला रहा है । असुर जाति की कल्याण योजना के लिए बिहार सरकार ने १९५६-५७ में २१,३५० रु० स्वीकृत किये हैं । कुछ असुर काम के लिए चाय के बागानों में आसाम गए । वहां व्यापारियों ने उनका शोषण किया और उनका स्वास्थ्य गिर गया । मेरा सुझाव है कि इस इलाके में अमरूद और पपीते जैसे फलदार पेड़ लगाये जायें और मुर्गी-पालन का विकास किया जाना चाहिए । इसके अतिरिक्त मेरा सुझाव यह भी है कि यद्यपि राष्ट्रीय विस्तार सेवा खण्ड यहाँ बाद में भी आरंभ किये जा सकते हैं, अभी नेतरहाट के इलाके को भारत सरकार के केन्द्रीय-पुरस्कृत कार्यक्रम की बहुमुखी योजना में शामिल कर लिया जाय ।

मैंने नेतरहाट का पब्लिक स्कूल भी देखा । इसमें अनुसूचित जातियों के लिए ११ प्रतिशत और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए ४० प्रतिशत का संरक्षण निश्चित कर दिया गया है । स्कूल को बड़ी कुशलता से चलाया जा रहा है, यद्यपि प्रत्येक छात्र पर खर्च बहुत अधिक पड़ता है—१२५) मासिक । टट्टी साफ करने, बर्तन धोने आदि का काम छात्र स्वयं करते हैं । इस प्रकार उन्हें प्रत्येक कार्य स्वयं करने का प्रशिक्षण दिया जाता है । पास के कुछ आदिवासी किसानों ने मुझसे शिकायत की कि इस स्कूल के अधिकारी उनकी जमीनों पर कब्जा कर रहे थे ताकि वे जल प्राप्ति के लिए संलग्न भूमि प्राप्त कर सकें । उसके लिए वे इन किसानों की जमीनों पर अनुचित कब्जा करते हैं । आशा है कि बिहार सरकार इस बात का ध्यान रखेगी कि इन किसानों को इनकी जमीनों से तब तक बेदखल नहीं किया जायेगा जब तक कि उन्हें दूसरी ज़मीनें न दी जायें । रांची से १२ मील दूर स्थित ब्रह्मवेकुष्ठ व शोध संस्था भी मैंने देखी । यहाँ रोगियों के लिए द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत, ७५ चारपाईयों की व्यवस्था की जायेगी। इस समय वहाँ केवल १५ रोगी थे जिनमें से ५ आदिवासी और पिछड़े वर्गों के थे । इस समय यह संस्था सैनिक बारकों में है। इन बारकों की मरम्मत करने की आवश्यकता है। इस कुष्ट-आश्रम से संलग्न १० नियंत्रण केन्द्र है।

समाज शिक्षा संगठकों को प्रशिक्षण केन्द्र को सामूहिक योजना प्रशासन ने विकास अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र के साथ-साथ प्रारंभ कर दिया है। १९५५-५६ में इस केन्द्र के लिए १,०८,८०० रू० की रकम स्वीकृत की गई । प्रशिक्षण केन्द्र के अधिकारियों के विचार में ३ मास का प्रशिक्षण कोर्स अपर्याप्त है । इसलिए उन्होंने सुझाव दिया कि कोर्स को ५-६ मास का कर दिया जाय ताकि व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए अधिक समय दिया जा सके ।

१९५३ से बिहार सरकार ने आदिवासी शोध संस्था प्रारंभ की है । दुर्भाग्य से इस समय तक इस संस्था ने कोई विशेष प्रगति नहीं की है, क्योंकि मार्च, १९५६ में आकर उसके डायरेक्टर की नियुक्ति की जा सकी है । यदि सामूहिक योजना प्रशासन द्वारा संचालित समाज शिक्षा संगठक प्रशिक्षण केन्द्र को इस संस्था से संबंधित कर दिया जाय, तो इससे प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त व्यक्ति प्राप्त करने की कठिनाई हल हो जायेगी और सामूहिक योजना प्रशासन द्वारा संचालित प्रशिक्षण केन्द्र इस संस्था के पुस्तकालय, संग्रहालय और कार्यकर्त्ताओं से लाभ उठा सकेगा । इस प्रकार अनावश्यक दोहरा खर्च बचाया जा सकता है । राज्य सरकार को इस प्रस्ताव पर विचार करना चाहिए ।

मैंने गोरीखाना, रांची की हरिजन उद्योगशाला भी देखी । कुछ कार्यकर्ताओं ने मुझे बताया कि चार थानों में लोग किसी न किसी रूप में अस्पृश्यता अभी मानते हैं, परन्तु बाकी थानों में अस्पृश्यता सर्वथा समाप्त हो गई है क्योंकि हरिजनों के लिए सब मन्दिर और कुएं खुले हैं ।

इस हरिजन उद्योगशाला के साथ एक स्कूल भी है जिसमें हरिजनों, आदिवासियों और दूसरे सवर्णों के बच्चे शिक्षा पाते हैं। नगरपालिका के मलवाहक कर्मचारियों के लिए जो अधिकतर हरिजन हैं, एक सहकारी समिति प्रारम्भ की गई है । समिति सन्तोषजनक ढंग से नहीं चल रही है और उसके सदस्य साहूकारों के पंजों में फंस गये हैं । चमड़े का काम करने वाले हरिजनों ने शिकायत की कि उनकी दो वर्ष पुरानी शिकायत राज्य सरकार ने अब तक दूर नहीं की है और कच्चा माल प्राप्त करने में उन्हें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है क्योंकि वे बाटा और फ्लेक्स कम्पनियों के साथ प्रतियोगिता में नहीं ठहर सकते और ये कम्पनियां बाजार में से सारा कच्चा माल, चमड़ा और खालें खरीद लेती हैं । रांची नगरपालिका के मलवाहक कर्मचारियों ने भी शिकायत की कि उनका मासिक वेतन भत्ता मिला कर २७ रूपये से ३० रूपये कर दिया जाय । उनकी यह मांग भी सही थी कि उन्हें स्थायी कर दिया जाय और प्रसव के समय उनकी औरतों को सवेतन २ मास की छुट्टी दी जाय । मलवाहक कर्मचारियों के लिए न मकानों की व्यवस्था है और न दवा-दारू की । नगरपालिका के अध्यक्ष ने बताया कि इसका कारण रूपये की कमी है । उसने यह भी बताया कि हरिजनों के लिए १३ घर बनाये जा चुके हैं और भविष्य में और बनाये जायेंगे ।

पटना निगम के सफैयों और मलवाहक कर्मचारियों के आवास की स्थिति तो राँची से भी बदतर मैंने पायी। इस बस्ता की स्थिति और निगम ने जो एक कमरे वाले मकान बनाये हैं उन्हें देखकर मुझे बहुत दुःख हुआ। पटना निगम को चाहिए कि वह अपने मलवाहक कर्मचारियों और उनके लिए जो मकान बनाये हैं उनकी हालत में सुधार करे। मुझसे इस बात की शिकायत की गई कि नगरपालिका को भंगियों के मकानों के लिए अनुदान दिया गया, परन्तु उसने उनके मकान नहीं बनाये और कई बार उस रूपये को दूसरे कामों पर खर्च कर दिया गया। मेरा सुझाव है कि रहने के मकान यदि नगरपालिकायें नहीं बना पातीं तो सरकार ही उनका निर्माण करे और उन पर किये खर्च को नगरपालिकाओं से वसूल कर ले।

दामोदर घाटी निगम के मैथोन प्रदेश के आदिवासिओं के पुनर्वास के संबंध में मैंने सिंचाई विभाग के सचिव से चर्चा की। कुछ ऐसी भी शिकायतें पायी गई कि अनुसूचित आदिमजाति छात्रों को आय-प्रमाणपत्र प्राप्त करने में कठिनाई होती है। कुछ ईसाई स्कूलों को अनुदान नहीं दिया गया और सिन्दरी खाद कारखाने के लिये प्राप्त की गई भूमि के लिए अनुसूचित आदिमजातियों को मुआविजा नहीं दिया गया। टाटा आइरन और स्टील कम्पनी से प्रार्थना की जाय की वह अपने कारखानों में और अधिक आदिवासियों को नौकर रखें।

मध्य प्रदेश और बम्बई राज्य—१२ से १६ जुलाई १९५६ तक

मध्य प्रदेश—इस राज्य का प्रवास मैंने उस शिविर के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र देने के लिए किया जो गुरूदेव सेवा मंडल, गुरूकुंज, मोझरी, जिला अमरावती के राष्ट्र सन्त तुकड़ोजी महाराज ने विशेषरूप से अनुसूचित आदिमजाति छात्रों के लिए लगाया था। गुरूदेव सेवा मंडल का कार्य सारे भारत में फैला हुआ है—मध्य प्रदेश, गुजरात, बम्बई, खान्देश, हैदराबाद, मध्य भारत, बिहार आदि के विभिन्न ग्रामों में इसकी लगभग ४०,००० शाखाऐं काम करती हैं। इस संस्था की मुख्य प्रवृतियाँ हैं : सामूहिक प्रार्थना, ग्राम सफाई, ग्राम सुधार, अन्न भण्डार खोलना, ग्रामोद्योग शुरू करना, आयुर्वेदिक औषधालय, हाई स्कूल, प्राथमिक स्कूल, आदि खोलना। इस संस्था के कार्य को देख कर मध्य प्रदेश की सरकार ने ६ मास का एक शिविर खोलना स्वीकार किया, जहाँ आदिवासी छात्रों को ग्राम प्रचारकों का प्रशिक्षण दिया जाय। राज्य सरकार ने जो ५२,५९० रु० का अनुदान स्वीकृत किया उससे पाँच मकान, छात्रावास, प्रार्थना मन्दिर, स्कूल, रसोई और स्नानागार समेत बनाये जा चुके हैं। यहां प्रशिक्षणार्थियों को मिडिल तक की शिक्षा दी जाती है और उनके पाठ्यक्रम में ये चीजें भी हैं : शरीर श्रम, उद्योग शिक्षा, आयुर्वेदिक शिक्षा, संगीतवाद्य शिक्षा, चटाई और निवाड़ बुनना, दरी बनाना, बागवानी, इत्यादि। यह संस्था सारे भारत के छात्रों को इस प्रकार का प्रशिक्षण देने के लिए अनुकुल और साधन सम्पन्न मालूम होती है और आदिवासी युवकों को ग्राम सेवकों की शिक्षा देने के लिए इसे अखिल भारतीय संस्था के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इन ग्रामसेवकों को बाद में सरकारी नौकरियों में समावेश कर लेना चाहिए। मेरा सुझाव है कि इस संस्था को प्रशिक्षण केन्द्र चलाने के लिए शुरू में ५,००० रुपये की रकम दी जाय।

अमरावती की कुष्ट-बस्ती भी मैंने देखी। इसमें कुछ अनुसूचित आदिमजाति और हरिजन कुष्ट रोगी इलाज करा रहे हैं। बस्ती का प्रबंध बहुत अच्छा है।

मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री तथा अन्य संबन्धित मंत्रियों तथा राज्य अधिकारियों से मैंने अनुसूचित आदिमजातियों के कल्याण क लिए राज्य सेक्टर के अन्तर्गत शुरू की जाने वाली तथा केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में चर्चा की। वनवासी सेवा मण्डल ने यह इच्छा व्यक्त की कि एक बहुधंधी ब्लाक में योजना को कार्यान्वित करन का भार उसे सौंपा जाय।

बम्बई राज्य—बड़ौदा जिला पिछड़े वर्ग सेवा मण्डल, बम्बई राज्य, के देहात में विशेषरूप से आदिवासियों और हरिजनों में कल्याण कार्य कर रहा है। बम्बई सरकार ने जो दो आश्रम स्कूल स्वीकृत किये हैं, उनके मकान रंगपुर और बघाच में बनकर तैयार हो गये हैं और वे मकान स्कूल संचालक के लिए इस संस्था को दे दिये गये हैं। सरकार से इन स्कूलों को अनुदान मिलेगा। इन स्कूलों से छोटा उदयपुर और नसवाडी की अनुसूचित आदिमजातियों की शिक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। ये राज्य में सब से पिछड़े हैं। इस संस्था के अधीन संखेडा में एक पिछड़ा वर्ग छात्रावास शुरू किया गया है। बम्बई सरकार को चाहिए कि वह इस छात्रावास को मान्यता दे और उपयुक्त अनुदान भी दे क्योंकि यह एक ऐसे इलाके में शुरू किया गया है जहां ऐसा छात्रावास शुरू करने की बहुत अधिक आवश्यकता है। बड़ौदा में अन्य १० संस्थाओं का निरीक्षण किया गया जो अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिमजातियों में कल्याण कार्य कर रही हैं।

इन संस्थाओं में बड़ौदा जिला ग्रामोद्योग सहकारी मंडल विशष उल्लेखनीय है। यह एक सहकारी समिति है, ६० इसके सदस्य हैं। चमार जाति के और जूता, चप्पल आदि बनाने के लिए इसके १० कार्यकर्त्ता हैं। यह समिति अपनी एक दुकान बड़ौदा शहर में बड़ी सफलता से चला रही है। यह हरिजनों को काम देती है और चमड़े के काम को बढ़ावा दे रही है। यहां तीन आवास सहकारी समितियां भी देखीं। ये पिछड़े वर्गों के लिए योग्यतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। बड़ौदा नगरपालिका ने अपने हरिजन नौकरों के लिए फतेहपुरा में हाथीखाना के निकट २४ मकान बनाये हैं। प्रत्येक मकान की अनुमानित लागत २,००० रुपये है, और प्रत्येक भंगी से आठ आना मासिक किराया लिया जाता है। मकान बहुत अच्छे बनाये हैं और मलवाहक कर्मचारियों के मकानों को कैसा बनाना चाहिए इसका दूसरी नगरपालिकाओं के लिए यह बस्ती एक बहुत अच्छा नमूना है।

पश्चिमी बंगाल—२५ जुलाई से ४ अगस्त १९५६ तक

इस प्रवास में मैंने इस राज्य के चार जिले-बर्दवान, बाँकुरा, मिदनापुर और नदिया, देखे। बर्दवान का जिला अब औद्योगिक इलाका बन रहा है। इस जिले में कोयले की खानें काफी हैं और अनुसूचित आदिमजातियों के लोग खानों में मजदूरी करते हैं। अल्यूमीनियम और इस्तपात के उद्योगों का विकास हो रहा है। इससे आदिवासियों का जीवन बदल रहा है। बाँकुरा जिले में सदा अकाल पड़ा करते हैं। इसलिए इस जिले के आदिवासी और हरिजन बहुत गरीब और असहाय हैं। मिदनापुर जिले के झाँगरान नामक इलाके में अधिकांश सन्थाल रहते हैं। इस प्रवास में मैंने राज्य द्वारा विभिन्न शीर्षकों के अधीन जो आदिवासी कल्याण कार्य किया जा रहा है, उसे देखा—शिक्षा, जन स्वास्थ्य, कृषि और पशु-पालन, सहकारिता, गृहोद्योग, और सांस्कृतिक शोध संस्था। मैंने ३ प्राथमिक और ८ हाई स्कूल बर्दवान और बांकुरा जिले में, १ हाई स्कूल मिदनापुर जिले में, और ७ छात्रावास बांकुरा और मिदनापुर जिलों में देखे। जोरछीरा के जूनियर हाई स्कूल की छत फूंस की है और उसके लिए पक्का मकान बनाने को धन की आवश्यकता है। पीयरदोवा जूनियर स्कूल में काफी लड़कियाँ पढ़ रही हैं। यह देखकर मुझे आनन्द हुआ। इस स्कूल में छात्रों को शारीरिक शिक्षा दी जाती है। यहां आठ मील के घेरे में करीब २५ प्राइमरी स्कूल हैं। इनमें से सब छात्र इसी स्कूल में उच्च शिक्षा के लिए आते हैं। परन्तु इतनी जगह स्कूल में है नहीं। झारग्राम का सेवासदन हाई स्कूल एक रात्रि स्कूल भी चला रहा है। १९५६ में इस संस्था को ५ गाँवों में ५ रात्रिशाला व प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र चलाने के लिए राज्य सरकार ने अनुदान दिया। अमरकानन में "संथाल छात्र सदन" के नाम से जो छात्रावास है, वह दूसरे छात्रों के छात्रावासों से अलग है, यह ठीक नहीं है। ५ आदिवासी लड़कों को अलग कमरे देकर अलग रखा जाता है। मैंने राज्य सरकार से कहा कि इन पांचों आदिवासी छात्रों को दूसरे छात्रों के साथ ही रखा जाय। खतरा छात्रावास के आदिवासी छात्रों के बारे में यह शिकायत की गई कि वे न तो बर्तन साफ करते हैं और न अपने कपड़े ही धोते हैं। मैंने कहा कि यह सब काम उन्हें अपने हाथ से ही करना चाहिए। पीयरदौवा जूनियर हाई स्कूल के साथ एक छात्रावास भी है जो किराये के मकान में है। मिदनापुर जिले में झारग्राम कुमुद कुमारी संस्था उस तहसील का प्रमुख स्कूल है।' इसमें ५७३ छात्र पढ़ते हैं जिनमें से ३८ संथाल और मुंडा हैं, ४ हरिजन और ८८ महतो और दूसरी पिछड़ी जातियों के हैं। आदिवासी छात्रों के लिए अलग छात्रावास १९५४ में बनाया गया था। इसमें आदिवासी छात्र १६ हैं। मैंने राज्य सरकार से सिफारिश की कि आदिवासी छात्रों को इस प्रकार अलग रखना नहीं चाहिए और दूसरी जातियों के छात्रों को भी इस छात्रावास में रखना चाहिए ताकि आदिवासी छात्र सब के साथ घुल-मिल सकें।

यद्यपि छात्रावासों के निर्माण के लिए काफी रकम दी गई है, अनुसूचित जाति और अनुसूचित आदिमजाति छात्र इनमें रहने के लिए कम संख्या में ही आते हैं। इसका कारण यह है कि छात्रावास में रहने की जो छात्रवृति दी जाती है वह इतनी अपर्याप्त है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित आदिमजाति छात्र इन छात्रावासों की ओर खिंचते ही नहीं। इसलिए मेरा सुझाव है कि द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत छात्रावासों के मकान बनाने के लिए जो धन राशि रखी गई है उसे आधा कर दिया जाय और छात्रावासों के मकान साधारण बनाये जायें। इस प्रकार जो बचत होगी उसका उपयोग आदिवासी और हरिजन छात्रों को छात्रवासों में रहने के लिए अधिक छात्रवृत्तियां देने में किया जाय क्योंकि यही एक रास्ता है जिससे उन्हें शिक्षा प्राप्त करने को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

इसी अवसर पर मैंने बाँकुरा जिले की कुष्ट रोगियों की दो बस्तियाँ देखीं। "बांकुरा कुष्ट सदन" को एक मिशन चलाता है। इसमें २३६ कुष्ट रोगी थे जिनमें से १०० रोगी आदिवासी और हरिजन थे। दूसरी बस्ती जिसे मैंने देखा वह थी गौरीपुर की कुष्ट रोगी बस्ती, जिसे राज्य सरकार चला रही है। इसका वार्षिक बजट-व्यय ३,५०,००० रुपये है। हस्पताल में ४१२ रोगी थे जिनमें से २३ सन्थाल थे। रोगियों की इतनी अधिक संख्या होने पर भी अस्पताल में केवल २ डाक्टर थे। कम से कम दो और डाक्टर और २अधिक नर्सें होनी ही चाहिऍं, तभी यह कुष्ट रोगी बस्ती अच्छी तरह चल सकती है।

बांकुरा और मिदनापुर जिले में आदिवासी कल्याण विभाग ने पांच कुंए बनाये हैं, उन्हें मैंने देखा। मैंने देखा कि हरिजन सेवक संघ ने बनाये हैं, वे सस्ते हैं और वनकर जल्दी तैयार हो गये हैं, बनिस्पत उनके, जो सरकारी निरीक्षण में ठेकेदारों ने बनाये हैं। कृषि और पशुपालन योजना के अधीन संचालित निम्नलिखित चार केन्द्रों को भी देखा :

१—विस्तार प्रशिक्षण केन्द्र, बर्दवान,

२—बीज उत्पादन प्रक्षेत्र, बर्दवान,

३—चौकन कल्याण केन्द्र, चौकन, बांकुरा

४—पशु व मुर्गी प्रदर्शन, पीयरदोवा, जिला बांकुरा।

बर्दवान के बीज उत्पादन, प्रदर्शन, क्षेत्र का नक्शा बड़ा सुन्दर है। बांकुरा जिले की बिशनुपुर तहसील में चौकन कल्याण केन्द्र के पास सब्जी पैदा करने को एक छोटा प्रदर्शन प्रक्षेत्र है। ग्रामीण लोगों ने सब्जी का उत्पादन आरंभ कर दिया है और क्योंकि पास में ही सब्जी के लिए अच्छा बाजार है इसलिए उनकी आय काफी बढ़ गई है। मुर्गियाँ भी यहां पाली जाती हैं। लगभग १,०२० मुर्गियां बाँटी गईं। इस योजना से लगभग २,३०० परिवारों को लाभ पहुंचा है। आदिवासियों में हरियाना नस्ल के ३० सांड और ३० मन ज्वार बीज के लिए बांटी गई है।

गृहोद्योग स्कीम के अधीन, बांकुरा जिले के खतरा नामक स्थान पर बीज-लाख का प्रशिक्षण व उत्पादन केन्द्र चलाया जा रहा है। खतरा की जन-संख्या में २०,००० आदिवासी और ४०,००० हरिजन हैं। केन्द्र में, सलाई लाख से बीज-लाख बनाने, लाख की विभिन्न किस्में तैयार करने, विभिन्न प्रकार के रोगन तैयार करने में लाख का उपयोग, मोहर वाला लाख बनाने, बर्तनों पर रोगन करने, "कीरी" और "पेरा" से लाख तैयार करने, बोबिन किस्म की मीनाकारी और काला अंग्रेजी चमड़े का रोगन तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षणार्थियों को १०) मासिक छात्रवृत्ति दी जाती है जो अपर्याप्त रहती है। इसे बढ़ाकर १५) मासिक कर देना चाहिए। चूंकि यहां कुसुम और पलाश के काफी पेड़ हैं इसलिए लाख-उद्योग के विकास के लिए काफी अवसर है। इस उद्योग के विकास से आदिवासियों को काफी सहायता मिलेगी। व्यापारी लोग आदिवासिओं का शोषण करते हैं और लाख बहुत सस्ता प्राप्त कर लेते हैं। सरकार को चाहिए कि वह आदिवासियों से सारा लाख खरीदने की व्यवस्था करे। मेरा सुझाव है कि इस केन्द्र का विस्तार करके स्वास्थ्य कर स्थान पर मकानों का निर्माण किया जाय और छात्रों को वहां छात्रावास में रहने को तैयार किया जाय। जब उनका प्रशिक्षण समाप्त हो जाय, छात्रों को सहकारी समिति बनाने की अनुमति दी जाय ताकि वे इस केन्द्र के अधिकारियों के टेक्निकल मार्ग दर्शन में विभिन्न प्रकार का लाख तैयार कर सकें। द्वितीय पंचवर्षीय योजना में एक विशिष्ट स्कीम शामिल करनी चाहिए और दूसरी मदों में से धन निकाल कर इस स्कीम को चलाना चाहिए।

विशनुपुर का औद्योगिक स्कूल भी देखा। यहाँ आदिवासियों को बढ़ईगीरी और बुनाई की शिक्षा दी जाती है। इस स्कूल को मान्यता देनी चाहिए और बुनाई, लुहारगीरी और सिलाई का शिक्षण काल १ वर्ष और बढ़ईगीरी का २ वर्ष कर देना चाहिए। इस केन्द्र और छात्रावास के लिए नया मकान बनाना बहुत आवश्यक है।

बर्दवान जिले के दोमोहनी तथा झन्टी पहाड़ी नामक स्थानों पर सहकारी अन्न भण्डार देखे। दोमोहनी का अन्न भण्डार वहां के कुल निवासी ७,००० आदिवासियों में से केवल २५१ को ही सदस्य बना पाया है। झन्टी पहाड़ी का अन्न भण्डार बड़ा लोकप्रिय है और उसके सदस्यों की संख्या ४,४८६ है। सूद की दर २५ प्रतिशत, दूसरे वर्ष १२½ प्रतिशत और उसके बाद ६¼ प्रतिशत होनी चाहिए। इस अन्न भण्डार की एक बहुधंधी समिति है। इसलिए इसे कोयला, मिट्टी का तेल, चीनी आदि दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं की सप्लाई का काम भी शुरू करना चाहिए। जंगल सहकारी समिति भी बनाई जा सकती है, जो दूसरे राज्यों के समान, इमारती लकड़ी, ईंधन, कोयला तथा अन्य छोटी जंगली वस्तुओं के उत्पादन का काम अपने हाथ में ले ले।

अस्पृश्यता निवारण की समस्याओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए, मैंने गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा संचालित कुछ केन्द्र देखे। पश्चिमी बंगाल में अस्पृश्यता निवारण की समस्या उतनी पेचीदा नहीं हैं जितनी दूसरे राज्यों में। सहभोजों में यहां सैकड़ों सवर्ण हिन्दु हरिजनों के साथ बैठकर भोजन करते हैं। तो भी, बावरी, डोम और मोची जो मुर्दार पशुओं की खाल उतारते हैं, अछूत माने जाते हैं। औरों की क्या बात, अनुसूचित जातियां भी उन्हें अस्पृश्य मानती हैं।

इस राज्य की नगरपालिकाओं के नौकरों की स्थिति, जो अधिकाँश अनुसूचित जाति के हैं, दूसरी जगह से बेहतर नहीं है। खास कलकत्ता में ही मैंने गरचा बस्ती की बारकें देखीं और पाया कि कारपोरेशन ने इस बस्ती के अपने नौकरों को मानवी सुविधाएं देने के लिए कुछ नहीं किया है। बस्ती में कुल ६०० व्यक्ति रहते हैं। सब मकान टूटे-फूटे हैं, न बिजली और न पीने के पानी की व्यवस्था। कलकत्ता कारपोरेशन, जो काफी धन खर्च कर सकती है, को चाहिए कि वह अपने हरिजन नौकरों के लिए अच्छे मकान बनाने के काम को प्राथमिकता दे जो इतने बड़े शहर को साफ और स्वच्छ रखते हैं।

इस राज्य में हरिजनों को उतनी सुविधायें और रियायतें नहीं दी जातीं जितनी आदिमजातियों को दी जाती हैं। यह बात शायद इसलिए भी हो कि उनकी जनसंख्या ४७ लाख बहुत बड़ी है परन्तु राज्य सरकार को चाहिए कि हरिजनों को फीस माफ करने, छात्रावासों में रहने की वृत्ति और पुस्तक खरीदने आदि जैसी अधिक सुविधाएँ दे। कम से कम निम्नलिखित अनुसूचित जातियों को, जो अत्यन्त गरीब हैं, ये रियायतें देने में तरजीह दी जानी चाहिए :—

बागड़ी, बावरी, बेड़िया, भईमाली, चमार, डोम, दुसाध, पहाड़ी, काओरा, मेहतर, मोची और मुसहर:

इन अनुसूचित १२ जातियों की इस राज्य में कुल संख्या २०.५० लाख है और चूंकि ये जातियां बहुत गरीब और अपढ़ है, इसलिए मेरी सिफारिश है कि इन जातियों के प्रत्येक छात्र को माध्यमिक स्तर पर फीस के लिए ५० रुपये वार्षिक और भोजन के लिए १५०) वार्षिक दिये जायें। कुल खर्च करीब ५ लाख रुपये होगा। अस्पृश्यता-निवारण का कार्य अधिकतर गैर-सरकारी संस्थाएं करती हैं। वे केन्द्र चलाती हैं जिनमें से कुछ मैंने देखे। ऐसी संस्थाओं में हरिजन सेवक संघ का कार्य सर्वोत्तम, एवं सन्तोषजनक है और मितव्ययता के साथ किया जाता है।

हरिजन सेवक संघ चन्द्रा में एक छात्रावास चलाने के लिए चन्द्रा कल्याण संघ को ४,०००) वार्षिक अनुदान के तौर पर देता है, छात्रों को कताई और बुनाई सिखाई जाती है। पांच प्रचारक रखे गये हैं जो गाँवों में घूमकर अस्पृश्यता-निवारण के लिए प्रचार कार्य करते हैं। खेद की बात है कि इन कार्यकर्ताओं का भत्ता ६०) मासिक से घटा कर ४०) मासिक कर दिया है। छात्रावास भी एक जर्जरित मकान में है। इस छात्रावास को बड़ा सस्ता चलाया जा रहा है, मकान मरम्मत के लिए विशेष सहायता देनी चाहिए। बर्दवान जिले में रसूलपुर की अनाज समिति भी अस्पृश्यता–निवारण का बहुत अच्छा काम कर रही है। अमरकानन रामकृष्ण सेवा दल एक और संस्था है जो कृषि और उद्योग प्रशिक्षण के लिए शिक्षण संस्थाऐं पुस्तकालय, और खैराती औषधालय स्थापित करके बहुत अच्छी सेवा कर रही है। हरिजन सेवक संघ भी औलीगेरिया में विमुक्त जातियों की एक बस्ती बड़ी सफलतापूर्वक चला रहा है। अब तक २६ परिवारों को पुनः बसाया जा चुका है। बस्ती के सब निवासी बड़े सन्तुष्ट, सुखी दिखाई देते थे और आवश्यक सब वस्तुओं की बस्ती मे ही व्यवस्था है। झारग्राम तहसील, मिदनापुर जिले में भी खेड़ियाओं की एक ऐसी ही बस्ती शुरु की गई है। २६ परिवारों के पुनर्वास के लिए हरिजन सेवक संघ को राज्य सरकार ने २६,०००) अनुदान के रूप में दिये हैं। चूंकि यहां आवारा लोगों को सभ्य जीवन बिताना सिखाया जा रहा है, इसलिए इस बस्ती को २,०००) प्रति परिवार के हिसाब से और देने चाहिएं।

केन्द्रीय सरकार ने जो केन्द्र द्वारा संचालित कार्यक्रम मंजूर किया है उसके अधीन ऐसे लोगों को बसाने की स्कीम को प्राथमिकता देनी चाहिए। चूंकि पश्चिमी बंगाल में अनुसूचित इलाका नहीं है, इस स्कीम के अधीन कोई बहुधंधी योजना शुरु नहीं की जा सकी, यद्यपि इस राज्य में ११ लाख आदिवासी हैं। परन्तु हरिजन सेवक संघ जैसी उपनिवेशन स्कीमों का प्रयोग कर रहा है, वैसी स्कीमों के लिए धन लिया जा सकता है। मैंने रचनात्मक काम करने वाली दूसरी संस्थाओं को भी देखा जिन्हें राज्य सरकार अनुदान दे रही है। बलरामपुर के कई तालीमी संघ का काम सन्तोषप्रद नहीं था। जिला मिदनापुर के कालाझारिया में हिन्दू मिशन होम आदिवासी तथा पिछड़े वर्ग के लड़के-लड़कियों को कुछ उद्योगों का प्रशिक्षण दे रहा है। कालाजारिया आश्रम लड़कों के लिए है और झारग्राम आश्रम लड़कियों के लिए। इस संस्था को स्कूल का भवन बनाने के लिए ४,०००) की सहायता दी गई। परन्तु हाल के

तूफान ने इस मकान को काफी नुकसान पहुंचाया है। इस मकान की मरम्मत के लिए दूसरी बार सहायता प्रदान करनी चाहिए। कृष्णनगर में 'हरिजन समिति' नामक एक भंगी-बस्ती है। मकान गन्दे और मैले हैं और उनकी छतें ऐसी हैं कि वर्षा की बूंद-बूंद घर के अन्दर आ सकती है। पीने के पानी की व्यवस्था भी उचित नहीं है। नगरपालिका को इधर ध्यान देना चाहिए और हरिजनों के लिए और अच्छे मकान बनाकर उनके जीवनमान में सुधार करना चाहिए।

कृष्णनगर के चमारपाड़ा का निरीक्षण हरिजन सेवक संघ के कार्यकर्ता कर रहे हैं। इस बस्ती में ११० चमार रहते हैं। मेरा सुझाव है कि इनकी सहकारी समिति बना दी जाय और उन्हें सीने की मशीन जैसे औजार दिये जाँय ताकि वे अधिक कमा सकें इस बस्ती के स्कूल का मकान कुछ छोटा है। इस मकान को बड़ा बनाने के लिए सहायता देनी चाहिए। इस काम के लिए हरिजन सेवक संघ को जो सहायता दी जा रही है, वह बहुत ही थोड़ी है।

कलकत्ता के हरिजनों में रामकृष्ण मिशन बहुत अच्छा सेवा कार्य कर रहा है। यह कल्याण केन्द्र, बुनियादी स्कूल, प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र और प्रशिक्षण-उत्पादन केन्द्र चला रहा है। बेंत और बांस का काम करने वालो की वह एक सहकारी समिति भी चला रहा है। इस संस्था को राज्य सरकार ने ३०,३५०) की सहायता प्रदान की और ६२,०००) चन्दे के रूप में जमा किये गये। मेरी सिफारिश है कि इस संस्था को काफ़ी बड़ी रकम दी जाय ताकि वह अपनी विभिन्न प्रवृत्तियों को बढ़ा सके।

कलकत्ता की सांस्कृतिक शोध संस्था का आरम्भ शुभ हुआ है और वह आदिवासी लोगों की विशिष्ट समस्याओं की शोध का काम शुरु करके अच्छा काम कर रही है। आदिवासी भाषाओं मे पाठ्य पुस्तके तैयार करने के बारे में उपयुक्त कार्यक्रम बनाने और नीति निर्धारण करने के लिए इस राज्य में कमेटी बनाई गई है। आदिवासी जीवन पर डाक्यूमेंटरी फिल्म तैयार करने के लिए भी एक संयुक्त मंडल स्थापित कर दिया गया है।

बर्दवान, बांकुरा, झारग्राम (मिदनापुर) और कृष्णनगर में मैंने जिला अधिकारियों से बातचीत की जिसमें स्कीमों को कार्यान्वित करने के लिए विभिन्न विभागों में समन्वय करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पिछड़े वर्गों सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में झारग्राम के एस० डी० ओ० ने एक बहुत अच्छी पुस्तिका तैयार की थी। मेरा सुझाव है कि विभिन्न विभागों द्वारा कार्यान्वित की हुई विभिन्न स्कीमों की ६ माही प्रगति के संबन्ध में ऐसी पुस्तिकाएँ तैयार की जायें ताकि कितना काम हुआ है और कितना शेष है, इसका स्पष्ट चित्र सामने आ सके।

गौरीपुर की कुष्ट रोगी बस्ती में और अधिक डाक्टर और परिचारिकाओं की व्यवस्था करने, खतरा के प्रशिक्षण-उत्पादन केन्द्र (बीज लाख) और कलकत्ता कारपोरेशन के भंगियों की बस्ती में सुधार के संबंध में मैंने मुख्य मंत्री से भी चर्चा की।

पश्चिमी बंगाल की सरकार ने जो नया भूमि कानून पास किया है उससे आदिवासियों तथा हरिजन किसानों या खेतिहर मजदूरों को सन्तोष नहीं हुआ है। किसी न किसी बहाने से उन्हें बेदखल किया जा रहा है और चूँकि नया बन्दोबस्त कार्य जिलों में चल रहा है, जोतदार यह प्रयत्न कर रहे हैं कि हरिजनों और आदिवासियों के नाम कागजों में न चढ़ें, यद्यपि यह लोग बहुत दिनों से इन जमीनों को जोतते आ रहे हैं। चूंकि आदिमजातियों और हरिजनों के पास कोई लिखित सबूत नहीं होता, इसलिए उन्हें बेदखल कर दिया जाता है और नये बन्दोबस्त में उनके नाम काग़ज़ात में नहीं चढ़ाये जाते। राज्य सरकार को इस प्रश्न की बड़ी सावधानी से जांच करनी चाहिए ताकि गरीब खेतिहर मज़दूरों को कष्ट झेलना न पड़े।

आदिवासी कल्याण विभाग के सचिव और राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत करते समय निम्नलिखित अन्य बातों पर मैंने चर्चा की :—

(१) यह मान लिया गया कि प्रति छात्र छात्रावास-व्यय १०) मासिक से बढ़ा कर १५) मासिक कर दिया जाय। इस प्रकार जो खर्च बढ़ेगा उसे राज्य-योजना में छात्रावास-मकान निर्माण पर किये जाने वाले व्यय को ५०) प्रतिशत कम करके पूरा किया जाना चाहिए।

(२) यह निश्चय किया गया कि जो हरिजनो छात्र गरीब हों उनके लिए माध्यमिक स्कूलों में फीस माफ करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। केन्द्रीय सहायता से इस स्कीम पर खर्च को पूरा किया जा सकता है।

(३) ओलीगेरिया में लोगों के पुनर्वास के बारे में, यह अनुभव किया गया कि प्रति परिवार १,०००) की सहायता से इन लोगों को उचित रूप से बसाना संभव नहीं है। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रति परिवार १,०००) और हरिजन सेवक संघ को दिये जायें और यह रकम केन्द्र द्वारा संचालित कार्यक्रम के अधीन जो १,००,०००) की व्यवस्था की गई है, उसमें से ली जाय।

(४) इसी प्रकार, खेड़िया लोगों के पुनर्वास की स्कीम के अधीन वर्तमान स्वीकृत स्केल अपर्याप्त हैं और इसलिए प्रति परिवार बाढ़ा कर २,०००) कर देना चाहिए तथा राज्य योजना के अधीन व्यवस्था को तदनुसार ठीक किया जाना चाहिए।

(५) केन्द्र द्वारा संचालित योजना में १ लाख रुपये के प्रोविजन में से गैर सरकारी संस्थाओं को सहायता देने के लिए फंड अलग रखना चाहिए ताकि गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा किया गया कार्य तथा शासन द्वारा संपन्न कार्य की तुलना की जा सके।

(६) राज्य सरकार को चाहिए कि बांकुरा जिले के खतरा में लाख बनाने तथा मार्केटिंग व्यवस्था करने की एक योजना बनाये। इस योजना के लिए केन्द्र से ही प्रावीजन दिया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश (इलाहाबाद), पश्चिमी बंगाल (कलकत्ता), त्रिपुरा और मणीपुर राज्य

उत्तर प्रदेश (इलाहाबाद):—ईश्वर शरण आश्रम इलाहाबाद के स्थापना दिवस के समारोह में मैंने तारीख २५ और २६ अगस्त १९५६ को भाग लिया। आश्रम द्वारा संचालित विविध प्रवृतियों का देखने का मुझे अच्छा अवसर मिला। आश्रम द्वारा एक प्राईमरी स्कूल चलाया जाता है जिसमें २१९ छात्र हैं तथा एक इंटरमिजिएट कालेज है जिसमें ४६६ छात्र अध्ययन कर रहे हैं। यह आश्रम इसके अतिरिक्त एक जूनियर हाई स्कूल, प्रयाग में एक नागरिक सिविल इंजिनियरिंग स्कूल, एक औद्योगिक विभाग, कालेज छात्रावास, तथा सिविल इंजिनियरिंग छात्रावास, ईश्वर शरण विश्वविद्यालय छात्रावास, एक लड़कियों का छात्रावास और ४ छात्रावास इंजिनियरिंग छात्राओं के लिए चला रहा है। बोर्डिंग में रहने वाली ४८ लड़कियों में से ४० लड़कियां हरिजन हैं। विश्वविद्यालय छात्रावास में १४५ लड़के पढ़ रहे हैं, जिनमें से १२० हरिजन हैं। हरिजन तथा पिछड़े वर्ग के छात्रों को स्वावलम्बन की शिक्षा देने के लिये हस्त-उद्योग की पढ़ाई शुरू की गई है। आश्रम का अपना एक प्रेस भी है जिसमें अस्पृश्यता निवारण के विज्ञापन पत्र छापे जाते हैं। आश्रम के द्वारा एक चमड़े का कारखाना चलाया जाता है जहां जूते, सूटकेस तथा अन्य चमड़े का सामान बनाया जाता है। आश्रम अच्छे साधनों से संपन्न एक अस्पताल चला रहा है जिसमें उच्च शिक्षण प्राप्त कर्मचारी हैं। आश्रम के पास ५० एकड़ कृषि योग्य भूमि है और उसमें कृषि की जाती है। पास के ग्राम में रहने वाले लोगों में आश्रम के प्रचारक अपना संपर्क स्थापित कर हरिजनों की तथा पिछड़े वर्ग के लोगों की सर्वांगीण उन्नति के लिये उपयुक्त वातावरण निर्माण करते हैं।

मैं अनुसूचित जाति के कुछ छात्रों से मिला जिनमें से बहुत से स्नातक भी थे। वे सूअर पालना, तेल घानी इत्यादि कुछ स्वतंत्र व्यवसाय करना चाहते थे। मुझे बताया गया कि सहकारी समितियां प्रारम्भ करने के मार्ग में आने वाली अनेकों अड़चनों में से एक अड़चन यह भी थी कि उद्योग संचालक से प्रमाणपत्र मिलने के अभाव में खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से अनुदान प्राप्त करना कठिन होता है। राज्य सरकार कुछ ऐसा उपाय उत्पन्न करे कि जिसमें इन उपर्युक्त कार्य करने वाली सहकारी समितियों को समय पर खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से अनुदान मिलने के लिए प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके। मैंने इलाहाबाद के राजापुर हरिजन छात्रावास को देखा। वहां पर ३२ छात्र आई० ए०, बी० ए०, एम० ए० आदि कक्षाओं में पढ़ते थे। उन्हें सरकारी छात्रवृतियां मिलती हैं। मैंने देखा कि छात्रावास को प्रतिवर्ष पाठ्य पुस्तकें खरीदने के लिए १,०००) का अनुदान मिलता है। यह एक अच्छा उदाहरण है जिसका अन्य राज्य सरकारों द्वारा अनुसरण किया जाना चाहिए।

इलाहाबाद से ३० मील की दूरी पर शंकरगढ़ स्टेशन के पास पत्थर निकालने वाले खदानों में मैं ३ साल के बाद गया। लगभग ५००० मजदूरों यहाँ किसानी मौसम के अतिरिक्त काल में कार्य करते हैं और स्थाई मजदूर की संख्या ५०० से कम नहीं होगी। खदान का ठेका प्रतिवर्ष दिया जाता है। इसलिए ठेकेदार, मजदूरों के लिए मकान की तथा पीने के पानी की सुविधा नहीं कर सकते। मेरा सुझाव है कि यह ठेके कम से कम १० वर्षों के लिए इस शर्त पर दिये जाये कि ठेकेदार कम से कम मजदूरों के लिए मकान की सुविधा, पीने के पानी की व्यवस्था और धूप में काम करते समय मजदूरों के लिए शेड निर्माण की व्यवस्था करेंगे। पीने के पानी के तालाब से जहाँ रेलवे लाईन है पाइप लाईन बढ़ा सकते हैं और मजदूरों के निवास स्थान तक ले जाकर उन्हें पीने का पानी मिल सकता है। काम कठिन होने के कारण वैद्यकीय सहायता की भी उचित व्यवस्था होनी चाहिए। रेलवे अधिकारियों को चाहिए कि काम के आधार पर निम्नतम

वेतनमान निर्धारित करने की शर्त प्रधानतः ठेकेदारों के लिए रखी जाए। इन मजदूरों में अनुसूचित जाति या विन्ध्य प्रदेश की अनुसूचित आदिमजाति के कोला लोग हैं।

पश्चिमी बंगाल (कलकत्ता)—त्रिपुरा और मणिपुर जाते समय नृतत्वशास्त्र विभाग के कलकत्ता केन्द्र को देखने मैं अचानक गया। इस विभाग में काम की दृष्टि से व्यवस्था सांख्यकीय, सामाजिक नृतत्वशास्त्र इत्यादि विभाग किये गए हैं और गत दो वर्षों से इस विभाग द्वारा ३ विवरण पत्र छपाये गये, जिसमें विभाग द्वारा किए गये कई अनुसंधान कार्यों के विषय में लेख निकाले गये। एक भारत का आदिवासी सम्पन्धी नकशा भी १९३१ तथा १९४१ की जनगणना के आँकड़ों के आधार पर छपाया गया। अच्छा होता कि यदि राष्ट्रपति के अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के आदेशों के लिए जिनमें इन जातियों की नामावली प्रकाशित की गई, अपना प्रकाशन, कुछ दिन रोक दिया गया होता। नृतत्वशास्त्र विभाग ने नागपुर तथा अन्डमान द्वीप में केन्द्र स्थापित किए हैं। यह आवश्यक है कि इस विभाग के कार्य जो कि दिल्ली से दूर तक फैले हुए हैं राज्य सरकारों द्वारा संचालित सांस्कृतिक संस्थाओं की प्रवृतियों से समन्वय कर दिए गये कार्यों को मार्गदर्शन दिया जाय। यह मेरे दिल्ली के कार्यालय की एजेन्सी द्वारा अच्छी तरह हो सकता है। अनुसूचित जातियों के नाम बढ़ाने या उनको कम करने के लिए भिन्न-भिन्न राज्य सरकारों को हमारा मार्ग दर्शन चाहिये। यह दुर्भाग्य की बात है कि अनुसूचित जातियों की सूची में सुधार करने को प्रेसीडैन्ट के आदेश के सम्बन्ध में पालियामेन्ट में विधेयक रखा जा चुका है, किन्तु राज्य सरकारों को अथवा केन्द्रीय सरकार को इस विधेयक के विषय में कोई भी सुझाव इस विभाग द्वाराम पेश नहीं किया गया।

त्रिपुरा—१९५१ की जनगणना के आधार पर त्रिपुरा राज्य की जनसंख्या ६,४५,७०७ है और राज्य का क्षेत्रफल ४,११६ वर्ग मील है। नीचे दी गई तालिका में राज्य सरकार से १९४१ और १९५१ में और १९५६ में अंकित की गई कुल आबादी, और अनुसूचित आदिमजातियों की जन-संख्या नीचे दी गई है—

वर्ष	कुल जनसंख्या	अनुसूचित आदिमजातियों की जनसंख्या
१९४१	५,१३,०१०	२,५७,९७१
१९५१	६,४३,७०७	२,३७,९५३
१९५६ (अनुमानित)	८,५०,०००	२,४७,०००

इससे पता चलता है कि १९५१ में १९४१ की तुलना में अनुसूचित आदिमजातियों की जनसंख्या घट गई है। १९५६ की अनुमानित जनसंख्या के आंकड़े १९४१ की जनगणना के आँकड़ों से भी कम हैं। मेरे प्रवास में अनेकों जाति के प्रतिनिधियों से मेरी बात-चीत हुई जिसमें उन्होंने इस अस्वाभाविक बात पर विरोध प्रदर्शित किया। मुझे बताया गया कि १९५१ की जनगणना के समय इस राज्य के अन्दर अव्यवस्थित परिस्थिति के कारण जनगणना अधिकारी उन क्षेत्रों में जा नहीं सके, जिससे जनगणना में अनुसूचित जातियों की संख्या कम हो गई। १९४८ में पूर्वी पाकिस्तान से जो शरणार्थियों का प्रवाह चालू हुआ था, वह अभी भी जारी है और कुछ ही दिनों पहले २ लाख से अधिक शरणार्थियों को राज्य के विभिन्न भागों में बसाया गया।

इस क्षेत्र के आदिमजाति के लोग कृषि के लिए झुमिंग-प्रणाली अपनाते हैं। राज्य सरकार को इन झूमिया तथा भूमिहीन आदिमजातियों को अच्छा कृषि योग्य भूमि देकर बसाना चाहिये। निम्नलिखित आँकड़ों से पुर्ननिवास की योजना के प्रति आदिवासियों का अविश्वास हो गया है :—

(१) शरणार्थियों को स्थानीय आदिवासियों से अधिक धन तथा पुर्ननिवास की अन्य उपयुक्त सुविधाएं दी गईं।

(२) १९५३ में त्रिपुरा के स्वर्गीय महाराजा ने १९५० वर्ग मील भूमि अपने अन्यान्य उप-विभागों में ५ प्रकार के झूमिया लोगों को सघन खंड में बसाने के उद्देश्य से तथा उनका जीवन स्तर उंचा करने के लिए अलग रखी थी। किन्तु १९५५ में राज्यपालिका माता महारानी महादेवी ने इस सुरक्षित भाग में से ३०० वर्ग मील भूमि, लगान की पूर्ति के लिये तथा पुर्ननिवास की समस्या सुलझाने के लिये छोड़ देने की आज्ञा दी। आदिवासी सोचते हैं कि अलग रक्खी हुई भूमि का यही खंड अत्युत्तम था और इसे छोड़ देने से उनके पुर्ननिवास में बाधा आ गई।

(३) मेरे देखने में कतिपय ऐसे उदाहरण आये हैं जिससे प्रतीत होता है कि शायद आदिवासियों से इन शरणार्थियों ने जमीन खरीद ली है।

(४) अनुसूचित आदिमजातियों तथा शरणार्थियों की जनसंख्या के सही आंकड़ों के अभाव में तथा कृषि योग्य जमीन का क्षेत्रफल जो कि उपलब्ध नहीं है, जंगल विभाग में अलग रखा गया क्षेत्र, जिस भूमि में आदिवासियों का पुनर्निवास अभी तक किया गया है और अभी तक जिस क्षेत्र का निरीक्षण हो चुका है, इत्यादि की जानकारी के अभाव में राज्य की भूमि की समस्या का योग्य अध्ययन अधूरा रह जाता है। भारत के सर्वे नक्शे के आधार पर जंगल विभाग द्वारा कंटूर बन्धों का अध्ययन करके धान योग्य भूमि की उपादेयता आंकी गयी और इससे निष्कर्ष निकाला गया कि सम्पूर्ण राज्य में १,१०० एकड़ धान की जमीन मिलने योग्य है जिसमें ७०० वर्ग मील जमीन रिवैन्यु विभाग को बसाहत के लिये दी गई और २०० वर्ग मील जमीन पर अनधिकार कब्जा किया गया। यह सब पैदल घूम-घूम कर सर्वे करने से पता चलेगा और अनधिकार कब्जा करने की खोज लग सकेगी। इस प्रकार २०० वर्ग मील धान की जमीन प्राप्त है और यह सम्पूर्ण राज्य के लिए है। बड़े-बड़े साधन क्षेत्र जो कि बसाहत के रूप में उपयोग में आ सकें, स्टेट के इस भाग में हैं, जहां आवागमन कठिनाई से होता है। वे भाग तो आज उत्पादन के लिये उपयुक्त हो नहीं सकेंगे। आदिवासी विभाग में कृषि उत्पादनमान कम हो जाने से और धान की खेती की जमीन की कमी के कारण मुझे लगता है कि यहां शरणार्थियों को बसाने के लिए पर्याप्त स्थान है। मेरा सुझाव है कि राज्य सरकार द्वारा निम्नलिखित उपाय शरणार्थियों को बसाने के पूर्व तुरन्त अमल में लाये जायें :—

(१) सन् १९४८ से इस राज्य में बसे हुए शरणार्थियों की और अनुसूचित आदिमजातियों की आबादी समझने के लिए एक नयी गणना होनी चाहिए।

(२) शरणार्थी और झूमिया लोगों के बसाहत के लिये निरीक्षण होना चाहिये कि कितनी जमीन कृषि योग्य है और इसके बाद झूमिया लोगों के पुनर्निवास को अग्रिम स्थान देना चाहिए। आदिवासी लोगों के हित का संरक्षण करने के लिये राज्य सरकार द्वारा बनाया गया १९५५ का त्रिपुरा भूमि सुधार विधेयक इन लोगों के संरक्षण में पर्याप्त रहेगा।

राज्य सैक्टर में संशोधित योजना के अन्तर्गत पिछड़े वर्गों के लिये ६० लाख रुपये की रकम रखी गई है और राज्य सरकार ने इस हेतु पूर्ति के लिये (अनुदान के रूप में) १२ लाख रुपये की मांग की है। परन्तु मैं सिफारिश करता हूं कि ५०० रु० प्रति परिवार के हिसाब से १२०० झूमिया प्रणाली से काम करने वाले परिवारों को बसाने के लिये ६० लाख रुपया राज्य सरकार को देना चाहिये। द्वितीय पंचवर्षीय योजना को कार्यान्वित करने के लिये कर्मचारियों की कमी है। भारत के शेष भागों से यह प्रदेश अलिप्त रहने का प्रमुख कारण यही है कि यहां यातायात के साधनों का अभाव है। मेरा सुझाव है कि अगरतला करीमगंज रोड जो अच्छी ऋतु में कामयाब होती है, राष्ट्रीय मार्ग घोषित किया जाय। भारत सरकार को भी कलकत्ता से चान्दपुर को जहाज में धान भेजने की सम्भावना के विषय में मार्ग खोजने चाहियें। इस उपाय से अनाज के भावों मे कमी हो सकेगी। यह आवश्यक है कि आदिमजातियों की भाषाएं देवनागरी लिपि में लिखना शुरू किया जाय और उसी समय राज्य में हिन्दी को प्रोत्साहित किया जाय। यह आवश्यक है कि आदिवासी क्षेत्र में नियुक्त किये गये शिक्षकों को आदिवासी भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए।

मैंने अगरतला में गैर-सरकारी तौर पर चलाये जाने वाला एक छात्रावास देखा। यहां १५ छात्र रहते हैं। इस बोर्डिंग को सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। इसी तरह आदिवासी छात्रों के लिये एक और भी छात्रावास की आवश्यकता अनुभव होती है। अतः मेरा सुझाव है, कि एक पक्का भवन निर्माण किया जाय जिसमें अगरतला के स्कूल में तथा कालेज में पढ़ने वाले ५० छात्रों के निवास की व्यवस्था हो। त्रिपुरा में हजारों परिवारों द्वारा एक सहायक उद्योग के तौर पर हाथकरघा उद्योग अपनाया गया है। बहुत से लोगों के पास पुराने किस्म का हाथकरघा होने से छोटा सा टुकड़ा भी बुनने के लिये काफी समय लगता है। अतः यह वांछनीय है कि जहां सम्भव हो, वहां पुराने हाथ करघों के स्थान पर नये फ्लाई शटल करघे बदल दिये जांय। राज्य सरकार को चाहिये कि आदिवासी लोगों को नयी पद्धति से परिचित कराने के लिये प्रदर्शन केन्द्र स्थापित करे। आदिवासी लोगों को नये करघे खरीदने तथा अपने फायदे के लिये नयी प्रणाली को अपनाने के लिये आवश्यक आर्थिक सहायता भी दी जाये।

मैंने जिरानिया सामुदायिक विकास खंड के बुनाई प्रशिक्षण शिविर को देखा। यहां बुनाई की शिक्षा लेने वाले ८ प्रशिक्षणार्थी हैं। यह आवश्यक है कि इस क्षेत्र के कपड़े के प्रारम्भिक नमूनों का अध्ययन करने के हेतु कुछ लोगों को नियुक्त किया जाय ताकि वे उसमें सुधार करें और उसको उन्नत करें।

छोटे-छोटे कुटीर उद्योग जैसे चमड़े की रंगाई, चर्मउद्योग, लुहारगीरी, बांस का काम तथा बेंत का काम इत्यादि उद्योग को सुधारने के लिये बहुत क्षेत्र है। यह सुझाव दिया जाता है कि इन क्षेत्रों में कार्य करने वाले कारीगरों को सहकारी तौर पर संगठित किया जाय। इसके लिये केन्द्रीय हाट समिति होनी चाहिये जो सब में आवश्यक सामन्जस्य स्थापित करके उन्हें आर्थिक तथा कला सम्बन्धी सहायता प्रदान करे। इस संगठन द्वारा जूट उत्पादन की सम्भावना तथा उसकी उचित हाट-व्यवस्था संबंधी मार्ग भी खोजना चाहिये। छतरियों के हैंडिल बनाने का उद्योग भी सहकारी तत्वों पर आधारित कर सुधारा जा सकता है। मैंने जिरानिया सामुदायिक विकास खंड को देखा। इस खंड में लगभग १५० मील के ग्रामीण रास्ते अब तक बनाये गये हैं जो १६६ वर्गमील के क्षेत्र में फैले हुए हैं। इन रास्तों को यदि मिट्टी से नहीं बनाया गया या नाले पुलिया आदि उन पर नहीं बनाई गई तो वर्षा ऋतु में सब रास्ते बह जाने की संभावना है। मैंने चंपकनगर में सरकारी सीनियर बेसिक स्कूल देखा जिसमें छात्रों को चमड़ा रंगाई, लुहारगीरी, बढ़ईगीरी इत्यादि विषय पढ़ाये जाते हैं। इस स्कूल के साथ एक छात्रावास भी है जिसमें ८० आदिवासी छात्र पढ़ रहे हैं। मैंने देखा कि पाठशाला के साथ पर्याप्त जमीन नहीं रखी गई है, जिससे छात्र कृषि की शिक्षा पा सकें। अगरतला से २५ मील की दूरी पर हवाईबाड़ी में मैं ग्राम के प्रतिनिधियों से मिला। वहां एक अल्पनिवास शिविर है, जहां पूर्व पाकिस्तान से आये हुए शरणार्थियों को कुछ समय के लिये आश्रय दिया जाता है। यहां से उन्हें राज्य के अन्य भागों में भेज दिया जाता है। आदिवासी इन शरणार्थियों को उनकी जमीन आदि दिये जाने के बारे में कुछ शंकित थे। कुछ शरणार्थियों ने आदिवासियों से भूमि भी खरीद ली है, ऐसा मुझे ज्ञात हुआ है। मेरा सुझाव है कि आदिवासियों की जमीन चाहे वह उनकी सुरक्षित जमीन के अन्दर अथवा बाहर कहीं भी हो, दूसरे आदमियों को देना तुरन्त ही बंद कर देना चाहिये।

मैंने अगरतला में इन्दरनगर भंगियों का उपनिवेश देखा। मुझे कहा गया कि इन लोगों की सब चीजें कुछ ही समय पहले आई हुई बाढ़ में बह गई हैं। मैं चाहता हूं कि नगरपालिका अपने कर्मचारियों के लिए जमीन देकर उस पर उनके लिए मकान बनवाये।

मैंने चीफ कमिश्नर, परामर्शदाताओं तथा अन्य प्रमुख लोगों से इस प्रदेश के आदिवासियों के कल्याण के विषय में चर्चा की।

मणिपुर—मैंने इम्फाल की आदिमजाति टेक्निकल इन्स्टीट्यूट देखी। यह भारतीय आदिमजाति सेवक संघ, दिल्ली द्वारा संचालित की जाती है। इस संस्था द्वारा द्विवर्षीय ओवरसियर का पाठ्यक्रम, सिविल इंजिनियरिंग में तथा द्विवर्षीय बुनाई का प्रमाणपत्र का कोर्स शुरु किया किया गया है। अभी तक ३५ छात्रों ने इस दो प्रकार के पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाया है। यह सोचा गया है कि द्विवर्षीय मिकैनिकल इन्जिनियरिंग तथा इलैक्ट्रिकल इन्जिनियरिंग पाठ्यक्रम भी शीघ्र शुरु किया जाये। इस संस्था को आदिवासियों तथा स्थानीय जनता ने अच्छा बतलाया है। मुझे गैर-आदिवासियों द्वारा सुझाव दिया गया कि इस संस्था के प्रत्येक पाठ्यक्रम में ५ गैर-आदिवासियों को भी स्थान दिया जावे, जो अपनी फीस दे सकें और जिनको छात्रावस में रहने की आवश्यकता न हो। चूंकि इस प्रकार की व्यवस्था से अधिक खर्च नहीं होगा, ५ गैर-आदिवासी छात्रों को इस संस्था में एक शर्त पर प्रवेश दिया जा सकेगा। वह शर्त यह है कि निम्नतम निर्धारित पात्रता होने वाले किसी भी आदिवासी प्रवेशार्थी को इस संस्था में प्रवेश देने से वंचित न किया जाय। राज्य की दूसरी पंचवर्षीय योजना के कुल खर्च में ७.५० लाख रुपये का प्रोविजन इस संस्था के लिए रखा गया है। केन्द्रीय सरकार ने इसमें से ५ लाख रुपया १९५६-५७ में अनुदान के रूप में दिया है। इसमें से ५ लाख रुपया एक लेबोरेटरी के भवन निर्माण तथा अन्य साधन खरीदने के लिए भारत सरकार ने स्वीकृत किया है।

दूसरी पंचवर्षीय योजना में केन्द्र द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत ७५ लाख का प्रोवीजन रखा गया है जिसमें १५ लाख रु० की लागत से ५ प्रशिक्षण केन्द्र शुरु करना है। ये संस्थाएँ आसाम, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और मणीपुर में होंगी। किन्तु ७॥ लाख रुपये का प्रोविजन मणीपुर सरकार की पंचवर्षीय योजना में पहले ही रखा गया है। अतः केन्द्रीय संचालित योजनाओं में से प्रशिक्षण विद्यालय के खर्च में १५ लाख रुपया बचेगा जिसका उपयोग अन्य स्थान में संस्था खोलने के लिए या इन ५ संस्थाओं पर विशेष खर्च करने के लिए किया जा सकेगा।

इस संस्था के प्रतिदिन के आवर्तक खर्च के लिए कुछ कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि मणीपुर सरकार ने इस आवर्तक खंड के लिए कोई रकम मंजूर नहीं की। मैंने परामर्शदात्री कमिटी के सदस्यों से इस विषय में बातें कीं। केन्द्रीय सरकार की अनुदान की रकम जो इस संस्था के लिए थी, राज्य सरकार को दे दी गई है। इस स्थिति की पूरी जाँचकर यह देखना चाहिए कि क्या यह सम्भव हो सकता है कि इस संस्था के लिए अनुदान बजाय राज्य सरकार के भारतीय आदिमजाति सेवक संघ को सीधे मिल सके।

मैं कांगपोकपी में जो इम्फाल से २८ मील की दूरी पर है, तेंगनौपाल रोड के निर्माण कार्य को देखने गया । यह रास्ता इस क्षेत्र की आदिमजातियों को यातायात की दृष्टि से बड़ा उपयुक्त सिद्ध होगा । मैंने सरकारी सिविल अस्पताल जो कि कांगपोकपी में है, देखा । मैंने देखा कि यह अस्पताल भली प्रकार नहीं चल रहा है । इतना ही नहीं वहां का डाक्टर अवकाश पर था, और कम्पाउंडर रोगियों को दवाई आदि देता था । मेरा सुझाव है कि राज्य सरकार को चाहिए कि इन रोगियों का जीवन अनपढ़ कम्पाउन्डर के हाथ में छोड़ देना ठीक नहीं होगा तथा रसीदों और दवाई वितरण का हिसाब ठीक ठीक रखा जाय ।

मैंने मोटबंग में एन० ई० स्कूल देखा जो कि इम्फाल से १३ मील दूर है । इस स्कूल म एक छात्रावास भी सलंग्न है, जिसमें ५० छात्र हैं । ग्रामीणों ने भी एक अपना प्राईवेट स्कूल चलाया है । मैंने सुना कि वह प्रतिमास ४७५ रु० मासिक प्रधान अध्यापक तथा अन्य दो शिक्षकों के वेतन के लिए खर्च करते हैं । इससे यह प्रतीत होता है कि आदिमजाति के लोगों में उच्च शिक्षा लेने की तीव्र अभिलाषा उत्पन्न हो रही है । मैंने आदिमजाति शिक्षा आश्रम का चुराचाँदपुर का छात्रावास देखा जिसमें ५० आदिवासी छात्र रहते हैं जिन्हें मुफ्त भोजन तथा निवास की सुविधा दी जाती है । मैंने काँगलाटोंगी अनाथालय देखा । यह अनाथालय केन्द्रीय सोशल वैलफेयर बोर्ड द्वारा चलाया जाता है । इसमें ३७ बालक बालिकाएं तथा ७ छोटे बच्चे रहते हैं । उनकी व्यवस्था ठीक है । मैं नैंथोनमापन नामक यैंथिबी ग्राम में गया । यह इम्फाल से १८ मील दूर है । ग्राम में एक मंदिर तथा एक मंडप बनवाया जा रहा है । इसके लिए राज्य सरकार द्वारा १,८०० रु० अनुदान माँगा गया । राज्य सरकार इस मंडप में अन्तर्जातीय सहभोज इत्यादि कार्यक्रम रखना चाहती है ।

मुझे इम्फाल में आदिवासी परामर्शदाताओं से मिलने का मौका मिला है । मैंने परामर्शदाताओं को बतलाया कि आदिवासी भाषाओं को समृद्ध कर शनैः शनैः देवनागरी लिपि में लाने की राज्य सरकार की नीति होनी चाहिए । इसलिए राज्य सरकार को चाहिये कि आदिमजातियों की बोलियों की उपयुक्त पाठ्य पुस्तकें को देवनागरी लिपि में लाने के लिए शीघ्र कदम उठाये ।

मध्य भारत और बम्बई प्रदेश—१५ सितम्बर से ६ अक्तूबर १९५६ तक

मध्य भारत (अभी मध्य प्रदेश में मिलाया गया)—राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद की इच्छानुसार तथा पूर्व मध्य भारत शासन के बुलाने पर मैं पूर्व मध्य भारत शासन द्वारा भीलसा में आयोजित सहरिया सम्मेलन में उपस्थित हुआ । अनुसूचित क्षेत्र के बाहर रहने वाले सहरिया लोगों की दशा दयनीय है । यदि उनको कृषि योग्य भूमि देने की तथा जंगल सहकारी समिति स्थापित करने की सुविधाओं के अलावा अच्छे उपनिवेश में बसाया जाय तो उनकी स्थिति में सुधार हो सकता है । मैंने शिवपुरी से ६० मील की दूरी पर एक कल्याण केन्द्र देखा । सामुहिक विकास कार्य के अन्तर्गत राज्य सरकार कल्याण कार्य अन्य विभागों के समन्वय से किया जा रहा है । पाठशाला में बढ़ईगीरी तथा ईंटें बनाना सिखाने की व्यवस्था की गई है । राज्य सरकार को चाहिए कि इस पाठशाला में हस्तकला के रूप में बुनाई को शुरू करने की सम्भावना पर विचार करे । इन्दौर से ६० मील की दूरी पर सुन्दरेल ग्राम में मैंने सुना कि जंगल के ठेकेदार गरीब आदिवासियों का शोषण करते हैं । अतः यह आवश्यक है कि जंगल सहकारी समितियां मध्यम वर्ग लोगों के इस शोषण को दूर करने के लिए स्थापित की जायें । मैं महेश्वर तहसील के बड़लाई ग्राम में गया जो अनुसूचित क्षेत्र में है और जहां आदिवासी विकास केन्द्र है । मैंने १९५२ में भी इस केन्द्र को देखा था । मैं यह देखकर प्रसन्न हुआ कि छात्रों द्वारा इलेक्ट्रिक कनेक्शन के लिए लकड़ी के केस भी यहां तैयार किये जाते हैं । बहुउद्देशीय सहकारी समिति जो कि १९४८ में स्थापित हुई थी, अभी १०,००० रु० से २०,००० रु० तक का लेनदेन कर रही है । आदिवासी केन्द्र की एक शिक्षिका कस्तूरबा ग्राम से प्रशिक्षित होकर आयी है और वह अपने काम में रुचि लेकर काम करती है । दूसरे एक शिक्षक का जो कि दूर के इस देहात में रहने को इच्छुक नहीं है यहां से अन्य स्थान पर तबादला कर देना अच्छा होगा । मंडलेश्वर से बड़लाई जोड़ने का रास्ता जहां तक हो, जल्दी पक्का बनवाना चाहिए । इस ग्राम में बालकों के लिए भी एक आश्रम शुरू करना आवश्यक है ।

नीमाड़ जिले में मैंने निवाली में कस्तूरबा बनवासी कन्या आश्रम देखा, और इस आश्रम का सन्तोषजनक कार्य देखकर मुझे प्रसन्नता हुई । इस आश्रम में ४ कार्यकर्त्रियां तथा एक कार्यकर्त्रियाँ काम कर रहे हैं । आश्रम बहुत ही छोटा है और इस आश्रम के साथ एक आरोग्य केन्द्र और एक बालवाड़ी है । आश्रम प्रौढ़ वर्ग भी चलाता है । पलसूद में मैंने एक छात्रावास देखा जिसमें २५ भील, बरेला, तड़वी, जाति के छात्रों को प्रवेश दिया गया है । पूर्व मध्य भारत शासन ने नियम बनाया था कि ५ मील के बाहर से आने वाले तथा जहां पाठशालायें नहीं ह, ऐसे ग्रामों के छात्रों को ही छात्रावास में प्रवेश मिल सकेगा, हालांकि मैंने देखा कि

जहां स्कूल हैं ऐसे गांव के भी लड़के इस छात्रावास में दाखिल किए गए थे। प्रधान अध्यापक ने आश्वासन दिया है कि उपरोक्त कानून के अन्तर्गत आने वाले छात्रों के विषय में वह सब शालाओं को उन्हें अपने अपने गांव की शाला में प्रवेश दिलाने के सम्बन्ध में लिखेगा।

राज्य सरकार द्वारा सेलवाड़ा में जो अनुसूचित क्षेत्र में है, एक सामुदायिक कल्याण केन्द्र खोला गया। मैंने देखा कि वहां २० बालक तथा ७ बालिकायें छात्रावास में रहती हैं। भीलों के निम्नतर श्रेणी के नायकड़ा लोगों के बालक उसमें नहीं हैं। यह वांछनीय है कि कम से कम ५ नायकड़ा बालक बालिकाएं इस छात्रावास में दाखिल किये जांय।

मैंने चिचलगुड़ा का सामुदायिक कल्याण केन्द्र देखा जो झाबुआ में है। यह केन्द्र सन्तोषजनक कार्य नहीं कर रहा है। मन मध्य भारत हरिजन सेवक संघ से प्रार्थना की कि वह इन लोगों की स्थिति की जांच कराने के हेतु एक सामाजिक कार्यकर्त्ता नियुक्त करे। मैंने भंगी लोगों के कल्याण कार्य को बढावा देने के लिए भी उन्हें एक योजना सुझाई। बाग नामक स्थान में मैंने देखा कि भील सेवा मंडल द्वारा पाठशाला चलाने की कोई जरूरत नहीं है और यदि सरकार सरकारी छात्रावास में कुछ जगह बढ़ा दे, तो छात्रावास की भी आवश्यकता नहीं है। छात्रावास में मैंने देखा कि ४०० रु० के मूल्य के नक्शे पड़े हुए हैं। वे दूसरी संस्थाओं के हैं। अतः वें रखना अच्छा नहीं है। टांडा में छात्रावास भवन बढ़ाना चाहिए और बालकों को बुनाई सिखानी चाहिए। सरदारपुर में मैंने कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया और यह देखा कि यहां कमरे बहुत ही छोटे छोटे हैं तथा प्रत्येक कमरे में लगभग ५ कन्यायें रह सकती हैं। मेरा सुझाव है कि लड़कियों को बड़े कमरे में दूसरी अच्छी व्यवस्था होने तक रखा जाये।

मध्य भारत की पूर्व रियासत में जाति भेद तथा पुराण प्रियता उसी कठोरता के साथ चलायी जा रही है। भीलसा में मैंने कबीर रविदास हरिजन छात्रावास देखा। इसमें २ कमरों वाले छात्रावास में २० लड़के रहते हैं जो सब चमार जाति के हैं। राज्य सरकार ने नियम बनाया कि ५ मील या उससे अधिक दूर से आने वाले छात्र छात्रावास में दाखिल किये जा सकते हैं। मैंने सुझाया कि यह नियम भंगी लोगों के बारे में लागू नहीं किया जाना चाहिए ग्वालियर में ३ वर्ष के पूर्व स्थापित हरिजन छात्रावास को मैंने देखा। इस छात्रावास में इस समय शाला में आने वाले १९ छात्र हैं। ग्वालियर जैसे बड़े शहर में स्कूल व कालेज में पढ़ने वाले कम से कम ५० छात्रों की व्यवस्था हरिजन छात्रावास में होना अच्छा होगा। हरिजन सेवक संघ ने स्थानीय कालिज में पढ़ने वाले छात्रों के लिए कोई भी छात्रावास नहीं चलाया। मध्य भारत हरिजन सेवक संघ को चाहिए कि बम्बई प्रदेश के सतारा जिले में भाउराव पाटिल द्वारा संचालित बाल आश्रम प्रणाली का अध्ययन तथा निरीक्षण करने के लिए किसी कार्यकर्त्ता को नियुक्त करे। हरिजन लड़कियों के लिए ग्वालियर में एक छात्रावास चलाना अच्छा होगा। भींड जिले के गोहद में मैंने देखा कि हरिजन सेवक संघ द्वारा शाला भवन के लिए ५ रु० का नाममात्र अनुदान दिया गया है। सरकार जो गोहद के माध्यमिक शाला के ऊपर खर्च कर रही है, हरिजन सेवक संघ द्वारा संचालित पाठशाला का भी किराया दिया जाना चाहिए।

मुझे बतलाया गया कि आज भी मोरेना तथा भींड जिले के कुछ दूर अन्दर वाले ग्रामों में हरिजनों को छाता लेकर चलना, घोड़े पर बैठना आदि मना है और उन्हें जबरदस्ती बेगार करनी पड़ती है और उन्हें मृत पशुओं को उठाना पड़ता है। उनकी स्त्रियां पैर के चांदी के आभूषण नहीं पहन सकतीं, क्योंकि यह उच्च कहलाने वाली जातियों का अधिकार माना जाता है। मेरे आने के पूर्व ही तेलारी के मन्दिर में ऐसी घटना हुई कि हरिजनों ने भगवान शिवजी को पवित्र गंगा जल अर्पण करने का प्रयत्न किया था। ऐसा पता चलता है कि ता० ४-८-१९५६ को तेलारी के मन्दिर में बराई ग्राम के चार हरिजनों ने भगवान शिवजी को पवित्र गंगा जल अर्पण करने का प्रयत्न किया था। कुछ गड़बड़ी की आशंका से हरिजन सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को इत्तला दे दी थी। आशंका के अनुसार लगभग १००० सवर्ण हिन्दुओं ने हरिजनों पर मंदिर के आंगन में ही हमला किया और बुरी तरह से उन्हें पीटा। लगभग ४८ सवर्ण हिन्दू पकड़े गये। इस दबाव को दूर करने के लिए हरिजन सेवक संघ द्वारा विजयपुर व सेवलगढ़ में सभायें की गईं और राज्य सरकार भी प्रतिष्ठित व्यक्तियों, पंचो, क्षेत्र के पटवारियों की एक सभा परिस्थिति को काबू में लाने के लिए तथा हरिजनों में विश्वास पैदा करने के लिए आयोजित कर रही है। राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में मैंने गांधी ग्राम की एक हरिजन लोगों की बस्ती का निरीक्षण किया। ३५० एकड़ जमीन पर १८ चमार परिवारों को बसाया गया। प्रत्येक परिवार को बैलों की जोड़ी खरीदने के लिए २५०) दिये गये हैं। मैंने देखा कि इस ग्राम में सहकारी तत्वों पर आधारित एक भी कार्य शुरू नहीं किया गया। इस बस्ती में निवास के लिए जो व्यक्तियों का चुनाव किया गया, वह कुछ सदोष था। यह आवश्यक है कि चमारों को टट्टी से खाद बनाना सिखाना चाहिए तथा उनके पुराने धंधे को निपुण निरीक्षण के अन्तर्गत फिर से सुसंघटित किया जाना चाहिए। शाजापुर जिले के बछी ग्राम में हरिजनों से कृषि योग्य भूमि के बारे

में मेरे पास एक प्रतिनिधी मण्डल आया था। राज्य सरकार को प्रत्येक किसान के लिए कृषि योग्य भूमि रखने के बारे में एक मर्यादा रखनी चाहिये और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिमजाति के लोगों को आवश्यकतानुसार कृषि योग्य जमीन दिलाने के प्रश्न की जांच की जानी चाहिए। देवास में मैंने हरिजन छात्रावास का निरीक्षण किया और देखा कि उसका कार्य सन्तोषपूर्ण चल रहा है। छात्रों को अपने घर से अनाज के रूप में या पैसों के रूप में कुछ रकम लाने को कहना चाहिए ताकि वे जान सकें कि उनके प्रयत्नों में सरकार उनकी पूर्ति कर रही है। यह जानकर उनको सन्तोष होगा। इसका परिणाम यह होगा कि छात्र अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे। देवास में लड़कियों का एक छात्रावास भी शुरू किया जाना चाहिए। उज्जैन में मैंने श्री जाल छात्रावास का निरीक्षण किया जिसमें कुल ४५ छात्र हैं, जिनमें से ३ सवर्ण भी हैं। श्री जाल छात्रावास प्रतिवर्ष लगभग ६ से ७ हजार तक का खर्च अपनी जेब से छात्रावास चलाने के लिए कर रहा है। मैंने सुझाव दिया कि छात्रों को टाइप स्टैनोग्राफी सिखायी जानी जाहिए ताकि मैट्रिक उत्तीर्ण होने के बाद उन्हें आसानी से रोजगार मिल सके। हरिजन सेवक संघ ने अस्पृश्यता निवारण के लिए काफी प्रचार करके बहुत अच्छा कार्य किया है। इस प्रचार कार्य के लिए खचरोद तहसील के ५५ ग्राम चुने गये थे। संघ के पास ३६ कार्यकर्त्ता हैं जो देहातों में जाकर कार्य करते हैं। संघ को कार्यकर्ताओं की आर्थिक स्थिरता कायम करने के लिए वेतनमान निश्चित करने की ओर ध्यान देना चाहिए। १ अप्रैल १९५५, से ३१ मार्च १९५६ तक संघ द्वारा १९ अधिवेशनों का आयोजन किया गया, १३८ मन्दिर खोले गए, १३६ सार्वजनिक कुंए खोले गये, ४६ नाई की दुकानें, १८ छात्रावास खोले गये। संघ द्वारा भूमिहीन हरिजनों को भूमि भी दी गई। सन् १९५५-५६ में संघ को अस्पृश्यता निवारण कार्य का प्रचार करने के लिए १ लाख रुपये के अनुदान की स्वीकृति दी गई और संघ को २० प्रतिशत धन जमा करने की विशेष छूट दी गई। मुझे बताया गया कि स्वीकृत अनुदान में से सिर्फ ४००० रुपये १९५५-५६ में व्यय हुये। संचालक का कहना है कि स्वीकृत राशि में से शेष धन १९५६-५७ में संघ द्वारा व्यय किया जाय।

पूर्व मध्य भारत हरिजन सेवक संघ, इन्दौर, रतलाम, धार और ग्वालियर में ४ छात्रावास चला रहा है। संघ कालिज के विद्यार्थियों के लिए एक भी छात्रावास नहीं चला रहा है। संघ को चाहिए कि कालेज के छात्र-छात्राओं के लिये शीघ्र ही छात्रावास शुरू करे।

पूर्व मध्यभारत की नगरपालिकायें हरिजनों के लिए अच्छे निवास स्थान बनाने की तरफ ध्यान दें। यदि राज्य सरकार स्थानीय चर्मकारों द्वारा बनाई गई चीजों पर से बिक्री कर हटा देगी, तो अच्छा होगा।

नीमाड़ जिले के मंडलेश्वर में मैंने १९५२ में स्थापित एक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस वर्ष छात्रावास में ५९ छात्र रहते हैं, जबकि यह संख्या पिछले वर्ष ८० थी। नीमाड़ जैसे बड़े जिले में छात्रावास में छात्रों को बहुत संख्या में प्रवेश मिलने पर विचार करना चाहिए। राज्य सरकार की तरफ से छात्रावास के कुछ भाग पर छत डालने के लिए टीन दिये जाने चाहिएं। छात्रावास के साथ ९ एकड़ भूमि भी संलग्न है जिसका उपयोग छात्रों को शास्त्रीय पद्धति से सामुदायिक कृषि शिक्षा देने के लिए किया जाना चाहिए।

महेश्वर में मैंने शासकीय हाथ करघा मिल देखा और यह देखा कि कारखाने की नीचे की जमीन कच्ची थी, ऊपर प्रकाश भी नहीं था और बिजली का भी कुछ प्रबन्ध नहीं था। राज्य सरकार को शासकीय कारखाने के हाथ करघे पर बनवाई हुई साड़ियों तथा शहरों में काम करने वाली सहकारी समितियों को बिक्री कर से मुक्त करने की सम्भावना पर विचार करना चाहिये।

धार में बसोड़ जाति के कई युवक मुझे मिले जिन्होंने अनुरोध किया कि सूअर पालन के विकास के लिए सहकारी समिति स्थापित की जाय। राज्य सरकार इस प्रार्थना पर विचार करे। यदि सम्भव हो तो सहकारी समिति स्थापित करने में उन्हें सहायता दे।

अलोत तहसील के ताल ग्राम में अस्पृश्यता निवारण का संघ द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया है ऐसा मैंने देखा। दालोदा में मैंने देखा कि सवर्ण लोग अस्पृश्यता को समूल नष्ट करने के प्रयत्न में सहायता नहीं दे रहे थे। हरिजनों के साथ मैं जिस मन्दिर में गया था, वहां मुझे दिखाई दिया कि सवर्ण हिन्दुओं ने और पुजारियों ने भी मन्दिर छोड़ दिया है। मुझें लगता है कि मन्दिर प्रवेश का प्रचार कार्यकर्त्ताओं द्वारा पहले से चालू होना चाहिए। रतलाम में मैं दो हरिजन बस्तियों में गया था। मुझे नगरपालिका द्वारा मिली हुई जमीन भी दिखाई गई, जिस पर इन लोगों को शायद बसाया जायेगा।

मैं नागदा से ४ मील की दूरी पर रूपेटा ग्राम में गया था। वहां २५० परिवार रहते हैं, जिनमें से ३० चमार तथा ३० बलाई परिवार हैं। मैंने हरिजनों तथा सवर्ण हिन्दुओं में जो सौजन्यतापूर्ण व्यवहार देखा उसके लिए हरिजन सेवक संघ के लोग बधाई के पात्र हैं। मैंने देखा कि नाभु नामक चमार जनरल सीट से ग्राम पंचायत में चुना गया। मैंने सामाजिक कार्यकर्त्ताओं को यह सूचित किया है कि ऐसा एक प्रयत्न किया जाय कि सवर्णों की स्त्रियों के साथ हरिजन महिलायें मंदिर में इकट्ठा होकर भजन कीर्तन करें।

विमुक्त जातियाँ—ग्वालियर से लगभग २० मील दूरी के मोरेना ग्राम के बेड़िया अधिवेशन के अवसर पर भाषण देने में गया था। इस जाति की महिलाओं ने वेश्यावृत्ति अपनाई थी। इन लोगों में कल्याण कार्य चलाने में मुख्य अड़चन यह है कि यहाँ प्रशिक्षित महिलाओं का अभाव है। इस जाति के लोगों ने मुझे आश्वासन दिया है कि वे अपना अनैतिक जीवन छोड़कर सभ्य जीवन वितायेंगे, यदि उन्हें उनके निर्वाह के लिए जमीन दी जाय।

मुझे बताया गया कि गूना में २०० पारधी लोगों के परिवारों को सोशल वैलफेयर बोर्ड द्वारा बसाने की योजना पर विचार हो रहा है। यह वांछनीय है कि ५० प्रतिशत अनुदान की रकम आदिमजाति कल्याण विभाग द्वारा दी जाय। राज्य सरकार द्वारा विमुक्त जातियों के कल्याण के लिए स्थापित ३ केन्द्रों में से मैंने २ केन्द्र देखे—एक विचोरा में और दूसरा नरसिंहगढ़ में। इन केन्द्रों में इन जातियों में उनका नेतृत्व पैदा किया जायगा और इनमें ही उनकी समस्याओं का अन्तिम हल निकलेगा। तहसील अलोत के ताल ग्राम को जाते समय कंजर जाति की कुछ महिलाओं ने पुलिस लोगों के द्वारा किये गये अत्याचारों के विषय में कहा। इस शहर की सरहद पर कंजर जाति के १७ परिवार रह रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने मुझे बतलाया कि इन जातियों के लोगों ने कई डकैती की हैं और वे लापता हैं। मैंने देखा कि इन लोगों के पास जमीन अथवा जीवनयापन के लिए कोई साधन नहीं है। मुझे पता है कि राज्य सरकार इन लोगों के पुनर्स्थापन के लिए एक उपनिवेश बसाने का विचार कर रही है।

बम्बई राज्य—भड़ोच जिले का राजपिपला क्षेत्र

इस दौरे का आयोजन मुख्यतया अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों की कल्याण कार्य की प्रगति जो हुई है, देखने के लिए किया गया था।

बम्बई सरकार द्वारा अस्पृश्यता निवारण की योजना के अन्तगत खोले गये दो संस्कार केन्द्र—एक मांगरोल में और दूसरा राजपिपला में—मैंने देखे। इन दोनों केन्द्रों का संचालन गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा किया जाता है, जिन्हें राज्य सरकार का अनुदान प्राप्त है। संस्कार केन्द्रों द्वारा बालवाड़ी केन्द्र, महिलाओं के लिए सिलाई केन्द्र, साधारण दवाईयों का वितरण, प्राथमिक उपचार तथा चिकित्सा केन्द्र, प्रौढ़ों के लिए सामाजिक शिक्षा केन्द्र, तथा नाटक, खेलकूद इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन मुख्यतया किया जाता है। ऐसा ज्ञात हुआ है कि यदि सवर्णों को दवाई की आवश्यकता होती थी तो उन्हें माँगरोल केन्द्र में आना पड़ता था, जो हरिजन निवास में स्थापित था। यह अच्छी कल्पना है क्योंकि सवर्ण लोग जोकि पुरातन विचारवादी हैं उन्हें कम से कम इस कारण से हरिजन निवास में जाना पड़ता था। उन केन्द्रों का काम भली-भाँति चल रहा है, ऐसा दिखाई पड़ा। फिर भी अधिक सवर्ण लोगों को केन्द्रों की तरफ आकर्षित करना जरूरी समझ कर यह सुझाया गया कि खेल कूद तथा मनोरंजन के साधारण कार्यक्रमों का कभी-कभी आयोजन किया जाय ताकि गाँव के सवर्ण लोगों को ऐसे कार्यक्रमों में उपस्थित होने के लिये बुलाया जाय। केन्द्रों के कार्यकर्ताओं ने शिकायत की है कि राज्य सरकार से उन्हें साल में एक बार ही अनुदान प्राप्त होता है, और पर्याप्त फंड के अभाव से उन्हें साल भर संस्कार केन्द्रों का कार्य चलाना कठिन हो जाता है। उनकी प्रार्थना है कि यदि सम्भव हो तो उन्हें हर तीन महीने के बाद अग्रिमधन अनुदान दिया जाय।

हरिजनों की प्रत्यक्ष क्या कठिनाइयां हैं, यह जानने के लिये उनकी एक सभा आयोजित की गयी थी।

मैंने झगड़िया के ग्राम पंचायत के आफिस को देखा और पंचायत के कार्य की जानकारी प्राप्त की। इस ग्राम म हरिजनों की जनसंख्या ४०० है, जबकि आदिवासियों की जनसंख्या इस ग्राम की कुल ६,००० आबादी में से २,००० है। इस पंचायत में १५ सदस्य हैं, जिनमें से एक हरिजन और पांच सुरक्षित सीटों में से ४ आदिवासी हैं।

झगड़िया में मैंने बणकर तथा खालपा हरिजन बस्तियों को देखा। इस उपनिवेश में २५ बणकर परिवार हैं जिनमें से प्रत्येक को ५ से ७ एकड़ तक जमीन दी गई है। बस्ती में बहुत घिचपिच होने से यह जरूरी था कि उन्हें अधिक प्लाट मकान बनाने के लिये दिये जांय। इन देहातों में खालपा लोगों के ५०-६० मकान हैं। प्रायः सबके पास जमीन थी, और वे किसानी कार्य करते थे। खालपा लोगों ने सहकारी गृह निर्माण समिति स्थापित की है। इस समिति को मकान बनाने के लिए उपयुक्त स्थान प्राप्त नहीं हुआ। भड़ोच जिलाधीश से जो हमारे साथ उपस्थित थे, प्रार्थना की गई कि वे स्वयं बणकर लोगों के गृह निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन दिलाने का प्रयत्न करें।

मैंने अपने राजपिपला, माँगरोल और झगड़िया के प्रवास में अस्पृश्यता के व्यवहार के बारे में पूछताछ की। यद्यपि राज-पिपला में अस्पृश्यता का पालन कट्टरता से नहीं किया जाता, तो भी माँगरोल में तथा झगड़िया में उसका व्यवहार कुछ तीव्णरूप से

विराजमान है। यद्यपि झगड़िया के वणकर और चमार बताते हैं कि उन्हें सार्वजनिक कुओं से पानी लेने के लिए मना नहीं किया गया तो भी यह ज्ञात होता है कि उन्होंने उन सार्वजनिक कुओं से पानी लेने का कभी प्रयत्न नहीं किया जिनका उपयोग सवर्ण लोग करते थे। बैकवर्ड क्लास वेलफेयर आफिसर ने कहा कि उन्होंने झगड़िया गाँव में एक बार हरिजनों के मन्दिर प्रवेश के विषय में प्रयत्न किया था किन्तु इसके पश्चात् हरिजन किसी भी मंदिर में नियमित रूप से नहीं जाते थे। इससे यह प्रतीत होता है कि इस क्षेत्र में अस्पृश्यता निवारण के लिए सामूहिक प्रयत्न की आवश्यकता है।

अनुसूचित आदिमजातियाँ—रामपुर में बसा हुआ राजपिपला विभाग सत्यधाम सर्वोदय संघ केन्द्र मैंने जाकर देखा। यह केन्द्र यहाँ के लोगों के कल्याण के लिए बहुरूपी कार्य करता है जैसा कि शराब बन्दी, सहकारिता, खादी कार्य इत्यादि। मैंने अपने प्रवास में इस क्षेत्र में कई स्थानों पर अनुसूचित जातियों के लिए चलाये जाने वाले दो प्राइमरी स्कूल तथा ४ छात्रावास देखे। माँगरोल के प्राइमरी स्कूल में ४ शिक्षक थे जिनमें एक हरिजन था। इस स्कूल में पीने के पानी की सुविधा नहीं थी। प्रधान अध्यापक को कहा गया कि वह इस सुविधा की तरफ ध्यान दे। पाठशालाओं तथा छात्रावासों का कार्य आम तौर पर ठीक चल रहा था। पिछड़े वर्ग के लिए एक छात्रावास उमखा में जून १९५५ में शुरू किया गया था किन्तु उसे अभी तक मान्यता नहीं मिली है। देहातों के लोग भी अपने फंड में से एक हाई स्कूल चला रहे थे और उन्हें छात्रावास चंदे से चलाना कठिन हो रहा था। इसलिये छात्रावास की देखभाल करने वाली समिति के सदस्यों ने मुझसे प्रार्थना की कि इस छात्रावास को मान्यता दिलाने के लिये राज्य सरकार को मैं अपनी सिफारिश भेजूं। मैंने राजपिपला के सामाजिक कार्यकर्त्ताओं की एक सभा की और उस क्षेत्र में चलने वाली कल्याण कार्य की प्रवृतियों के बारे में तथा अनुसूचित आदिमजातियों और हरिजनों की साधारण स्थिति के विषय में पूछताछ की। मेरे समक्ष दो महत्व-पूर्ण बातें उपस्थित की गईं :—

(१) जंगल विभाग द्वारा कुछ आदिवासियों को बिना आज्ञा जंगल की जमीन जोतने के कारण गिरफ्तार किया गया था और उनपर १० रुपये से ५० रुपये तक जुर्माना किया गया था। कुछ घटनाओं में तो १०० रुपये तक भी जुर्माना किया गया। उस जमीन पर खड़ी हुई झोपड़ियों को हटाया गया तथा जमीन का कब्जा ले लिया गया। कुछ आदिवासियों को जमीन और घर रहित कर दिया गया।

(२) इस क्षेत्र में यातायात के साधन बहुत कम हैं और पूरे विभाग में वर्षा ऋतु में इधर-उधर घूमना असम्भव हो जाता है।

पहली बात पर राजपिपला के विभागीय जंगल अधिकारी ने मुझे बतलाया कि जंगल की भूमि बढ़ाने की शासन की नीति के कारण उन्हें जंगल की भूमि में अनाधिकारी कृषि की रोकथाम के लिए विशेष निगरानी करनी पड़ती है। यह भी सुना गया कि लगभग ६ हजार एकड़ जमीन उपनिवेश में आदिवासियों द्वारा जोती जा रही थी। दूसरी बात के बारे में मैंने प्रांत अधिकारी से सुना कि राज्य शासन ने इस विभाग में आवश्यक मार्ग तैयार करने की स्वीकृति दी थी और काम भी चालू किया गया था। परन्तु इस सब-डिवीजन में पूरी यातायात की सुविधा होने में लगभग तीन वर्ष लगेंगे। पहली बात पर मैं यह कह सकता हूँ कि राज्य सरकार ने लगभग ६,००० एकड़ जमीन जंगल विभाग से आदिवासी लोगों को जंगल में बसाने के लिये दी थी। इसमें कुछ एकड़ जमीन यदि आदिवासियों ने जोत भी ली तो उससे जंगल विभाग में कुछ प्रभाव नहीं पड़ता। आदिवासियों के बारे में अधिक उदार बनना अच्छा होगा क्योंकि उनके पास उपयोग के लिये दूसरी जमीन नहीं थी। मैं इस प्रश्न को बम्बई प्रदेश के जंगल विभाग के मंत्री के समक्ष पेश करूंगा।

इस दौरे में मांगरोल के एक मन्दिर के अहाते में आयोजित अनुसूचित जातियों की सभा में मैं उपस्थित था। यहां आसपास के देहातों से तथा माँगरोल से आदिवासी इकट्ठे हुए थे जिन्होंने निम्नलिखित कठिनाईयाँ मेरे समक्ष रक्खीं :—

(१) मांगरोल के १० मील के क्षेत्र में एक भी दवाखाना नहीं था। अतः आदिवासियों को बहुत कठिनाई भुगतनी पड़ती थी। राजपिपला से डाक्टर को बुलाने में बहुत खर्च पड़ता था। अतः माँगरोल में एक अस्पताल खोलना अच्छा होता।

(२) यद्यपि जंगल में पड़ी हुई लकड़ी को दीमक खा जाती थी या वह बह जाती थी तो भी आदिवासी लोगों को उसका उपयोग करने की मंजूरी नहीं मिली। आदिवासियों को ऐसी लकड़ी उपयोग में लाने की मंजूरी, यदि मिल जाय, तो अच्छा होगा।

(३) पहले तो असागी (बीड़ी) के पत्ते एकत्र करने के लिए लाइसेंस था, किन्तु यह पद्धति बंद कर दी गई और जंगल विभाग अब उसका प्रतिवर्ष नीलाम करता है। पुरानी पद्धति फिर से शुरू करनी चाहिये।

(४) जंगल तथा पहाड़ों में रहने वाले आदिवासी बहुत ही गरीब हैं। अतः उनके लिये किसी कुटीर उद्योग की व्यवस्था करना अच्छा होगा।

(५) इस क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों को गलत मार्ग पर लाया जाता है। राज्य सरकार को चाहिए कि इन लोगों को अच्छी तरह मार्ग दर्शन कराया जाने के लिये कुछ प्रचार कार्यकर्ता नियुक्त करे।

मैंने अपने सामने रक्खे गये प्रश्नों की तरफ ध्यान देने का वायदा किया।

इसके बाद मैंने राजपिपला में समशेरपुरा विकास खंड जंगल उद्योग मजदूर उत्पादक सहकारी समिति देखी। कुल २४६ सदस्यों में से २४५ आदिवासी सदस्य हैं। गत दो वर्षों में समिति ने २,२१५ तथा ३,४६१ रुपये का लाभ उठाया है। समिति को चालू वर्ष में दो खंड दिये गये हैं। मैं जीतगड़, जूनाराज, धरोली देहातों में भी गया और इस क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों की स्थिति के बारे में पूछताछ की। धरोली ग्राम की कुल आबादी २,००० है, जिसमें से ५० प्रतिशत बसात्रा भील हैं। इस ग्राम के लिए पंचायत मंजूर हो गई है और वहां ९ सदस्य हैं जिनमें से २ अनुसूचित जातियों के हैं। इस देहात में बालकों की पाठशाला है जो कृषि का विषय लेकर बुनियादी तौर पर चलाई जाती है। पाठशाला में कुल २०१ लड़के हैं, जिनमें से ७७ भील लड़के हैं। वहां लड़कियों के लिए भी एक पृथक् पाठशाला चलाई जाती है जिसमें १०२ छात्रायें पढ़ती हैं जिनमें से १५ आदिवासी लड़कियां हैं। सरपंच तथा अन्य लोगों ने मुझसे शिकायत की कि सामूहिक योजना (कम्युनिटी प्रोजेक्ट) खतम हो रही है और धरोली के पशु अस्पताल में नियुक्त किये हुए स्टाकमैन को हटाया जा रहा है। उन्होंने प्रार्थना की कि मैं राज्य सरकार को लिखूं कि उनके खर्च से स्टाकमैन को वहां रखें। मजदूर लोग स्टाकमैन के लिए, यदि आवश्यकता हो, तो मकान बना देंगे।

राजपिपला के अस्पताल के निरीक्षण में मैंने आदिवासी लोगों की सर्वसाधारण बीमारियों के बारे में पूछताछ की। मुझे यह बताया गया कि इस क्षेत्र के कई आदिवासी क्षय के शिकार बने हुए हैं और इस रोग की रोकथाम करने के लिए कुछ विशेष उपाय करने की आवश्यकता है। मैंने यह भी सुना कि धरोली व राजपिपला अस्पताल में दवाईयों का पर्याप्त संग्रह नहीं है। दवाईयों के लिए अधिक प्रोविजन होना जरूरी है।

इस दौरे में मैंने जिले के अत्यन्त पिछड़े हुए क्षेत्र के विषय में जानकारी प्राप्त की। यहाँ सघन विकास योजना केन्द्रीय संचालित कार्यक्रम में शुरू की जानी चाहिये। सागवाड़ा क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा हुआ है। सब लोग मानते हैं कि यहाँ विकास खंड की आवश्यकता है। देदियापाड़ा तालुक यद्यपि उतना ही पिछड़ा है किन्तु सघन विकास के लिये अभी योग्य नहीं है क्योंकि यहां आबादी दूर दूर पर बसी है।

मैं झगड़िया में आदिवासी तथा अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों की साधारण सभा में उपस्थित था। यहाँ मैंने एक सार्वजनिक बाल मंदिर देखा। ३० बालकों को यहां शिक्षा मिल रही है। आदिवासी बालक हरिजन बालकों को मंदिर में नहीं जाते। मैंने मैनेजिंग कमेटी के लोगों को सुझाव दिया कि कुछ आदिवासी तथा हरिजन बालकों को आवश्यक फ्रीशिप देकर प्रवेश दिया जाये। इस काम के लिए मैंने उनसे कहा कि मैं सोशल वेलफेयर बोर्ड से इस संस्था के लिये १,००० रु० का अनुदान देने की सिफारिश करूंगा। कस्तूरबा प्रसूति गृह, झगडिया का मैंने निरीक्षण किया। यह प्रसूतिगृह जो पिछड़े वर्ग तथा अन्य सभी वर्गों के लिए है, अच्छा काम कर रहा है। राजपिपला विभाग में जो अत्यन्त पिछड़ा हुआ है, आदिवासियों में प्रचार करने तथा प्रदेश सरकार द्वारा जमीन सुधार कानून जो अभी राज्य विधान सभा द्वारा बनाया गया है, तथा अन्य रियायतें और सुविधाएं जो आदिवासियों को राज्य सरकारों द्वारा दी जा रही है और सरकारी कर्मचारियों के समक्ष अपनी शिकायतें तकलीफें पेश करने के लिये प्रचारकों की आवश्यकता है। मैंने धरोक में मंगलोर खपरैल प्रशिक्षण केन्द्र को देखा। यह केन्द्र सामुदायिक विकास योजना के अन्तर्गत खोला गया है। इस केन्द्र का कार्य अच्छा चल रहा है। इसमें ९ प्रशिक्षणार्थी थे, जिनमें ३ पिछड़े वर्ग के थे। यहाँ मंगलोर खपरैल बनाने के लिए योग्य जमीन होने से यह उद्योग अच्छी तरह से वृद्धि कर सकता है।

मध्य प्रदेश, मद्रास, बम्बई—१९ अक्तूबर से ५ नवम्बर १९५६ तक

मध्य प्रदेश (१९ अक्तूबर १९५६)—इस दौरे में सोशल वेलफेयर के इन्चार्ज मंत्री की अध्यक्षता में हुई सार्वजनिक सभा में मैं उपस्थित था जिसमें ८ चुने हुए देहातों को पुरस्कार वितरण का कार्य करने को मुझे कहा गया। अस्पृश्यता उन्मूलन कार्य में यह ग्राम सफल रहे थे।

मद्रास (२०-२३ अक्तूबर १९५६)—उटकमंड में नीलगिरी आदिवासी कल्याण समिति के उपलक्ष में द्वितीय आदिमजाति सम्मेलन तथा प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करने के लिए मुझे इस प्रान्त में जाने का अवसर मिला। आदिवासी लोगों का विशाल जनसमूह यहां इकट्ठा हुआ था और अनेकों आदिवासियों को खेलकूद, सभी उम्र वाले व्यायाम, कुश्ती, हस्तकला में सफल आदिवासियों को पुरस्कार वितरण किये गये। टोडा महिलाओं को जिनके पिछले वर्ष बच्चे पैदा हुए थे उनके अपने लिये तथा उनके बच्चों के लिये ऊनी कपड़े दिये गये। सर्वेन्ट्स आफ इण्डिया सोसायटी द्वारा निरगासीमंड में संचालित आवासीय टोडा स्कूल को मैंने देखा। यहाँ एक सूतिकागृह सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी द्वारा चलाया जाता है। किन्तु यहाँ उस समय तक केवल २ ही प्रसूतिकायें दाखिल हुई थीं। अतः यह केन्द्र सफलता से चल नहीं रहा है, क्योंकि आदिवासी उटकमेंड अस्पताल में जाना पसन्द करते हैं जहाँ उनके लिए ७ पलंग रखे गये हैं। अतः मेरा सुझाव है कि इस केन्द्र को बन्द कर दिया जावे और भवन का उपयोग छात्रावास के लिए किया जाये। परन्तु इस भवन को बढ़ाने की आवश्यकता है। निरगासीमेंड के इस सूतिकागृह के अतिरिक्त यहाँ और २ केन्द्र आगल में कोटा लोगों के लिए और कुंचपनाई में इरूला लोगों के लिये हैं। ये प्रधानमंत्री के ३०,००० रु० के अनुदान में से अच्छी तरह से चलाये जा रहे हैं।

कुनूर में मैंने सदगुरू सर्व समरस संघ, कुनूर के उपलक्ष में नीलगिरी जिला पहाड़ी आदिवासियों के द्वितीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। सम्मेलन में सब आदिमजातियों के लोग उपस्थित थे। वे टोडा, कोटा, इरूला, कुरुमन, पुलयन, पलियन, कादर आदि थे। मैंने श्री सदगुरू संघम द्वारा संचालित बोर्डिंग तथा आदिवासी आवासी पाठशाला देखी। इस समय इसमें ४४ कुरुमन बालक पढ़ते हैं। कुरुमन लोगों की संख्या ५० तक बढ़ाने और २० छात्राओं के लिये भी व्यवस्था करने का विचार है। मैंने राज्य सरकार द्वारा संसर्ग जन्य रोग, यौन के उन्मूलन के लिये चलायी जाने वाली चलती फिरती गाड़ी का निरीक्षण किया। इस चलती फिरती गाड़ी को शुरू करने से प्रतिवर्ष बालकों की जनसंख्या बढ़ रही है। कुल जनसंख्या १९५३ से १९५६ तक प्रति वर्ष ३० के हिसाब से बढ़कर लगभग १२० हो गई है। मैंने अनुसूचित जातियों के लिये स्थापित ठक्कर बापा औद्योगिक स्कूल देखा। मद्रास में मैंने द्वितीय पंचवर्षीय योजना के बारे में राज्य सरकार की योजनाओं पर विचार विमर्श किया।

बम्बई राज्य (२५ अक्तूबर से ५ नवम्बर)—हरिजन विद्यार्थी सहायक मंडल, पूना द्वारा निर्मित छात्रावास भवन का मैंने उद्‌घाटन किया। पूना मंडल ने इस संस्था के लिये अच्छी बस्ती में जमीन दी है और बम्बई सरकार ने ११,५०० रु० इस भवन के निर्माण के लिये अनुदान में दिये हैं। इस छात्रावास के भवन पर २५,००० रु० के ऊपर खर्च हुआ है। यह छात्रावास भवन केवल अनुसूचित जाति के आधे बालकों के लिये पर्याप्त होगा और यदि राज्य सरकार आर्थिक सहायता दे तो इस भवन के विस्तार के बारे में विचार है और इसके लिये उन्होंने अधिक धन एकत्र करने को सोचा है। बम्बई सरकार को छात्रावास भवन के निर्माण के लिये २५,००० रु० से ५०,००० रु० तक अपना अनुदान बढ़ाने के बारे में लिखना चाहिये ताकि यह संस्था अपनी बिल्डिंग बढ़ाने के लिये इस अनुदान का लाभ उठा सके।

मैंने पूना में विमुक्त जातियों की मुडवा की सर्वोदय सहकारी कृषि समिति देखी। यह समिति भली भांति नहीं चल रही है। गत ३ वर्षों के अनुभव से यह स्पष्ट हो गया है कि सामूहिक तौर पर इस संस्था को चलाना अव्यवहार्य होगा। चूंकि प्रत्येक सदस्य अपने कृषि कार्य में दिलचस्पी लेकर काम करेगा। अतः टेनेंट के रूप में जमीन देकर यह काम चलाना अधिक लाभदायक होगा। पानी के करों की शेष रकम तथा जमीन का लगान आदि केन्द्रीय शासन के अनुदान में से दिया गया जब कि यह सहायता इस उद्देश्य के लिये नहीं थी। आदिवासी सेवा मंडल, थाणा द्वारा चलाई गई संस्थाओं को मैंने देखा। इस संस्था द्वारा २५ सहकारी समितियाँ अच्छी तरह से चलाई जा रही हैं। इन संस्थाओं का शेयर धन ४०,००० रु० है तथा रिजर्व (सुरक्षित धन) १,२४,००० रु० तथा अन्य फंडों की रकम ३,००,००० रु० है। चूंकि उन्होंने बैंकों से उधार नहीं लिया, अतः यह उनके लिये श्रेयस्कर है। माल की बिक्री की रकम १७,९५,००० रु० और ३०-९-५६ को हाथ में स्टाक १,१५,००० रु० का था। उन्होंने १,६६,३६० रु० का मुनाफा दिखाया। मैंने सर्वोदय केन्द्र कासा देखा और कोसबाद का कृषि फार्म भी जो आदिवासियों के लिये एक आदर्श कृषि फार्म है।

मैं तलबाड़े के आश्रम स्कूल और अस्पताल को देखकर बहुत प्रसन्न हुआ। दोनों ही स्कूल तथा अस्पताल अच्छी तरह से चल रहे हैं। कोसबाद का कृषि फार्म आदिवासियों के लिये जनता कालिज में परिवर्तित किया जा सकता है। इस फार्म द्वारा इस क्षेत्र के आदिवासियों की कृषि पद्धति के विकास में काफी सुधार करने में सहयोग दिया गया है। कैनाद का केन्द्र भी श्री नागोलकर तथा उनकी पत्नी द्वारा सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। वह आदिवासियों में सहकारी कृषि समिति को विकसित कर रहे हैं और आदिवासी कल्याण के लिये उन्होंने विविध कार्य शुरू किये हैं।

मैंने जंगल विभाग के मंत्री, उपमंत्री, सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा पिछड़े वर्ग के उपमंत्री से भी विचार विमर्श किया।

हिमाचल प्रदेश—६ नवम्बर से १२ नवम्बर १६५६ तक

रामपुर बुशहर हिमाचल प्रदेश के महासू जिले में है। वहाँ पर भारतीय आदिमजाति सेवक संघ की तरफ से हरिजन और आदिवासियों के अधिवेशन की व्यवस्था की गई थी। इसी सिलसिले में मैंने तीन दिन के लिये वहाँ दौरा किया। गृह मंत्रालय के मंत्री, श्री बी० एन० दातार द्वारा इस सम्मेलन का उद्‌घाटन किया गया।

शिमला में मैंने अनुसूचित जातियों के लड़कों के लिये खोली गई शिक्षा संस्था देखी जहाँ अधिकतर मेहतर जाति के और शिमला म्युनिसिपेलिटी के सफाई विभाग वालों के लड़के ही थे। इस संस्था में ३२ लड़के और लड़कियाँ पढ़ रही थीं और उनकी देखभाल अच्छी तरह से की जा रही थी। इस संस्था को राज्य सरकार से प्रोत्साहन मिलना चाहिये। १३,००० रुपयों की मंजूरी मिलने पर भी नारकण्डा में पानी की सुविधा के लिये नल लगाने का काम बहुत ही धीरे चल रहा है। लोक-विभाग कार्य के अधिकारियों को जहाँ तक हो सके जल्दी से जल्दी यह काम पूरा करने के लिये कहा जाना चाहिये। लावी मेले में आये हुये, अनुसूचित जाति के किन्नर और गद्दी लोगों से मिलने का मुझे अवसर मिला जो भीतरी और सीमान्ती क्षेत्रों से आये हुए थे। कुल्लू और स्पिति घाटियों में से भी आदिवासी आये थे। लावी मेले में १००० मन पश्मीने तथा २००० मन तक ऊन का क्रय विक्रय होता है। सूखे फलों की भी बहुत बिक्री होती है। इस मेले में ऊन और पश्मीने से तैयार चीजों की एक छोटी सी प्रदर्शनी लगाई गई थी। कुछ वस्तुओं में कला और नमूना बहुत ही सुन्दर था। यह सब देखकर मुझे ऐसा लगा कि वहाँ की सूखी मेवा और तैयार की गई चीजों से वहाँ के लोगों को यथायोग्य सीमा तक अच्छा लाभ हो, यदि रामपुर बशहर में एक सहकारी समिति खोल दी जाये। यातायात की सुविधाओं की कमी होने के कारण चीनी प्रदेश में चिलगोजा बहुत ही सस्ता बेचा जाता है और अंगूर, नाशपाती जैसे ताजे फलों का सर्वनाश होता है। किसी भी प्रकार रामपुर से सरहान तक का मार्ग तैयार करने का काम चल रहा है और उस मार्ग को अगले दो वर्षों में चीनी तक बढ़ा देने का विचार है। फल उत्पत्ति को प्रोत्साहन देकर उनके माल को बाहर ले जाने के लिये यातायात की सुविधाएं उत्पन्न करना ही एक बहुत प्रभावकारी उपाय है, जिससे इन पहाड़ियों पर और किनारे पर रहने वाली अनुसूचित आदिमजातियों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। कूल्ह से नल लगाकर और कुएं खोदकर पीने के पानी की सुविधायें भी उन्हें देनी चाहियें। चीनी प्रदेश में कूल्हों का निर्माण भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस समय बहुत एकड़ जमीन, पूरा पानी न मिलने के कारण इन लोगों के उपयोग में नहीं आ रही है।

रामपुर बुशहर की जिला योजना समिति की सभा में मैं उपस्थित था। वहां पर बहुत सी योजनाओं को कार्यान्वित करने में जो देरी होती है, उन अड़चनों का विवरण दिया गया। मैं यह विषय अलग ही भारत सरकार के सामने रख रहा हूँ और शिफारिश कर रहा हूं कि प्रत्येक वर्ष के जनवरी मास के आखिर तक अनुदान की मंजूरी राज्य सरकारों को मिलनी चाहिये क्योंकि राज्य सरकारों का कार्यमौसम जो सिर्फ अप्रैल से अक्टूबर तक ही, विशेषतः पांगी और चीनी क्षेत्र में रहता है, अपने लक्ष्यों को पूरा करने में समर्थ हो सकें। दूसरी अड़चन कर्मचारियों की कमी की थी। मेरा यह अनुभव है कि यदि द्वितीय योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करना है तो प्रशासनिक व्यवस्था को सुधारना आवश्यक होगा। मैंने सुझाव दिया कि बम्बई और उड़ीसा सरकारों के स्कूल की तौर पर दो आश्रम पाठशालाएँ अनुसूचित आदिमजातियों के लिये पांगी और चीनी क्षेत्र में अनुसूचित आदिमजातियों के लिये खोली जावें और यदि ये सफल हो जावें तो अगले वर्ष में इनकी संख्या बढ़ा दी जाये। सिंचाई के लिये पानी देने की ग्रामीण योजना के बारे में मैंने सरकार को २,००,००० रुपयों की अधिक रकम सहायता पूरे प्लान के लिये देने की सिफारिश की है। यह धन "ट्रेनिंग कम-उत्पादन केन्द्र" के मदों में जो बचत होगी उसमें से दिया जाय क्यों इसके लिये पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षणार्थी नहीं आ रहे हैं।

राज्य के महासू जिले में सब से अधिक अनुसूचित जाति के लोग हैं। मुझे देखकर खुशी हुई कि रामपुर बुशहर तहसील के आसपास के अनेकों मंदिर हरिजनों के लिये खोल दिये गये और हरिजन सेवक संघ द्वारा किये जाने वाले प्रचार को सफलता मिली है। फिर भी ग्रामों के कुछ स्थानों में कुंओं से पानी लेना हरिजनों को मना है। हरिजन सेवक संघ को चाहिये कि इस क्षेत्र के लिये एक या दो और प्रचारकों के नियुक्त करने के प्रश्न पर विचार करे।

मैंने देखा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग में टेक्निकल कार्यकर्ताओं की कमी है और आवश्यक मजदूर भी सड़कों तथा अन्य कार्यों के लिये मिल नहीं रहे हैं। इसका का कारण यही है कि यहाँ मजदूरी के भाव कम हें जिसका केन्द्रीय निर्माण विकास द्वारा विचार किया जाना चाहिए। अत्यन्त अंदरूनी क्षेत्रों में जो कर्मचारी काम करते हैं, उन्हें पर्याप्त भत्ता मिलना चाहिये जो पंजाब सरकार द्वारा लाहौल और स्पिति में दिया जाता है राज्य सरकार द्वारा अनाज की दुकानें खोलने के लिये उचित अनुदान भी देना चाहिये। अधिकारियों

तथा मजदूरों के लिये जो कि यातायात के प्रमुख भागों से दूर हैं तथा जनवरी-मार्च में जब आवागमन के साधन बंद हो जाते हैं, उस समय पर उन्हें अनाज मिल सके, ऐसी दुकानें खोलने के लिये उचित अनुदान भी दिया जाना चाहिये ।

मेरा सुझाव है कि अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े हुये क्षेत्र का प्रतिनिधि परामर्शदात्री परिषद् में नामजद किया जाना चाहिये । इससे सीमान्तवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों में आवश्यक विश्वास उत्पन्न होगा ।

बम्बई प्रदेश—७ दिसम्बर से २० दिसम्बर १९५६ तक

छोटा उदयपुर और जाबूग्राम के दो तालुक आश्रम स्कूल तथा उचापन ग्राम की एक पाठशाला मैंने देखी । दुर्भाग्य से इस सम्पूर्ण क्षेत्र में एक मिडिल स्कूल है । परन्तु यहां बहुत सी प्राइमरी पाठशालाएं खोली जा रही हैं, जिससे यह कहा जा सकता है कि यहां मिडिल स्कूल की ही नहीं, बल्कि हाई स्कूल की भी आवश्यकता है जिसके साथ एक आदिवासी छात्रावास भी खोला जाये । श्री जेतपुर डूगरवंत विभाग जंगल मजदूरों की समिति लिमिटेड नामक जंगल सहकारी समिति एक बोर्डिंग स्कूल रामपुर ग्राम में चला रही है जिसे अभी शिक्षा विभाग से मान्यता नहीं मिली है । इसे अभी दस एकड़ भूमि की जरुरत है जिससे स्कूल को आवास स्कूल में परिणत किया जायेगा तथा वह कृषि आधार पर चलेगा । मैं सिफारिश करता हूं कि यह जमीन स्कूल के लिये दी जाये । छोटा उदयपुर तालुके में जोज नामक एक ग्राम है वहां के एक दूसरे बोर्डिंग स्कूल को देखने मैं गया था । यह बड़े सुन्दर मकान में स्थित हैं । इसकी कुल ९ एकड़ जमीन है और एक कुंआ भी साथ में है । एक छोटी सी फुलवाड़ी और सब्जियों की बाड़ी भी ठीक ढंग से लगाई गई है । बोर्डिंग में रहने वाले लड़के जमीन में खेती करने में मदद करते हैं । मैं सुझाव देता हूं कि इस स्कूल के एक मील के क्षेत्र में आने वाले प्राइमरी स्कूल बंद किये जायें और बच्चों के माता पिता से अपने लड़के इस स्कूल में भेजने का आग्रह करना चाहिये जो बेसिक शिक्षा के आधार पर चलेगा । रंगपुर के आश्रम स्कूल को भी अधिक जमीन की जरुरत है और उसे मिलनी भी चाहिये, क्योंकि यहाँ पर लड़कों के लिए कृषि बेसिक शिक्षा का मुख्य धंधा बनेगा । इस स्कूल का मकान बहुत ही अच्छा बना हुआ है यद्यपि उसमें स्टेट गवर्नमेंट से मंजूर हुई सहायता में से ९,००० रु० ज्यादा खर्च हुआ है । इस आश्रम स्कूल को अधिक खर्च का ५० प्रतिशत भी राज्य सरकार को देना चाहिये ।

इन पिछड़े हुए क्षेत्रों की जंगल सहकारी समितियां सन्तोषकारक रूप से चल रही हैं, जैसा कि जेतपुर डुंगरवंत विभाग जंगल मजदूर सहकारी समिति ने बड़ा मुनाफा ४५,००० रु० का किया है । परन्तु इसमें से १७,००० रु० अनुसूचितजाति के ५८० उम्मीदवारों में वितरित किये गये हैं । उम्मीदवारों में से अधिकतर अनुसूचित जाति के कोली और नायक हैं । पीतल के बर्तन तथा अन्य वस्तुएं बनाने वाले मजदूरों को ४,००० रु० बोनस दिया गया है । तो भी बम्बई सरकार ने अभी तक के दो वर्ष (१९५५-५६ और १९५६-५७) के लिये समिति को दी गई कूपों की निर्धारित कीमत निश्चित नहीं की है । निर्धारित कीमत निश्चित करने के लिये शीघ्र कदम उठाये जाने चाहियें, जिससे समिति का पिछले दो वर्ष का हिसाब ठीक हो सके । १९५० और १९५४ वर्ष के बीच छोटा उदयपुर तालुक में सात मजदूर सहकारी समितियाँ संयोजित की गई हैं । ठेकेदारों को मुक्त कर दिया गया है और अनुसूचित जातियों के शोषण का काम बहुत हद तक खतम कर दिया गया है । इस समिति के सभासदों की पूरी संख्या लगभग १३५० है और उसमें लगभग ३०,००० आदिवासी मजदूरों को काम प्रदान किया गया है । यहां मेज़ कुर्सियां तैयार होती हैं और जनता को सीधी बेची जाती हैं । वहाँ एक लकड़ी चीरने का कारखाना समिति ने चालू कर दिया है । मैं सुझाव देता हूं कि आदिवासी लड़कों को कारखाने की उद्योगशाला में बढ़ई का काम सिखलाया जाना चाहिये ।

मुझे छोटा उदयपुर में आदिवासी क्षेत्र देखने का मौका मिला था । यह सन्तोष की बात है कि, कान्त ग्राम में एक पानी के लिये हौज बनाया गया है जहां पर आवश्यक आरोग्यकारी ओषधियों की भी व्यवस्था की गई है । छोटा उदयपुर में अधिकतर अनुसूचित क्षेत्र से आये हुये अध्यापिकों को शिक्षा देने के लिये शिक्षण केन्द्र शुरू किये गये हैं । ऐसे और तीन केन्द्र खोलने का विचार किया गया है ।

राजस्थान—२८ दिसम्बर से ३० दिसम्बर १९५६ तक

जयपुर में जब सामाजिक कार्य की इंडियन कौंसिल की उपसमिति की सभा में मेरा नाम नियुक्त किया गया, तो मैंने भी वहां एक छोटा सा दौरा किया । इस उपसमिति में गैर-सरकारी संस्थाओं को दिये जाने वाले अनुदान या आर्थिक सहायता के नियमों के विषय में चर्चा की गई । मैं भी ग्रुप समिति की सभा में नियुक्त किया गया था जो समाजकल्याण विषय पर चर्चा करने के लिये थी ।

——

SJ ९८ (५७)—विश्व भारतीय प्रेस, नई दिल्ली—२५००